e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 251

सुविचार
अगर आप जिंदगी में कुछ हासिल करना, चाहते हो तो मेहनत से दोस्ती कर लो !

# प्रभात मंत्र

बुधवार
13.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

भारतीय रिज़र्व बैंक · RESERVE BANK OF INDIA · आर बी - आय ओ एस RB - IOS
G20 भारत 2023 INDIA



## रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना

शिकायत दर्ज करने के लिए
https://cms.rbi.org.in
पर जाएँ

## आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा

30 दिनों के भीतर शिकायतों का निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंकों/एनबीएफ़सी/क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों/पेमेन्ट प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, आप उनकी शिकायत आरबीआई लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं

ऑनलाइन https://cms.rbi.org.in पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ - 160017 पर शिकायत दर्ज़ करें

अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें शामिल हैं

अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली (https://cms.rbi.org.in) पर देखें

अधिक जानकारी के लिए **14448** पर कॉल करें.
समय: कार्यदिवसों पर, राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर:
- हिंदी और अंग्रेजी के लिए सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक
- 10 क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) के लिए सुबह 9:30 बजे से शाम 5:15 बजे तक




जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/** पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

**संक्षिप्त खबरें**

### प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** स्कूली बच्चों का प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 13 और 14 सितंबर को पड़वा के मध्य विद्यालय लोहडा के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी पंडवा बीईईओ हरेंद्र तिवारी ने दी। कहा कि बुधवार को 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों का खेल होगा व गुरुवार को 17 और 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कहा कि प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को जिला स्तर पर भेजा जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए शिक्षक नेता रामानुज प्रसाद को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है तथा शिक्षकों की एक टीम गठित की गई है जिसमें अभय कुमार द्विवेदी, शशि भूषण सिंह, राजीव रंजन तिवारी, आनंद पांडेय, विकास पटेल, लाल बहादुर, शिक्षिका अंजलि सेंगर, सुजाता सिंह व नीतू कुमारी का नाम शामिल है।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में रामगढ़ प्रखंड से आये छात्राओं ने आंगनबाड़ी सेविका के विरुद्ध सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलाने के एवज में रिश्वत लेने की शिकायत उपायुक्त से की। पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुडी के ग्रामीणों ने उपायुक्त से अपने क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार अनिल कुमार यादव की शिकायत किया कि इनके द्वारा एक ही व्यक्ति का दो-दो राशन कार्ड बनाकर एवं मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन गबन किये जाने की शिकायत की। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र के मुख्तार हुसैन ने उपायुक्त से वृद्धा पेंशन देने की गुहार लगाया। इसी तरह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र की बेबी कुमारी ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगाई। इसी तरह मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के मुनारिक राम ने उपायुक्त से अपने जमीन का सीमांकन कराने का अनुरोध किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## पलामू पुलिस ने की चोरी हुई टेंपो के मामले का उद्वेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर पलामू पुलिस अधीक्षक रश्मि रामेश्न ने मंगलवार को छतरपुर एसडीपीओ कार्यालय में देवरी ओपी झेत्र में चोरी हुई टेंपो के मामले का उद्वेदन कर लिया गया। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर को देवरी से अरुण यादव का टेंपो चोरी हो गई जिसकी सूचना अरुण यादव के द्वारा देवरी ओपी को दी गई उसके बाद तत्काल थाना प्रभारी इंद्रदेव राम के नेतृत्व में अखिलेश साहनी व आरक्षियों के साथ मिलकर छानबीन की गई। छानबीन में पता चला कि बिहार राज्य के रोहतास जिला अंतर्गत डेहरी ऑन सोन के चुना फैक्ट्री के पास आरोपी रामानंद चौधरी उर्फ रमन चौधरी पिता रणजीत चौधरी देवरी कला, अभिषेक कुमार उर्फ भोरू पिता उदय यादव देवरी कला के द्वारा टेंपो को लगाकर रखा गया है। तत्काल थाना प्रभारी इंद्रदेव राम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर टेंपो को जप्त कर लिया। गौरतलब हो कि देवरी से जेएच 03 जे 8763 टेंपो की चोरी कर ली गई थी। इस पर तत्काल थाना प्रभारी चोरी के मामले का उद्वेदन करने का निर्देश दिया गया था।

## राम मंदिर निर्माण के लिए गुरु पांडे ने दिए 5 लाख रुपये की राशि



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बुढ़ीवीर गांव में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। इसमें समाजसेवी अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने 5 लाख रु देने की घोषणा की है। मंगलवार को मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में श्री पांडेय ने इसकी घोषणा की। मौके पर उन्होंने कहा कि मंदिर श्रद्धा व आस्था का केंद्र होते हैं।हमें मंदिर निर्माण, संरक्षण व संचालन में अपनी सहयोगात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुढ़ीवीर का श्री राम मंदिर भव्य बनेगा। इसके लिए वे भविष्य में भी सहयोग करते रहेंगे। मंदिर निर्माण में सभी लोग तन मन धन से लगकर कार्य करें। कहा कि मंदिर परिसर को स्वच्छ व साफ सुथरा बनाए रखें। मौके पर समाजसेवी गुरु पांडेय ने मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। बैठक में महेंद्र चौरसिया जितेंद्र चौरसिया सुरेंद्र प्रजापति मुखिया अरविंद तिवारी शशि चंद्रवंशी सीता साहू विकास पाठक, कृष्ण यादव सुनील यादव महेंद्र यादव अर्जुन चौरसिया नागेश्वर साव समेत सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता शुरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता आरंभ हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीएम रेखा कुमारी, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार राय सहित अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । बीपीएम ने कहा कि खेल से बच्चों में एकजुट होकर प्रयास करने का गुण तथा नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी स्तर के सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रखंड स्तर के विजेता खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने जाऐंगे। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं के कबड्डी जूनियर के लिए राजकीय कन्या मध्य विद्यालय हरिहरगंज तथा सीनियर वर्ग में बालिका उच्च विद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र जूनियर वर्ग में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर तथा सीनियर वर्ग में सीता प्लस टू उच्च विद्यालय हरिहरगंज के खिलाड़ी अव्वल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक हरिद्वार प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक ओरेन्द्र यादव, नीतीश कुमार, प्रणव कुमार, नवीन कुमार, संजीव कुमार, पूजा कुमारी, ममता कुमारी, रिंकू कुमार, मोहम्मद कौशर आलम, पीयूष कुमार, आलोक कुमार, भरदुल पासवान, अब साद, राजकुमार रवि, सलमा लकड़ा, विवेक कुमार, नीरज कुमार, उदय कुमार, नरेंद्र रवि आदि उपस्थित थे।

## प्रमोद कुमार रवि को पार्टी से निष्कासन पर बसपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज-हुसैनाबाद में बसपा के रीढ़ माने जाने वाले प्रमोद कुमार रवि को बसपा से निष्कासित करना शुभ संकेत नहीं है। प्रमोद कुमार रवि हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में विगत 25 वर्षो से बसपा मे बेहतर अनुभव एवं निष्पक्षता के साथ एक अच्छे कार्यकर्ता के रूप मे साबित हुए हैं। इसका प्रमाण क्षेत्र के मतदाता देंगे। उक्त बातें बसपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सतगावां में बैठक के दौरान कही। कहा कि बसपा के प्रदेश प्रभारी द्वारा प्रमोद कुमार रवि को पार्टी से निष्कासित करना हरिहरगंज प्रखंड कमिटी इसका विरोध करती है। तथा प्रदेश प्रभारी द्वारा लिए गए फैसलों को वापस नहीं लिया गया तो सभी कार्यकर्ता सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा देंगे। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष इंद्रदेव भारती, प्रखंड सचिव, रवि कुमार रवि, त्रिपुरारी राम मीडिया प्रभारी सुशील कुमार रवि, राजकुमार, पिंटू बौद्ध, नगर पंचायत कोषध्यक्ष राजू पासवान, मंगलदेव भारती, बालचंद कुमार, अवध दास, कृष्णा कुमार, उमेश कुमार, किशोर कुमार, अनुज पासवान, श्यामउदित पासवान, गोबिंद कुमार, संतलाल राम, रमन राम,अवधेश राम सहित कई बसपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता ने डीएसई को आवेदन सौंप कर मांगी जानकारी



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार को आवेदन सौंप कर गत 11 सितंबर को मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में भाजपा का राजनीति कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अनुमति देने संबंधी जानकारी मांगी है। सौपे गए आवेदन में श्री दुबे ने कहा है कि उक्त विद्यालय के मैदान में विद्यालय संचालन अवधि में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति किन परिस्थितियों में दी गई। यदि अनुमति नहीं दी गई तो बगैर अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों की पढ़ाई बाधित की गई। इस परिस्थिति में डीएसई द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में डीएसई ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। श्री दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को बच्चों एवं उनके भविष्य से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने विद्यालय संचालन अवधि में मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर घंटों तक राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित रही। स्कूल आने के बाद भी बच्चे कुछ पढ़ाई नहीं कर सके। श्री दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक अपने स्वार्थ्य सिद्धि के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। आम जनता की परेशानियों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। उनका बस एक ही मकसद है चाहे जैसे भी हो, लोगों को कितनी भी परेशानी हो उनका अपना काम होना चाहिए। श्री दुबे ने कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करना, उनकी पढ़ाई बाधित करना कहीं से भी उचित नहीं है। यह एक अक्षम्य अपराध है। यदि डीएसई इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं करते हैं तो झामुमो आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी : राजन पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा समग्र शिक्षा के तहत खेलो झारखंड प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू हुआ। विश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित इस प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। श्री पांडेय ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी है। खेल से बच्चों का शारीरिक,मानशिक व बौद्धिक विकास होता है। खेलो झारखंड के अंतर्गत एथेलेटिक्स, जैवलिन-थ्रो, हॉकी, कबड्डी सहित कई प्रतियोगिता हुई। जिसमे प्रखंड के कई सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों के विजयी प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर बीपीओ मणि पांडेय, बीआरपी मनोज कुमार पाठक, सीआरपी कृष्णा कुमार, किशोर दुबे, मुकेश तिवारी, अजित तिवारी, श्याम शुन्दर वर्मा, मनोज द्विवेदी, वीरेंद्र शर्मा, रंजीत बक्सराय, प्रेमशीला कुमारी, अनिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अकरम रजा खान, चंदन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## जिले के एसपी ने स्वामी जी का दर्शन कर लिया आशिर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा जिले के नव पदस्थापित आरक्षी अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय मंगलवार को श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के चातुर्मास्य स्थल पाल्हे जतपुरा गांव पहुंचे. यहां उन्होंने श्री स्वामी जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ल, सचिव अनीश कुमार शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, उमेश शुक्ल, धर्मेंद्र चौबे, नवनीत शुक्ल, आचार्य नरसिंह नारायण शुक्ल आदि ने एसपी को शॉल ओढ़ा कर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि यज्ञ में जितना अधिक सहयोग हो सकेगा मैं करूंगा। सुरक्षा का पुख्ता व्यवस्था किया जाएगा। एसपी ने कहा कि श्री स्वामी जी का इस क्षेत्र में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होना गढ़वा जिला वासियों के लिए बहुत बड़ा धार्मिक उपलब्धि है। मौके पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, प्रशांत चौबे, दीपक शुक्ल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ने मुद्रा लोन, क्रेडिट लिंकेज, लाइवलीहुड फार्म, ऑर्गेनिक फार्मिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, जोहार परियोजना, उड़ान परियोजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, दीदी बगिया, आदि की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 950 एकड़ लक्ष्य के विरुद्ध 888 एकड़ स्थल चयन होने पर नाराजगी प्रकट की साथ ही जोहार परियोजना के तहत किये जा रहे लाह की खेती, बकरी पालन, और मुर्गी पालन की भी जनकारी ली। उन्होंने बैम्बू क्राफ्ट से बने सामग्रियों को बाजार में उतारने की दिशा में कार्ययोजना बनाने की बात कही.वहीं रामगढ़ व मनातू जैसे ग्रामीण क्षेत्र में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने पर बल दिया। मौके पर जेएसएलपीएस के डीपीएम बिमलेश कु शुक्ला, सभी प्रखंडों के बीपीएम, बीपीओ, वाईपी समेत अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने को ले डीसी ने की बैठक




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जिले में सभी छुटे हुए योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड कैसे बनाया जाये इस पर कार्य योजना बनाया.उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को इस कार्य में सक्रियता से काम करने हेतु निर्देशित किया.इस कार्य हेतु उपायुक्त श्री रंजन ने ट्रेनी आईएएस रवि कुमार को नोडल पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया। **जितने राशन कार्ड धारी हैं उन सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश :** उपायुक्त ने बैठक में डीएसओ को राशन डीलर वार कार्डधारियों की सूची हेल्थ विभाग को सौंपने के निर्देश दिये साथ ही यह सूची बीडीओ व संबंधित प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को भी देने की भी बात कही.इसी तरह सभी पंचायत के कार्डधारी को चिन्हित करते हुए सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। **छः सदस्यीय टीम गठित, कार्ड बनाने हेतु सहियाओं को प्रशिक्षण देने के निर्देश :** जिले में कार्ड बनाने में तेज़ी लाने हेतु डीसी ने छः सदस्यीय टीम भी गठित किया जो मिशन मोड में कार्ड बनाने को लेकर कार्य करेगी। इसके साथ ही जिले की सभी सहियाओं को प्रखण्डवार प्रशिक्षण देने की भी बात कही.उन्होंने सभी को टीम वर्क के साथ सभी योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने पर बल दिया.उपायुक्त ने ब्लॉक सप्लाई ऑफिसर, प्रज्ञा केंद्र व अन्य सभी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए शत-प्रतिशत लाभुकों का कार्ड बनाने की बात कही.एनआईसी के साभार में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त,सहायक समाहर्ता, डीएसओ,सिविल सर्जन,डीआईओ,डीपीएम हेल्थ व आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनटोर मौजूद रहे वहीं वर्चुअल मोड से सभी बीडीओ व प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी जुड़े रहें।

**विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में बिछेगा सड़को का जाल : रामचंद्र चंद्रवंशी**

## विश्रामपुर, पांडु, उंटारी व नावाबाजार प्रखंड में सौ करोड़ 86 लाख लागत से बनेगा 23 सड़क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछेगा.विस क्षेत्र का कोई भी मुख्य व ग्रामीण सड़क कच्चे का नही रहेगा। सबका पक्कीकरण कराया जायेगा। श्री चंद्रवंशी मंगलवार को विश्रामपुर के आरसीआइटी कॉलेज में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर, पांडु, उंटारी व नावाबाजार प्रखंड में सौ करोड़ 86 लाख की लागत से 23 सड़कों का पक्कीकरण होगा.जिसकी स्वीकृति झारखंड सरकार द्वारा मेरे प्रयास से मिली है.जिसमे से 75 प्रतिशत सड़क योजनाओ का निविदा प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है.शेष 25 प्रतिशत योजनायें निविदा स्तर पर पहुचने की प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर प्रखंड में 13, पांडु प्रखंड में आठ,नावाबाजार प्रखंड में दो व उंटारी रोड प्रखंड में दो सड़के बनेगीं। सभी 23 सड़के गांवों को मुख्य मार्ग या प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ेगी। श्री चंद्रवंशी ने जनता को आगाह करते हुये कहा कि चुनाव लड़ने की मंशा पाले हुये कुछ तथाकथित समाजसेवी सस्ती लोकप्रियता हेतु कच्ची सड़को के मरम्मत के नाम पर लोगो को बेवकूफ बना रहे है, उनसे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने आम लोगो से अपील किया है कि जो भी जनहित की योजनायें छूट गयी हो तो मुझे अवगत कराएं, उसका भी क्रियान्वयन कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का पूर्ण विकास ही मेरा एक मात्र लक्ष्य है। जिसे हासिल करने के लिये दिन-रात लगा रहता हूँ.जल्द ही विश्रामपुर झारखंड के अग्रणी विधानसभा क्षेत्र के रूप में जाना जायेगा। प्रेसवार्ता में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव व नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय भी मौजूद थे।

## झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में साहिबगंज 5-3 से रहा विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन चितबिश्राम ग्राम स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को किया गया। जिसमें साहिबगंज 5-3 से विजेता रहा।पूरे 90 मिनट के खेल में साहिब गंज ने पांच गोल तथा इसके विरोध में पलामू की टीम मात्र 3तीन गोल ही कर पाई।दोनों टीमों द्वारा शानदार खेल का प्रदर्शन किया गया। मैच का शुभारंभ एसडीओ आलोक कुमार, पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिपस बाला रानी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि इस छोटे शहर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होने सौभाग्य की बात हैं। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि फुटबाल हमारे देश मे लोकप्रिय खेलो में से एक हैं। फुटबॉल ही एक मात्र ऐसा खेल हैं, जिसमे खिलाड़ियों के शरीर के सभी पार्ट कार्य करते हैं। मौके पर बीडीओ श्रवण राम, जिपस बाला रानी, बिससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, युवराज मानवेंद्र प्रताप देव, आयोजन समिति की ओर से ऑफिसियल आंनद प्रकाश दुबे, फोर्थ ऑफिसर समसूदिन अंसारी, मैच कमिश्नर परेश्वर घोप, मुक्तेश्वर पांडेय, तस्लीम खान सीनियर, नोडल पदाधिकारी कमलेश पांडेय, चन्दन पांडेय, अखिलेश पांडेय, अमरनाथ पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी, उषा देवी, दिलू चौबे, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, प्रमोद राम, सत्येंद्र पांडेय, प्रदीप सिंह, द्वारिकानाथ पांडेय, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। मैच का रेफरी चिंटू हाजरा, सिकंदर यादव, असिस्टेंट रेफरी का कार्य पिंकी यादव ने किया।

## डीटीओ के आश्वासन के बाद आज से होने वाली बस ऑपरेटरों की हड़ताल स्थगित

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में 13 सितंबर से होने वाली बस ऑपरेटरों की हड़ताल स्थगित हो गई है।जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन की बस ओनर्स एसोसिएशन से मंगलवार शाम हुई वार्ता के बाद हड़ताल वापस लेने का फैसला लिया गया। दरअसल, पलामू जिला बस ओनर्स एसोसिएशन के द्वारा कम दूरी के सवारी वाहनों द्वारा लंबी दूरी के पैसेंजर अपने वाहन से ले जाने का विरोध किया जारहा था.उनका कहना था कि छोटी सवारी वाहन अनधिकृत रूप से लंबे दूरी के पैसेंजर्स को भी अपने वाहन में बैठा ले रहें हैं जिससे लंबी दूरी पर चलने वाले बसों को आर्थिक नुकसान हो रहा है.बस ओनर्स एसोसिएशन की मांग ऐसे सवारी वाहनों को चिन्हित करते हुए उन पर कार्रवाई करने की थी.इस पर डीटीओ अनवर हुसैन ने विधि सम्मत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जिसके बाद सभी ने आपसी सहमति से हड़ताल वापस लेने का फैसला किया। मौके पर मोटर यान निरीक्षक लाल बिहारी यादव, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, पलामू जिला बस ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह व एसोसिएशन के अन्य सदस्य मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 251

बुधवार

13.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

अगर आप जिंदगी में कुछ हासिल करना, चाहते हो तो मेहनत से दोस्ती कर लो !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### आईईडी विस्फोट में ट्रैक्टर चालक और खलासी घायल

**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र स्थित कुईड़ा गांव के पास नक्सलियों के लगाए गए आईईडी की चपेट में आकर एक ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर हाथिबुरु सीआरपीएफ कैंप के लिए सामग्री लेकर जा रहा था। इस घटना में ट्रैक्टर का चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया गया कि सीआरपीएफ जवानों के लिए सामग्री लोड कर हाथिबुरु कैंप जा रहा ट्रैक्टर का पहिया आईईडी के ऊपर चढ़ गया, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ। इस घटना में ट्रैक्टर चालक बबलू बोदरा और खलासी लोबो गोप गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सोनुवा पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से सोनुवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### विमान ठीक होने के बाद कनाडा रवाना हुए जस्टिन ट्रुडो

**नई दिल्ली** : कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो आज अपराह्न एक बजे दिल्ली से रवाना हो गए। उनका विमान तकनीकी गड़बड़ी के कारण पिछले दो दिनों से उड़ान भरने में असमर्थ था। जस्टिन ट्रुडो के प्रेस सचिव मोहम्मद हुसैन ने एक वक्तव्य में कहा कि तकनीकी गड़बड़ी को ठीक कर लिया गया है।केन्द्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर उन्हें विदा करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे। एक्स पर उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री और अपने साथी मंत्रियों की ओर से जी20 में उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। वे उनकी सफल एवं सुरक्षित कनाडा वापसी की कामना करते हैं।

### केरल में निपाह वायरस से 2 लोगों की मौत

**नई दिल्ली** : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को बताया कि केरल के कोझिकोड जिले में निपाह वायरस से दो लोगों की जान गई है. राज्य सरकार ने कोझिकोड जिले में दो लोगों की अप्राकृतिक मौत का पता चलने के बाद पांच नमूने जांच के लिए पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान भेजे थे.ये नमूने इसलिए भेजे गए थे ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि ये निपाह वायरस से संक्रमित हैं या नहीं. इन पांच में से एक नमूना मृतक का था तो चार उसके संबंधियों के हैं. इसके अलावा राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने इन दो लोगों की मौत के बाद सोमवार (11 सितंबर) को अलर्ट भी जारी किया था. राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि सरकार दो लोगों की मौत को गंभीरता से ले रही है. स्वास्थ्य विभाग ने इन जान जाने का कारण निपाह वायरस का संक्रमण होने के संदेह के चलते जिले में अलर्ट जारी किया है.

### मिर्ज़ापुर में लुटेरों ने कैश वैन से लूटे 39 लाख, सुरक्षा गार्ड सहित 4 को मारी गोली, एक की मौत

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर में अपराधियों ने दिनदहाड़े एक लूट की घटना को अंजाम दिया. लुटेरों ने कैश वैन पर हमला कर 39 लाख रुपये लूट लिए. इस दौरान अपराधियों ने 4 लोगों को गोली मार दी जिसमें एक की ईलाज के दौरान मौत हो गई.कैश ले जाने वाली वैन में मौजूद कैशियर ने कहा कि बॉक्स में 39 लाख रुपये थे जिसे अपराधियों ने लूट लिया. पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.

### मणिपुर : 3 लोगों की गोली मारकर हत्या

**इंफाल** : मणिपुर के कांगपोकपी जिले में मंगलवार की सुबह अज्ञात लोगों ने तीन आदिवासियों की गोली मारकर हत्या कर दी. इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने दी. उन्होंने कहा कि हमलावरों ने आदिवासी बहुल कांगगुई क्षेत्र में इरेंग और करम वैफेई गांवों के बीच घात लगाकर हमला किया था.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्युनतम | 23° |

श्रद्धांजलि सभा-सह-परिसंपत्ति वितरण समारोह में शामिल हुए सीएम

# शहीदों और उनके परिजनों को सरकार दे रही मान-सम्मान : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने 11 लाख 14 हजार 756 लाभुकों के बीच 757 करोड़ 4 लाख 99 हजार 9 सौ रुपए की परिसंपत्तियों का किया वितरण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : देश की सुरक्षा की बात हो या जल-जंगल-जमीन और पर्यावरण को बचाने का। अन्याय और शोषण का विरोध हो या फिर अपने मान -सम्मान और हक-अधिकार की लड़ाई। झारखंड के आदिवासी- मूलवासी ना कभी झुके हैं और ना कभी रुके हैं। हर मोर्चे पर संघर्ष करते रहे हैं है और आगे भी करते रहें है। इन्होंने कभी भी अपने वसूलों से समझौता नहीं किया। इतिहास गवाह है कि यहां के अनेकों वीरों ने समाज और देश की खातिर अपनी कुर्बानी दी है।नहम सभी को अपने इन अमर शहीदों पर गर्व है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया स्थित कुरुकोचा में शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा- सह- परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। भगवान बिरसा मुंडा,सिदो-कान्हू, तिलका मांझी और नीलांबर पीतांबर जैसे अनेकों वीर शहीदों ने अंग्रजों और शोषण तथा अन्याय के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व करते-करते अपनी शहादत दे दी। आज भी कई ऐसे वीर शहीद हैं ,जो गुमनाम है, उनकी पहचान कर कर उन्हें सम्मान देने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। शहीदों और उनके परिजनों को पूरा मान सम्मान देना हमारा संकल्प है । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अनेकों ऐसे चौक-चौराहे हैं, जहां शहीदों की प्रतिमा लगी है। इनकी प्रतिमाएं हमें इनके शहादत को याद कराती है।

**जनजातीय पारंपरिक शासन व्यवस्था के पदाधिकारी- मानकी -मुंडा, माझी, जोग, गोड़ेत, नाई, परगनैत आदि को आवास देने की सीएम ने घोषणा की**

### नई उद्योग नीति में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस बाबत बनाई गई उद्योग नीति में उद्योग लगाने वालों को सरकार की ओर से कई सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चाकुलिया बहरागोड़ा और घाटशिला जैसा इलाकों में कभी कई राइस मिल थे, लेकिन आज हालात अच्छे नहीं है। हमारी सरकार ने राइस मिलों को बढ़ावा देने की दिशा कई निर्णय लिए हैं। एक दर्जन से ज्यादा राइस मिल खोलने की अनुमति दी गई है और जल्द ही ये सभी चालू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि राइस मिल खोलने वालों को 40 प्रतिशत अनुदान सरकार दे रही है ।

### शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास जारी, शिक्षकों को आईआईएम में दिलाया गया प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा की बेहतरीन के लिए सरकार लगातार कम कर रही है। बच्चों को उच्च और गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले, इसके लिए विद्यालयों में सुविधा और इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस खोले गए हैं। यहां के शिक्षकों को आईआईएम अहमदाबाद में प्रशिक्षण दिलाया गया है ताकि वे आधुनिक तरीके से बच्चों को पढ़ सकें। इतना ही नहीं, बच्चों की स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक और प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए सरकार आर्थिक मदद कर रही है।




**मुख्यमंत्री ने कहा**

- परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो,राज्य के विकास को गति देने का काम निरंतर जारी रहेगा
- राइस मिल लगाने के लिए आगे आएं, सरकार विशेष व्यवस्था करेगी
- शहीदों और उनके परिजनों को सरकार दे रही मान-सम्मान - हेमंत
- देश की रक्षा और जल-जंगल-जमीन की खातिर शहादत देने वाले वीर-शहीदों को नमन
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने वालों की हो रही सीधी नियुक्ति

### चुनौतियां कितनी भी आए, लेकिन राज्य को लेकर आगे बढ़ेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है, कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। सरकार बनने के साथ कोरोना महामारी ने हमें घेर लिया। जब कोरोना से जंग में जीत हासिल हुई तो कम बारिश की वजह से सुखाड़ की परिस्थितियां पैदा हो गई। लेकिन, हमारी सरकार इन चुनौतियों से निपटते हुए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य और राज्यवासियों को मजबूती देने का काम कर रही है। हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो, राज्य के विकास को गति देने का काम निरंतर जारी रहेगा।

### मानकी -मुंडा, माझी- परगनैत आदि को मिलेगा आवास

जनजातीय पारंपरिक शासन व्यवस्था के पदाधिकारी मानकी -मुंडा,माझी, जोग, गोड़ेत, परगनैत आदि को सरकार आवास देगी। मुख्यमंत्री ने आज कार्यक्रम स्थल से इसकी घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने उनके बीच मोटरसाइकिल का भी वितरण किया।

### नौजवान उद्योग लगाने के लिए आगे आएं, सरकार विशेष व्यवस्था करेगी

मुख्यमंत्री ने नौजवानों से कहा कि वे राइस मिल समेत अन्य उद्योग लगाने के लिए सामने आएं। आपके लिए सरकार विशेष व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

### खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई निर्णायक कदम उठाए हैं । पहली बार राज्य में खेल नीति बनाई गई है। इस नीति के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक हासिल करने वालों की सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति की जा रही है । शहीद पोटो हो योजना के तहत खेल मैदान विकसित किया जा रहे हैं। सिदो कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री वितरित करने के साथ आर्थिक मदद भी की जा रही है। हमारी कोशिश है कि खेलों के माध्यम से भी नौजवान आगे बढ़े और अपने परिवार राज्य और देश का नाम रोशन करें।

### 11 लाख से ज्यादा लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 11 लाख 14 हजार 756 लाभुकों के बीच 757 करोड़ 4 लाख 99 हजार 9 सौ रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, सर्वजन पेंशन योजना, धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

## रेल यात्री सुविधाओं में इजाफा पीएम मोदी की देन : अन्नपूर्णा



*** रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस ट्रेन को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**


प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जमुआ विधायक केदार हाजरा, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक सरफराज अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी और धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने मंगलवार को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर 03309 न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, डीआरएम कमल किशोर सिन्हा समेत अन्य ने ट्रेन के विस्टाडोम कोच में सफर का आनंद भी लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 153 साल बाद गिरिडीह की यात्री सुविधाओं में इजाफा हुआ है और जो भी बदलाव दिख रहा है वो सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री के प्रयास से हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस ट्रेन के समय सारिणी में बदलाव की मांग है तो इसे लेकर जल्दी पहल किया जाएगा जबकि रांची से गिरिडीह के बीच कई स्टेशन में स्टॉपेज की भी मांग है। इस पर भी विचार किया जाएगा। समारोह को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, सदर विधायक सोनू, सदर विधायक सरफराज अहमद, जमुआ विधायक केदार हाजरा और डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस दौरान सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, एओएम रजनीश कुमार, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव और भाजपा नेता महादेव दूबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## फसल विविधता का संरक्षक है कृषक समुदाय : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 59 देशों के प्रख्यात वैज्ञानिक और किसान शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया का कृषक समुदाय फसल विविधता का सच्चा संरक्षक है। इस दिशा में किसानों के पास असाधारण शक्ति और जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधों और प्रजातियों की कई किस्मों की रक्षा और उन्हें पुनर्जीवित करने के किसानों के प्रयास की सराहना की।




राष्ट्रपति ने कहा कि भारत विशाल विविधता वाला देश है। इसका क्षेत्रफल भले ही विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत लेकिन दुनिया की 7 से 8 प्रतिशत जैव प्रजातियां यहीं है। भारत की समृद्ध कृषि-जैव विविधता वैश्विक समुदाय के लिए एक खजाना रही है। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों ने कड़ी मेहनत और उद्यमिता से पौधों की स्थानीय किस्मों का संरक्षण किया है। जंगली पौधों को घरेलु उपयोगी बनाया है और पारंपरिक किस्मों का पोषण किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास से भारत 1950-51 के बाद से खाद्यान्न, बागवानी, मत्स्य पालन, दूध और अंडे के उत्पादन को कई गुना बढ़ा पाया है। इसका राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा पर स्पष्ट प्रभाव पड़ा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृषि-जैव विविधता संरक्षकों और मेहनती किसानों, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं के प्रयासों ने सरकारी समर्थन के साथ मिलकर देश में कई कृषि क्रांतियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रौद्योगिकी और विज्ञान विरासत ज्ञान के प्रभावी संरक्षक और संवर्द्धक के रूप में काम करते रहेंगे।

*** राष्ट्रपति ने किसानों के अधिकारों पर वैश्विक संगोष्ठी का किया उद्घाटन**

## देवर ने विधवा भाभी को तलवार से काटा, मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** जिले के मझिगांव थाना क्षेत्र के अधौरा गांव के चक्का टोला से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां कामांध एक देवर ने अवैध संबंध बनाने में असफल रहने पर अपनी विधवा भाभी को तलवार से गर्दन काटकर हत्या कर दिया। घटना सोमवार के देर रात की बताई जाती है।घटना की जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुच कर घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।जहाँ इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजनों द्वारा बताया जा रहा है सोमवार की देर रात देवर अभिनंदन राम अपनी विधवा भाभी 35 वर्षीयअनिता देवी के साथ अवैध संबंध बनाने का प्रयास कर रहा था। मौके पर पुलिस पहुच कर अनिता देवी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।घटना के बाद से आरोपी देवर अभिनंदन राम फरार हो गया। मृतिका अनिता देवी की दो पुत्री व एक पुत्र है।तीनो ही नाबालिक है।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## राजद्रोह कानून पर 5 जजों की बेंच करेगी सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राजद्रोह की धारा 124ए के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई.सीजेआई ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए पांच जजों की बेंच बनाने की बात कही साथ ही केंद्र सरकार की मांग को ठुकरा दिया.याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि अदालत तय करे कि क्या इस मामले को संविधान पीठ में भेजना चाहती है. अटॉर्नी जनरल आर वेकेंटरमणी ने कहा था कि एक नया कानून लंबित है तो सीजेआई ने पूछा कि इसमें क्या कहा गया है. वहीं सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि यह तो और बुरा है. सीजेआई ने यह माना कि कानून लागू हो जाता है तो ये भविष्य के मामलों को कवर करेगा. उन्होंने कहा कि जहां तक 124ए से संबंधित हैं वो केस जारी रहेंगे. इसके लिए हमें पांच जजों की संविधान पीठ बनानी होगी. इसके साथ ही सीजेआई ने कहा कि यह संवैधानिकता को कायम रखने वाले फैसले का मामला है. केदारनाथ मामले में पांच जजों ने राजद्रोह को बरकरार रखा था तो क्या 3 जजों की बेंच फैसला पलट सकती है.उन्होंने कहा कि जब तक केदारनाथ फैसला लागू है राजद्रोह का कानून वैद्य है.

सीजेआई ने कहा कि ये बात अलग है कि सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर अंतरिम रोक लगाई है, लेकिन इस कानून पर फैसला तो करना ही है. वहीं सीनियर एडवोकेट गोपाल सुब्रमण्यम ने कहा कि आप जो फैसला करेंगे उसका नए कानून पर असर पड़ेगा. केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जल्दबाजी न करें.



*** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की मांग को ठुकराया**

### केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी करेंगी परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा (एजेंसी)** : छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले आज मंगलवार को भाजपा की ओर से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत होने जा रहा है। इसी मौके पर आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाला थे। जिसके बाद अब खबर आ रही है कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी दंतेवाड़ा आ रही है। इसकी जानकारी भाजपा की ओर से अधिकारिक ट्वीटर से ट्वीट कर दी गई है।

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद-828130

# ट्रक मालिकों को उचित भाड़ा का भुगतान करें कंपनियां : नागेश्वर महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** प्रभावित प्रतिरोध मंच की बैठक मंगलवार को चुरी में हुई.इस बैठक में ग्रामीण,कोयला लिफ्टर और ट्रक मालिक शामिल हुए. बैठक के दौरान ग्रामीणों के रोजगार, ट्रक मालिकों का भाड़ा बढ़ोतरी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई.बैठक को संबोधित करते हुए प्रभावित प्रतिरोध मंच के अध्यक्ष नागेश्वर महतो ने कहा कि लगातार क्षेत्र में रोजगार की समस्या बढ़ाते जा रही है. क्षेत्र के सभी परियोजनाओं में कोयले का आवंटन में कमी की जा रही है जिसका सीधा असर रोजगार पर पड़ रहा है.वहीं क्षेत्र में रैयतों के नौकरी, मुआवजा पर भी प्रबंधन ढुलमुल रवैया अपना रही है. यदि जल्द ही सभी परियोजनाओं में कोयले के आवंटन को नहीं बढ़ाया गया तो प्रभावित प्रतिरोध मंच के बैनर तले क्षेत्र में जोरदार आंदोलन किया जाएगा.



वहीं बैठक में ट्रक मालिकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए नागेश्वर महतो ने कहा कि क्षेत्र के ट्रक मालिकों की हालत दिन प्रतिदिन गंभीर हो रही है.सही भाड़ा का भुगतान नहीं होने के कारण यह परेशानी बढ़ रही है. कोयला लगाने वाली कंपनियां को निर्देश दिया जाता है कि वे कोयला उठाओ करने वाले ट्रक मालिकों को उचित भाड़ा का भुगतान करें, नहीं तो कोयला उठाओ के कार्य को रोक दिया जाएगा. वही कोयला लिफ्टरों को निर्देश दिया गया कि वे लोग भी उचित भाड़ा को देखते हुए कंपनियां से कोयला उठाने का काम ले. बैठक में मुख्य रूप से सुनील सिंह, सोनू पांडे, अशोक महतो, मनोज महतो, गौतम थापा, विकास दुबे, गुड्डू गिरी, राजेश महतो, दुर्गा महतो, इंटेक्स मद्रासी, अजय विश्वकर्मा, हिमांशु मंडल, रामप्रताप सिंह, भोला पांडे, अजय सिंह, बबन चौहान, निकेश चंद्रवंशी साहित कई लोग मौजूद थे.

# झामुमो के रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी जिला के स्थापना एवं शहीद दिवस के अवसर पर झामुमो जिला समिति द्वारा मंगलवार को सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। घंटो चले इस रक्तदान शिविर में झामुमो के 30 कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक खूंटी में अक्सर खून की कमी रहती है इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों से रक्तदान करने की अपील की जा रही है। ताकि ब्लड बैंक खूंटी में समुचित मात्रा में खून उपलब्ध हो सके और लोगों को जरूरत के समय खून के लिए परेशानी न उठानी पड़े। मौके पर झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य मक़सूद अंसारी, मगन मंजीत तिड़ू, सुशील पहान, सुदीप गुड़िया, महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष स्नेहलता कंडुलना, ज़िला प्रवक्ता राजेन कुजूर, अर्जुन मुंडा, डॉ हेमंत तोपनो, डेविड हमसोय, विजय संगा, संदीप लाल, विनोद संगा, प्रकाश नाग, राजेन नायक, महेंद्र सिंह मुंडा, शेख़ फ़िरोज़, उदय चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## विद्यालय का ताला तोड़कर छह बोरा मिड डे मील के चावल की चोरी




**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के घाघरा पंचायत के सिंगार सरई गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने मिड डे मील के लिए रखा छह बोरा चावल की चोरी कर ली। इस घटना को लेकर पंचायत के मुखिया रमेश उरांव के सहमति पर ही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका खुशमारेंन बड़ा ने बेड़ो थाना चोरी का आवेदन दिया है। लिखित आवेदन में प्रधानाध्यापिका ने कहा है कि मंगलवार को विद्यालय पहुंची तो किचन का ताला टूटा हुआ पाया । उसमें रखे छह बोरा चावल की गायब पाया। इधर पुलिस घटना को लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि इस विद्यालय में पूर्व में भी चोरी की घटना घटी थी। जिसमें चारों ने विद्यालय का पंखा व गैस सिलेंडर की चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

## मेरा माटी मेरा देश अभियान पर्यावरण के लिए अमृत साबित होगा : आशा लकड़ा




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता)::** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में चिलदाग़ पंचायत के विभिन्न गांवो में वीरों का वंदना कार्यक्रम के तहत मिट्टी का संग्रह किया गया । मौके पर उपस्थित मेयर आशा लकड़ा पूर्व विधायक रामकुमार पहान भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो भाजपा ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष नरेश साहू भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा मनोज चौधरी दुर्गा महतो आदि ने घर घर से पवित्र मिट्टी का संग्रह कर कलश में रखा । मौके पर मेयर आशा लकड़ा ने मेरा माटी मेरा देश अभियान के उद्देश्य से अवगत कराते हुए कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक पर अभियान को सफल बनाने की जिम्मेवारी है ।

## किसानों को 7000 ग्राफ्टेड पौधे दिए गये



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओश्र से गांवों के प्रगतिशील किसानों को विभिन्न शब्जियों के ग्राफ्टेड पौधे दिये गये, ताकि बेहतर और सफल खेती की जा सके। पर्यावरण अधिकारी सचिन्द्र कुमार के नेतृत्व में अनगड़ा व नामकुम के 25 से 30 किसानों के बीच 7000 ग्राफ्टेड पौधा का वितरण किया । संस्था के पर्यावरण अधिकारी सचिन्द्र कुमार ने बताया बारिस के मौसम में इन फसलों में मुरझा रोग की समस्या सामान्य होती है जिसमें अधिकांस पौधे मर जातें हैं ग्राफ्टेड पौधा लगाने से ये रोग की समस्या नही होता है और पौधा यह रोग नहीं लगता है । जिससे पौधे नहीं मरता और उत्पादन भी अच्छा होता है । पौधा वितरण कार्य में बरुण कुमार भुनेश्वर महतो मोनित भूटकुंवार रोसन लिंडा सविता कुमारी का अहम योगदान रहा ।

## श्री श्री दुर्गा पूजा समिति बांसारुली की बैठक सम्पन्न

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति बांसारुली 2023 की बैठक सोमवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण में की गई। बैठक की अध्यक्षता मधुसूदन महतो के द्वारा किया गया।श्री श्री दुर्गा पूजा बांसारुली समिति का 25वां साल होने के उपलक्ष मे सिल्वर जुबली के रुप मे मनाया जाएगा।इस वर्ष दुर्गा पुजा बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।पूजा में अलग अलग तरह के कार्यक्रम की भी बातें को रखा गया है। नवमी के दिन माता का जगराता का कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। जिसमे गायक जॉली छाबड़ा और उसके ग्रुप को भी बुलाया गया है एवं साथ ही कमिटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें संरक्षक-सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू,श्री मधुसूदन महतो, अजय कुमार साहू,दिनेश कुमार साहू, विजय कुमार साहू, धनेश्वर बेदिया,अध्यक्ष- श्री अरबिंद कुमार साहू ,सचिव श्री रोशन कुमार साहू,कोषाध्यक्ष श्री प्रमोद गुप्ता समेत कार्यकारिणी में समस्त ग्रामवासी का सहयोग रहेगा।



# मांडर प्रखंड में विभिन्न योजनाओं की आधारशिला रखी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को मांडर प्रखंड के विभिन्न पंचायत मे योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना करके पुरा किया। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात विधायक गांव की मुलभुत एवं आधारभुत समस्याओ की जानकारी ग्रामीणों से ली और उनकी समस्याओ का शीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिलाया। साथ ही विधायक ने कहा कि हम सभी को एक विचारधारा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र के आधारभूत संरचना के विकास के साथ वहां की समस्याओं का समाधान और ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के प्रति हमेशा आपके साथ रहेंगे। विधायक ने ग्रामीणों को झारखंड सरकार की योजनाओं के भी बारे में जानकारी दी और उसका लाभ लेने को कहा। मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी, आबिद अंसारी, अर्जुन महतो, चिंतामणि जी, संजय जी, इंदु तिग्गा एवं अन्य उपस्थित रहे।



# ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर स्थित ऑक्सब्रिज स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था यदि मैं झारखंड का मुख्यमंत्री होता। कक्षा नवम तथा दसवीं के छात्र छात्राओं ने बड़े ही उत्साह से सभागार में अपने विचारों को स्वच्छदता पूर्वक प्रस्तुत किया। किसी विद्यार्थी ने भ्रष्टाचार दूर करने की पहल की, तो किसी ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया। कोई नारी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम पर जोर देने की अपील की तो किसी ने झारखंड में मौजूद खनिज संपदाओं का समुचित सदुपयोग कर विकास करने की बात पर पुरजोर दिया। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही अनुशासित ढंग से तथा आंकड़ों सहित अपने विचारों को जजों के समक्ष रखा । अंततः प्रथम स्थान पर कक्षा नवम की अदिति चौरसिया, द्वितीय स्थान पर कक्षा नवम की ही अर्पिता कुमारी तथा कक्षा दसवीं की मुस्कान कुमारी विजयी रही। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल के निदेशक महोदय, प्राचार्या महोदया तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।



# गणेश पूजा की भव्य तैयारी में जुटे लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थानावाली महाबीर मंदिर के समीप श्री राधे कृष्ण यूथ संगम गणेश पूजा समिति द्वारा गणेश पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल का निर्माण व विधुत सज्जा बंगाल के कारीगरों द्वारा जा रही है। पंडाल की लंबाई 90 फीट और चौड़ाई 45 फीट होगी। पंडाल के अंदर श्रद्धालु बप्पा के दर्शन करने के बाद मां काली के द्वारा असुरों का वध करने की विधुत चलन झांकी बनायी जा रही है।

पूजा19 सितंबर से 24 सितंबर तक होगी। 21 सितंबर को महाआरती, 23 सितंबर को दूध से बने महाभोग का प्रसाद वितरण। वहीं पंडाल का निर्माण प्रभात डेकोरेटर के द्वारा किया जा रहा है। मूर्ति का निर्माण पंकज पाल व बिल्टन पाल कर रहे हैं। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, अमन गुप्ता ,उत्तम सोनी ,अभिनव गुप्ता, उत्तम कुमार,राकेश साहू, अर्चित गुप्ता,आशीष सोनी,अमित कुमार, शुभम गुप्ता,आशीष महतो, सौरभ खन्ना,आकाश रक्षित, प्रेम गुप्ता, अजय साहू, संकित मंगल, रविंद्र, विकास कुमार, प्रीतम महतो, प्रिंस पांडे, राजन दुबे, गौतम गोप,गोलू ,यशवंत, ऋतिक, रौनक अभिजीत, रवि, तुषार, दीपक, सहित सभी सदस्य लगे हुए हैं।



# विवेकानंद कृषि मित्र प्रकल्प योजना अन्तर्गत चयनित किसानों का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रॉंची द्वारा संचालित विवेकानंद कृषि मित्र प्रकल्प योजना अन्तर्गत नवागढ़ पंचायत के चयनित 154 किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण गेतलसुद स्थित कृषि प्रत्येक्षण फार्म में किया गया। इस योजना अन्तर्गत सभी किसानों का काऊ फर्श बना दिया गया है। ताकी जैविक तरल एवं ठोस खाद असानी से किसान बना सके। विदित हो कि आदिवासी आदर्श नवागढ़ पंचायत को जैविक पंचायत के रूप में विकसित करना है। प्रशिक्षण में दिव्यायन कृषि विज्ञान के कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनोज सिंह ने किसानों को जैविक खाद बनाने की तकनीक के साथ हराखाद जैसे ढैंचा आदि का उपयोग से लाभ के सम्बन्ध मे विस्तार पूर्वक बताया। वहीं स्वामी भवेषानन्द जी महराज सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम ने किसानों को अपने जमीन को उपजाऊ बनाने हेतु टेपरोसिया पौधे, मवेशियों का चारा हेतु सुबबुल आदि लगाने का सलाह दिये इसके साथ - साथ पांच सुत्र शिक्षा, संस्कार, संगठन, समेकित जैविक खेती एवं दान को अधार मानकर कार्य में लगे रहेने से पंचायत का विकास अवश्य होगा किसानों, को सलाह दिये । मौके पर स्वामी निशिचितानन्द जी महराज, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, नवागढ़ मुखिया, भुवनेशवर बेदिया, अजित उपाध्याय, एस्टीआई हब के प्रोजेक्ट कॉर्डीनेटर सुदिप्त सतपथी, प्रोजेक्ट असिस्टेंट गम्भीर महतो, रोहित शाही, तुलसी महतो, संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, नरेन्द्र नाथ बेदिया, बिसेशवर महतो, आदि के अलावा लगभग 150 ग्रामीण उपस्थित थे।




**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
**Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002**

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-25/2023-24**
**e-Tender Ref No:– RCD/PID/RANCHI/25/2023-24 Date:-08.09.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **Name Of Work** | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for the Construction of (i) Kumbatoli (in Nagari Block)–Singpur Badhaiya- Pandhinaga to Vriddha Ashram Jharia Toli Via Pandu Chowk Road (ii) Kulgu to Balalong Via Kelende Road and (iii) Singpur to Sembo Ring Road Via Jaratoli Dhoni Farm House Road including replacement of culverts, bridges, Land Acquisition Proposal, Rehabilitation and Resettlement Proposal and Forest Diversion Proposal etc (If any) under Ranchi District in the State of Jharkhand. ***Only Empanelled consultant with RCD under category -I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid.** |
| 2 | **Tentative Length** | 29.00 Km |
| 3 | **Period of Completion of Work** | 60 Days |
| 4 | **Cost of Tender documents** | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non - refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2% earnest money of quoted amount ( Net of GST) in the form of Bank TDR/ FDR issued by any Nationalised Bank/Scheduled Bank within the state of Jharkhand duly pledged in favour of Executive Engineer, Planning & Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi or Bank Guarantee from any Nationalised Bank/ Scheduled Bank issued from anywhere in India valid for the period of 45 days beyond the validity of bid. |
| 5 | **Mode of Bid Submission** | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | **Date/Time of Publication of Tender on Website** | 14.09.2023,10:30 AM |
| 7 | **Online Last Date/Time of Bid Submission** | 21.09.2023 12:00 Noon |
| 8 | **Last Date/Time of Submission of Hard Copy of Tender Fee & EMD** | 22.09.2023 12:00 Noon |
| 9 | **Date and Time of Bid opening** | 22.09.2023 12:30 PM |
| 10 | **Bid validity** | 120 days |
| 11 | **Bid Submission Address** | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | **Designation and Contact no. of Tender inviting Officer** | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |

**Note:-** Only e-Tender shall be accepted.

**Executive Engineer,**
**Planning & Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi.**

PR.NO.306718 Road(23-24):D



**कार्यालय**
**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

हजारीबाग जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन – दलहन, मोटे अनाज एवं Nutri Cereals (2023–24) के तहत अधिकतम अनुदानित राशि या कुल कीमत का 50 प्रतिशत राशि (दोनो में जो कम हो) पर निम्न कृषि यंत्र / उपादान उपलब्ध है।

| क्र0 सं0 | उपादान का नाम | भौतिक लक्ष्य (हे0 में) | अधिकतम अनुदानित राशि (रू0 मे) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पावर नैपसेक स्प्रेयर 8-12 Ltr | 40 | 3100/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 2 | पावर नैपसेक स्प्रेयर 8-12 Ltr | 60 | 2500/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 3 | मैनुअल नैपसेक स्प्रेयर | 150 | 750/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 4 | मैनुअल नैपसेक स्प्रेयर | 225 | 600/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 5 | मैनुअल स्प्रेयर | 3 | 600/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 6 | मैनुअल स्प्रेयर | 2 | 500/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 7 | रोटावेटर (Less then 20 BHP) | 3 | 42000/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 8 | रोटावेटर (Less then 20 BHP) | 5 | 34000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 9 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर (Less then 35 BHP) | 1 | 100000/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 10 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर (Less then 35 BHP) | 1 | 80000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 11 | Chisel Plough (Below 20 BHP Tractor driven) | 1 | 8000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 12 | Ridge Furrow Planter (Below 20 BHP Tractor driven) | 1 | 24000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 13 | Seed Storage Bin | 20 | 1000/Qtl or 50% of cost whichever is less | |
| 14 | स्प्रिंकलर सेट | 4 | 21901/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 15 | पंपसेट | 40 | 10000/unit or 50% of cost whichever is less | |
| 16 | डिलिवरी पाइप | 515 मीटर | 50% of cost limited to Rs. 50/mtr for HDPE pipes Rs. 35/mtr for PVC pipes and Rs. 20/mtr For HDPE laminated wovenlay flat tubes with max. ceiling of Rs. 15000/ unit. | |
| 17 | मोबाइल रेनगन | 2 | 34513/unit or 50% of cost whichever is less | |
| 18 | मिनि दाल मिल | 2 | 95000/unit or 50% of cost whichever is less | |
| 19 | मिलेट मिल | 1 | 150000/unit or 60% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 20 | थ्रेसिंग फ्लोर (30'X30') | 11 | 57500/unit or 50% of cost whichever is less | |
| 21 | Maize Sheller | 3 | 10000/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 22 | Maize Sheller | 2 | 8000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 23 | माइक्रोन्यूट्रिएन्ट | 695 | 500/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 24 | जिप्सम / सल्फर | 460 | 750/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 25 | लाइम | 415 | 1000/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 26 | लाइम / डोलोमाईट (Nutri Cereals) | 50 | 500/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 27 | बायोफर्टिलाइजर्स | 410 | 300/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 28 | बायोफर्टिलाइजर्स (Nutri Cereals) | 50 | 500/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 29 | प्लांट प्रोटेक्शन केमिकल्स | 570 | 500/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 30 | खरपतवारनाशी | 380 | 500/ha or 50% of cost whichever is less | |

अनुदानित दर पर कृषि यंत्र / उपादान क्रय करने हेतु संबंधित प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक / सहायक तकनीकी प्रबंधक या जिला स्तर पर आत्मा कार्यालय शंकरपुर से आवेदन प्राप्त कर दिनांक 26.09.2023 से लेकर 30.09.2023 तक कार्यालय अवधि में आत्मा कार्यालय, शंकरपुर, हजारीबाग में जमा करें। कृषि यंत्र / उपादान का वितरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रखंडवार एवं एन0एफ0एस0एम0 के मार्गदर्शिका के आलोक में किया जाएगा। राशि की उपलब्धता के आधार पर निर्धारित लक्ष्य को घटाया / बढ़ाया जा सकता है। चयन प्रक्रिया में महिला स्वयं –सहायता समूहों / FPO को नियमानुसार प्राथमिकता दिया जायेगा। चयनित आवेदकों को कृषि यंत्र / उपादान का क्रय करने के उपरांत DBT के माध्यम से राशि स्थानांतरित कराया जाएगा।

ह0 /
परियोजना निदेशक
आत्मा, हजारीबाग

PR 306820 Agriculture(23-24)#D

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# एनआईटी जमशेदपुर में आई-ट्रिपल-ई सिस्टम्स काउंसिल चेप्टर का शुभारंभ






प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** दुनिया का सबसे बड़ा तकनीकी पेशेवर संगठन आईईई सिस्टम्स काउंसिल के स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर का शुभारंभ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के डायमंड जुबली हॉल में दीप प्रज्वलन के साथ तकनीकी विशेषज्ञों, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसरर्स एंव विभाग के छात्रों के उपस्थिति में किया गया। डॉ. के. नम्रता प्रोफेसर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग एंव डॉ. रश्मि सिन्हा प्रोफेसर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के अथक प्रयास एंव संस्थान के निदेशक (प्रो.) गौतम सूत्रधार के मार्गदर्शन से संस्थान में आई-ट्रिपल-ई सिस्टम्स काउंसिल के स्टूडेंट्स चेप्टर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) सिवाजी चक्रवर्ती, आईईई कोलकाता चेप्टर के पूर्व अध्यक्ष सह प्रोफेसर जादवपुर विश्वविद्यालय एंव प्रो. शिवाजी चक्रवर्ती पूर्व निदेशक एनआईटी कालीकट द्वारा परंपरागत तरीके से रीबन काट कर किया। कार्यक्रम में पावर इंजीनियरिंग के प्रसिद्ध विशेषज्ञ प्रो. शिवाजी चक्रवर्ती पूर्व निदेशक एनआईटी कालीकट सह प्रोफेसर जादवपुर विश्वविद्यालय ने सभी को इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों और चुनौतियों से अवगत कराया। इनके सम्बोधन के पश्चात एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ जहां छात्रों और संकाय सदस्यों को उनके साथ जुड़ने का अवसर मिला। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ईस्टर्न (नॉर्वे) के प्रोफेसर एंव प्रोग्राम चेयरपर्सन (डॉ.) संजीव कुमार पद्मनाभन ने अपने सम्बोधन में अनुभवों को साझा करते हुए बताया की वास्तविक दुनिया के जटिल समस्यों को हल करने में सिस्टम्स इंजीनियरिंग ने किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आयोजन में आईईई सिस्टम्स काउंसिल के अध्यक्ष सह साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट सैन एंटोनियो, (टेक्सास) के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी वॉल्टर डाउनिंग का महत्वपूर्ण आभासी ज्ञानवर्धन था, उन्होंने कहा की कोई भी जटिलता अपने साथ अभूतपूर्व अवसर और चुनौतियाँ दोनों लेकर आती है। एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार ने अपना अनुभव साझा किया। (डॉ.) के. नम्रता फैकल्टी काउंसलर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने एनआईटी जमशेदपुर में आईईई सिस्टम्स काउंसिल स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर को धन्यवाद ज्ञापन किया और बताया की सिस्टम इंजीनियरिंग में अनुसंधान, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईईई सिस्टम्स काउंसिल स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर के छात्र सदस्य निशांत कुमार (अध्यक्ष), मंतोष कुमार (उपाध्यक्ष), राजेश कुमार (कोषाध्यक्ष) एमडी सज्जाद (सचिव), कुमारेश पाल (वेबमास्टर), अभिनव कुमार एंव हिमांशु (स्वयंसेवक) का भरपुर योगदान रहा।

## आरवीएस एकाडेमी में 4 अक्टूबर से मिलेगा नर्सरी से नौवी तक का नामांकन फॉर्म

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो स्थित आर.वी. एस. एकाडेमी में सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा नौवी तक में नामांकन हेतु आगामी 4 अक्टूबर 2023 से नामांकन फॉर्म विद्यालय के वेबसाइट **www.rvsacademy.com** में जाकर ऑनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। अभिभावकों की सुविधा के लिए नामांकन फॉर्म विद्यालय के कार्यालय मे भी उपलब्ध रहेगा। नामांकन संबंधी अन्य सूचनाएँ कार्यालय अवधि में विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन फॉर्म का शुल्क रू.300 रूपये है।

## बिजली की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान, नहीं हो रहा समाधान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल के बिजली कार्यालय में उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर बिजली विभाग गंभीर नहीं है. उपभोक्ता बिजली बिल में सुधार,नया कनेक्शन, तथा कनेक्शन कटवाने के लिए बिजली ऑफिस का चक्कर लगाने को विवश हैं. कई शिकायतें अलग-अलग फोरम पर दर्ज होने के बाद भी महीनों से लंबित हैं. गांव में बिजली बिल नही पहुंचना,बिल में त्रुटि से संबंधित शिकायतों का निबटारा नहीं हो रहा है. इस काम के लिए विभाग द्वारा ऊर्जा मित्र भी रक्खा गया है, कार्यालय में कई शिकायतें बिल से संबंधित दर्ज हैं. उपोभक्ताओं की समस्या का समाधान जल्द नही होने के कारण बिजली विभाग के कर्मचारियों को कनीय अभियंता ने फटकार भी लगया। उन्होंने बताया की अब कोई समस्या हो वो हमसे सीधा संपर्क करें जल्द ही सभी समस्याओं का हल होगा।

### मानगो क्षेत्र के आधे स्ट्रीट लाइट खराब, कांग्रेस नेता अंसार ने की जल्द दुरुस्त करने की मांग



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में मानगो बस्ती का एक प्रतिनिधिमंडल मानगो नगर निगम के विशेष पदाधिकारी श्री अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। अंसार खान ने पदाधिकारी को बताया पूरे मानगो क्षेत्र में काफी दिनों से 70 प्रतिशत लाइट खराब हो चुकी हैं। इलेक्ट्रीशियन लाइटों को बनाने के लिए नहीं आ रहे हैं, अगर लाइट बनाने के लिए आते भी हैं केवल उनके हाथ में पिलास होता है। उनके पास ना तार, ना लाइट, ना स्विच होता है जिसकी वजह से लाइटों को ठीक नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर जो न्यू लाइट लगाई गई है लगभग 50 प्रतिशत खराब हो चुकी है उनका कोई भी इलेक्ट्रीशियन बनाने को तैयार नहीं होता है। श्री अग्रवाल ने कहा है कल से इलेक्ट्रीशियन टीमों को लाइटों को बनाने के लिए भेजा जाएगा। आज ज्ञापन सपने में अंसार खान के साथ कांग्रेस पार्टी के महिला महासचिव रश्मि निगार, प्रोफेसर मोहम्मद मोईन, मोहम्मद शमसी, मोहम्मद अली, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद आरजू खान, मोहम्मद विकार, मोहम्मद एजाज, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद नूरजमा, अली इमाम आदि मौजूद थे।

### जुगसलाई दादी मंदिर में भादो मास अमावस्या पूजा 14 को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित राणी सती दादी मंदिर मे हर साल भादो मास की अमावस्या को उत्सव के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 14 सितम्बर गुरूवार को श्रद्धा और विश्वास के साथ भादो अमावस्या पर झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी की विशेष पूजा सुबह 06.30 बजे से शुभारंभ होगी। सारे दिन पूजा एवं जात का धार्मिक कार्यक्रम चलता रहेगा। संध्या 6.20 पर आरती एवं रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को सुंदर एवं भव्य बनाने के लिए श्री राणी सती मंदिर कमिटी एवं समस्त खीरवाल परिवार श्रद्धा के साथ लगे हुए हैं।

### सोनारी पंचवटी नगर में मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी पंचवटी नगर में कृष्ण



जन्मअष्टमी के उपलक्ष्य पर सोनारी न्यू किंग बॉयज क्लब की ओर से सोमवार को मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने फीता काटकर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर स्थानीय लोग काफी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम देर रात तक चला। इसके सफल आयोजन में मुख्यरूप से भोला, संजय, रोहित, कमल, तरुण, अमन, वरुण, समीर, धीवर, रंजीत, संजीत, निखिल आदि का योगदान रहा।

### मेरा मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमटांढ़ मोड़ में मंगलवार को मेरा मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने कलश में मिट्टी संग्रह किया। कार्यक्रम के ईचागढ़ विधानसभा प्रभारी भाजपा नेता विनोद राय मुख्य रूप से उपस्थित हुए। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 7 अक्टूबर को ईचागढ़ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा में भाग लेने के संबंध में तैयारी पर चर्चा किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव,भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर दास महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोरंजन महतो, प्रखंड अध्यक्ष फटीक गोराई, डाक्टर भूषण मुर्मू, दिलीप दास, अनिल सिन्हा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में संपन्न हुआ माउंट क्लाइंबिंग प्रशिक्षण शिविर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को साउथ प्वाइंट स्कूल



गोबरघुसी पटमदा में स्थित साउथ प्वाइंट स्कूल मे टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन एवं साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी पटमदा के तत्वाधान में माउंट क्लाइंबिंग का प्रशिक्षण शिविर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कक्षा दूसरी की छात्रा कुनामी सोरेन, कक्षा पांचवीं का छात्र सुभोजित महतो, सोना सोरेन, समीरन, कक्षा सातवीं का छात्र स्वप्न गोराई, दीपंकर पाल, अंशु महतो, प्रतियोगिता में अव्वल रहे। चयनित बच्चों को एक महीने तक टाटा स्टील फाउंडेशन जेआरडी परिसर में कैंप रखा जाएगा, जोकि आने वाले समय में राज्य का और देश का प्रतिनिधित्व कर सकेगा। विजय पाण्डेय, विकास कुमार, पूजा विरूआ ने बच्चों को प्रशिक्षित किया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा, डायरेक्टर शिवम शर्मा, प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। यह प्रशिक्षण विद्यालय के खेल प्रशिक्षक संतोष तिवारी की देखरेख में किया गया।

### करीम सिटी कॉलेज में सतरंग का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में स्पार्क के वार्षिक आयोजन सतरंग का आज समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में करीम सिटी कॉलेज के सचिव डॉ मोहम्मद जकारिया, करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज, पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सफीउल्लाह अंसारी, स्पार्क के संयोजक डॉ एस.एम याहिया इब्राहीम उपस्थित थे। कॉलेज के सचिव डॉ मोहम्मद जकरिया ने कहा कि स्पार्क द्वारा आयोजित सतरंग में आयोजित प्रतियोगिताएं विद्याथियो के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कला के विकास में सहायक होती है। सभी अतिथियों की उपस्थिति में स्पार्क द्वारा वार्षिक पत्रिका - स्पार्कलिंग स्पैन प्रकाशित किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ मोहम्मद ज़करिया को डॉ याहिया इब्राहिम द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## आईएसएल सीजन-10 का ऑनलाइन टिकट बिक्री 15 से, कीमत 50 रु से 3000 तक

जेएफसी का पहला घरेलू मुकाबला हैदराबाद एफसी से 5 अक्टूबर को



फाइल फोटो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन के लिए अपनी टिकटों की बिक्री 15 सितंबर को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म टिकट जिनी पर लाइव करेगा. 26 सितंबर से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आधिकारिक बॉक्स ऑफिस स्टॉल के माध्यम से ऑफलाइन बुक करने के लिए उपलब्ध होंगे. नॉर्थ और साउथ स्टैंड सिर्फ 50 रुपये, ईस्ट और वेस्ट अपर स्टैंड 150 रुपये, ईस्ट और वेस्ट लोअर स्टैंड 250 रुपये और वीआईपी स्टैंड की कीमत 499 रुपये होगी. लक्जरी और प्रीमियम लाइव देखने और भोजन का अनुभव चाहने वालों के लिए, हॉस्पिटैलिटी एरिया भी 3000 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा. आईएसएल 2023-24 सीजन के फिक्स्चर की घोषणा अब तक दिसंबर महीने तक की जा चुकी है, जिसमें जमशेदपुर एफसी घरेलू मैदान पर पांच मैच खेलेगा, जिसकी शुरुआत 5 अक्टूबर को हैदराबाद एफसी के खिलाफ रोमांचक मुकाबले से होगी. इस दौरान जेएससी 22 अक्टूबर को पंजाब एफसी के खिलाफ, मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ 1 नवंबर को, 1 दिसंबर को ओडिशा एफसी और 7 दिसंबर को चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ मैच खेलेगी. क्लब पांच घरेलू मैचों के लिए एक विशेष ऑफर कॉम्बो की पेशकश कर रहा है, जिसमें अधिकतम 15 प्रतिशत की छूट है और साथ ही जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर में खेले जाने वाले तीन मैचों के कॉम्बो के लिए 10 प्रतिशत की छूट है. सभी टिकट **www.ticketgenie.in** पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे और 15 सितंबर को शाम 5 बजे लाइव होंगे.

## साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे दर्जनों लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं को लेकर आए लोगों की समस्याओं से उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल अवगत हुए। कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित समस्या सम्बन्धित आवेदनो का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया। अन्य शिकायतों से सम्बन्धित प्राप्त आवेदन को उपायुक्त ने सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिली जानकारी अनुसार जनता मिलन कार्यक्रम में भूमि सम्बन्धित, आवसीय विद्यालय में बच्ची के नामांकन, आदित्यपुर वार्ड संख्या-17 में सड़क मरम्मती, पेयजलापूर्ति, हरि ओम नगर, सरिता टॉकीज एवं नगीनापूरी छठ घाट के सड़क मरम्मती कार्य में अनियमितता बरतने, मत्स्य विभाग,भूमि अधिग्रहण का लंबित मुआवजा राशि भुगतान, बंद पेंशन योजनाओं का लाभ पुनः प्रारम्भ करने समेत विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। समाहरणालय स्थित एन आई सी सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में उपायुक्त के साथ सोशल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय भी उपस्थित थे।

## मेरा माटी, मेरा देश के तहत शहीद पार्क से किया गया मिट्टी संग्रह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां के भाजपाईयों ने 'मेरा माटी, मेरा देश' अभियान के तहत खरसावां के शहीद पार्क से मिट्टी संग्रह किया. इस संबंध में पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय ने बताया कि शहीद पार्क की पवित्र मिट्टी को अमृत कलश में एकत्रित कर दिल्ली भेजा जायेगा. देश के विभिन्न क्षेत्रों से पवित्र मिट्टी को एकत्रित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य शहीद हुए वीरों को सम्मान देना है. अमृत कलश में लायी गयी मिट्टी का उपयोग नेशनल वार मेरोरियल के समीप 'अमृत वाटिका' का निर्माण किया जाएगा. इस दौरान मुख्य रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो, विनोद सिंह, कुंवर बानरा, उदय सिंहदेव, मांगता गोप, लख कुमार महतो, लखीराम मुंडा,मंगल सिंह मुंडा, होपना सोरेन समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## टाटा मोटर्स कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधा में कटौती, रघुवर ने वीपी बादशाह को लिखा पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने टाटा मोटर्स के उपाध्यक्ष (सी.वी.ओ.) विशाल बादशाह को पत्र लिखकर कंपनी के जमशेदपुर प्लांट के श्रमिकों को मिलने वाली सुविधा में की गयी कटौती की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए उसके निराकरण करने का आग्रह किया है। श्री दास ने पत्र में कहा है कि कंपनी के कर्मचारियों को हाल के वेतन पुनरीक्षण की जानकारी नहीं दी गयी है, जबकि इसके पूर्व कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी जाती रही है। उन्होंने शिकायत की है कि कंपनी कर्मचारियों के अगस्त 2023 में सुरक्षा सूचनांक के नाम पर प्रत्येक कर्मचारियों के वेतन से 12 सौ रुपये की कटौती की गयी है। इसी माह में मेजर परफॉर्मेंस प्रोड्क्शन सेंगमेंट में 5,500 रुपये की कटौती की गयी है। इतना ही नहीं श्रमिकों को वेतन भुगतान की जो पर्ची दी गयी है, उसमें सुरक्षा सूचकांक गायब है, जो वेतन पुनरीक्षण समझौते के विरूद्ध है। श्री दास ने पत्र में यह भी कहा है कि कोविड-19 महामारी के दौरान बंद किये गये कंपनी का एक नंबर गेट को अभी तक नहीं खोला गया है, जिससे कर्मचारियों को असुविधा हो रही है। इसके अलावा कंपनी कर्मचारियों को बैंकिंग प्रक्रिया पूरी करने, अंतिम संस्कार में शामिल होने और बच्चों के लिए स्कूल जाने जैसे आवश्यक कार्यो के लिए महीने में तीन दिन की मिलने वाली छुट्टी बंद कर दी गयी है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष है। पत्र में कहा गया है कि पूर्व में कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु पर अनुग्रह राशि दी जाती थी, जो बंद कर दी गयी है। अगर किसी के परिवार को यह रकम मिलती है तो उस कर्मचारी की ग्रुप इंश्योरेंस से वह राशि काट ली जाती है।

## जेडीयू के जिला महासचिव ने समर्थकों संग झारखंड पार्टी का थामा दामन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** पूर्व मंत्री एनोस एक्का के नेतृत्व वाली झारखंड पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह खरसावां के कैनल मैदान में मंगलवार को आयोजित की गयी. जिसमे पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत,केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकु,पूर्व राज्य सभा सांसद डीपी जामुदा,केंद्रीय सचिव महेंद्र जामुदा,कार्यकारी जिलाध्यक्ष मंगल हांसदा आदि उपस्थित रहे. कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान युवा नेता सह जेडीयू के जिला महासचिव रहे विनोद बिहारी कुजूर तथा सरायकेला के अधिवक्ता मनोज माहली ने अपने समर्थकों के साथ झापा की सदस्यता ग्रहण की. इस दौरान विनोद बिहारी कुजूर के साथ मुख्य रुप से मो जमीन अंसारी, अफसर आलम, सुधीर मुंडा, हरिराम बोदरा, श्याम लाल लौहार आदि युवाओं ने झापा की सदस्यता ग्रहण की. इसके साथ ही सरायकेला विस क्षेत्र से अधिवक्ता मनोज माहली के नेतृत्व में जितेंद्र हेंब्रम, इंद्रजीत मंडल, राकेश माहली, रोहित माहली आदि झापा में शामिल हुए. कार्यकर्ता सम्मेलन को केंद्रीय उपाध्यक्ष अर्पना हंस, जिलाध्यक्ष मंगल सोरेन, मंगल सरदार, जसीम अंसारी, शालीग्राम उरांव, सुरेश कुमार, गोविंद कुजूर, गोविंदा तांती,पश्चिमी सिंहभूम जिलाध्यक्ष कोलंबस हांसदा,आनंद तिर्की आदि ने संबोधित किया.

## 9 करोड़ की लागत से बना टीकर-रांगामाटी सड़क छह महीने में ही गढ्ढे में तब्दील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** करीब 9 करोड़ की लागत से सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र का टीकर रांगामाटी सड़क बनने के बाद पहली बारिश भी नहीं झेल पाई। 6 महीने पूर्व बना सड़क पर हर जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गया है। देखने से लगता है कि 5 साल पुरानी सड़क पर सफर कर रहे हैं। बड़े बड़े गड्ढे में बरसात का पानी भर जाने से अक्सर भारी वाहनें दुर्घटना का शिकार हो रहा है। वहीं टीकर से रांगामाटी सड़क पर दो महीने के अंदर 5 ट्रक पलट चुका है। इसके अलावा टीकर में बने करकरी नदी का पुल के ऊपर चढ़ा पीच उखड़ जाने से ईचागढ़ क्षेत्र का सबसे पहला व पुराना पुल के ऊपर भी गढ्ढा बन रहा है, जिससे पुल भी क्षतिग्रस्त हो रहा है। समय रहते टीकर रांगामाटी सड़क व टीकर पुल पर संवेदक द्वारा मरम्मती नहीं किया जाता है तो सड़क में आवागमन करना खतरे से कम नहीं है। पुल के ऊपर उखड़ा प्री मिक्सींग पुनः नहीं करने से पुल पर वाहन पार करना भारी जोखिम भरा हो सकता है। 6 महीने के अंदर सड़क गढ्ढे में तब्दील होना सड़क के गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़ा किया है । मालूम हो कि सिल्ली रांगामाटी सड़क पर दिन रात सैकड़ों चार पहिया वाहन चलती है। रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो धनबाद व जमशेदपुर आदि शहरों में जाने का इस क्षेत्र का एकलौता सड़क है। वहीं सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव ने कहा कि संवेदक द्वारा घटीया निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि संवेदक पर कार्रवाई हो और ब्लेक लिस्ट किया जाय। कहा कि इस संबंध में सांसद संजय सेठ से शिकायत कर जल्द मरम्मती कराने का मांग किया जाएगा।

### संपादकीय

## सनातन के विरोध पर प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया

**डीएमके** के नेता एवं तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को समाप्त करने संबंधी बयान पर देशभर से निंदात्मक प्रतिक्रियाएं आ रही हैं लेकिन हैरानी की बात है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने अब तक एक शब्द नहीं बोला है। अपितु कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियंक खड़गे और पी. चिदम्बरम के बेटे कार्ति चिदम्बरम की ओर से उदयनिधि को समर्थन देनेवाले बयान ही आए हैं। इस पूरे घटनाक्रम से एक बार फिर जनता के सामने यह स्पष्ट हो रहा है कि कौन हिन्दू धर्म का हितैषी है और कौन सिर्फ कुर्सी के लिए हिन्दू हितैषी होने का स्वांग रचता है। कांग्रेस की ओर से अक्सर यह प्रश्न उछाला जाता है कि क्या भाजपा हिन्दू धर्म की ठेकेदार है, इस घटनाक्रम ने बता दिया है कि हिन्दुओं के स्वाभिमान का मुद्दा आनेपर भाजपा ही बेहिचक सबसे आगे खड़ी दिखायी देती है। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि हाँ, भाजपा हिन्दू धर्म की ठेकेदार के तौर पर इकलौती पार्टी के नाते दिखायी देती है। सनातन को समाप्त करने संबंधी मामले में भी भाजपा की ओर से ही कड़ा विरोध दर्ज कराया जा रहा है। यहाँ तक कि अब तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पार्टी की बैठक में जिम्मेदार नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सनातन धर्म के विरोधियों को अच्छे से जवाब दिया जाना चाहिए। यहाँ उन्होंने यह भी कहा है कि विरोध कानून के दायरे में हो, हमें अपनी मर्यादा नहीं छोड़नी है। प्रधानमंत्री मोदी का यह संदेश समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी सहयोगी होगा। उल्लेखनीय है कि उदयनिधि स्टालिन के बयान से लोगों को भयंकर आक्रोश है। यह आक्रोश हिंसक रूप न ले, इसलिए भी देश के किसी बड़े नेता की ओर से इस तरह का संदेश अपेक्षित था। यह सनातन धर्म के अनुयायियों की सहनशीलता ही है कि उदयनिधि स्टालिन के आपत्तिजनक बयान के बाद भी उसका विरोध केवल तर्कों के आधार पर किया जा रहा है। यह बात अवश्य ही उदयनिधि जैसों को समझनी चाहिए। इस प्रकरण में एक और बात महत्व की है, जो समाज की सज्जनशक्ति को अनुभव करनी चाहिए। यदि समाज संगठित हो, तब उस पर आघात करने की हिम्मत कम ही लोगों की होगी। बीते दिन तक अपने बयान पर अड़े रहनेवाले उदयनिधि स्टालिन के तेवर अब ढीले पड़ते दिख रहे हैं। अब उन्होंने यह कहना प्रारंभ कर दिया है कि वे किसी धर्म के विरोधी नहीं है और उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया जा रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन, जो उदयनिधि के पिता भी हैं, अब तक इस मामले में चुप्पी साधकर बैठे थे, प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रिया के बाद उनको भी मजबूर होकर बचाव में उतरना पड़ा है। यदि समाज इसी प्रकार की संगठित रहे तो किसी भी स्टालिन की हिम्मत ही नहीं होगी कि वह सनातन की तुलना मच्छर, मलेरिया, डेंगू, कोरोना से करे और उसे समाप्त करने की अभिलाषा व्यक्त करे। इस मामले में कांग्रेस ने चुप्पी अवश्य साध रखी है लेकिन उसे भी ध्यान आ रहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों में अपने सहयोगी दल के नेता के यह विचार उसको भारी पड़ सकते हैं। इसके लिए कांग्रेस स्वयं भी जिम्मेदार होगी क्योंकि उससे अपेक्षा की जा रही थी कि वह अपने गठबंधन से डीएमके को बाहर का रास्ता दिखाए। डीएमके को बाहर का रास्ता दिखाना तो दूर, कांग्रेस ने उदयनिधि के बयान पर कड़ा प्रतिरोध तक दर्ज नहीं कराया है।


कांग्रेस की ओर से अक्सर यह प्रश्न उछाला जाता है कि क्या भाजपा हिन्दू धर्म की ठेकेदार है, इस घटनाक्रम ने बता दिया है कि हिन्दुओं के स्वाभिमान का मुद्दा आनेपर भाजपा ही बेहिचक सबसे आगे खड़ी दिखायी देती है। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि हाँ, भाजपा हिन्दू धर्म की ठेकेदार के तौर पर इकलौती पार्टी के नाते दिखायी देती है। सनातन को समाप्त करने संबंधी मामले में भी भाजपा की ओर से ही कड़ा विरोध दर्ज कराया जा रहा है। यहाँ तक कि अब तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पार्टी की बैठक में जिम्मेदार नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सनातन धर्म के विरोधियों को अच्छे से जवाब दिया जाना चाहिए। यहाँ उन्होंने यह भी कहा है कि विरोध कानून के दायरे में हो, हमें अपनी मर्यादा नहीं छोड़नी है। प्रधानमंत्री मोदी का यह संदेश समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी सहयोगी होगा। उल्लेखनीय है कि उदयनिधि स्टालिन के बयान से लोगों को भयंकर आक्रोश है। यह आक्रोश हिंसक रूप न ले, इसलिए भी देश के किसी बड़े नेता की ओर से इस तरह का संदेश अपेक्षित था। यह सनातन धर्म के अनुयायियों की सहनशीलता ही है कि उदयनिधि स्टालिन के आपत्तिजनक बयान के बाद भी उसका विरोध केवल तर्कों के आधार पर किया जा रहा है। यह बात अवश्य ही उदयनिधि जैसों को समझनी चाहिए। इस प्रकरण में एक और बात महत्व की है, जो समाज की सज्जनशक्ति को अनुभव करनी चाहिए। यदि समाज संगठित हो, तब उस पर आघात करने की हिम्मत कम ही लोगों की होगी। बीते दिन तक अपने बयान पर अड़े रहनेवाले उदयनिधि स्टालिन के तेवर अब ढीले पड़ते दिख रहे हैं।


### कुछ अलग

## पर्यावरण की परवाह

**जलवायु** परिवर्तन का असर साफ दिखने लगा है और धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। यूरोपीय संघ के कॉपरनिकस जलवायु परिवर्तन पैनल ने कहा है कि पिछला महीना अगस्त वैश्विक स्तर पर सबसे गरम रहा, जो अब तक के सबसे गरम जून और जुलाई के बाद ऐसा रिकॉर्ड बनाने वाला लगातार तीसरा महीना बन गया है। कॉपरनिकस की उप-प्रमुख सामंथा बर्गेस ने फिर गुहार लगाई है कि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन दुनिया में तत्काल बंद किया जाए। दुनिया के अनेक इलाकों में बाढ़ की स्थिति है, तो अनेक जगह आग लगी हुई है। यूरोप की अगर बात करें, तो पिछले महीने अगस्त में मध्य यूरोप और स्कैंडिनेविया के बड़े हिस्से में बाढ़ देखी गई, जबकि फ्रांस, ग्रीस, इटली और पुर्तगाल में ऐसा सूखा पड़ा कि जंगलों में आग लग गई। अगस्त में ऑस्ट्रेलिया, अनेक दक्षिण अमेरिकी देशों और अंटार्कटिका के आसपास भी औसत से काफी ऊपर तापमान दर्ज किया गया। इस साल में अब तीन ही महीने बचे हैं और ऐसा लग रहा है कि साल 2023 सबसे गरम वर्ष के रूप में दर्ज हो जाएगा। अब दुनिया के दिग्गज देशों को जरूर सोचना चाहिए कि क्या बढ़ते तापमान को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं? वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का लक्ष्य 2015 में 196 देशों ने पेरिस अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन समझौते के तहत तय किया था। इस दिशा में कितनी कामयाबी मिली है? यह वाकई परखने का समय है, वरना यह दुनिया इंसान के लिए दिनोंदिन मुश्किल होती चली जाएगी। भारत में भी अगस्त में औसत रूप से रिकॉर्ड गरमी दर्ज की गई है। वर्ष 1901 के बाद यह सबसे गरम अगस्त बताया जा रहा है। भारत में भी कहीं सूखे की स्थिति है, तो कहीं जरूरत से ज्यादा बारिश से तबाही का मंजर है। शायद अभी भी लोग जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रभाव भारत में भी महसूस किया जा रहा है। वैश्विक तापमान में वृद्धि के प्रभाव में भारत में भी औसत तापमान में वृद्धि हुई है। हिंद महासागर के स्तर में भी वृद्धि हुई है, जो भारतीय भूभाग को हर वर्ष 3.3 मिमी की मात्रा में निगल रहा है। भारतीय संसद में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, 1993 और 2017 के बीच, भारत के आसपास समुद्र के स्तर में कुल 7.92 सेंटीमीटर की वृद्धि हो चुकी है। वैसे अनेक अन्य देशों की तुलना में भारत पर्यावरण की दृष्टि से ज्यादा सजग और संवेदनशील है। सरकार हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार पहल कर रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने और 2030 तक 50 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के विकास के लिए 3,760 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह बहुत सुखद सूचना है कि सरकार का लक्ष्य 2030 तक 4,000 मेगावाट की बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं विकसित करना है।

# जी 20 के देश दो कदम और आगे बढ़ चुके हैं, जो पूरी दुनिया के लिए राहत और खुशी की बात है

## मानवता का कल्याण और सुख, सदैव सुनिश्चित किये जाने को लेकर दो कदम और आगे बढ़े जी 20 के देश

कमलेश पांडे


जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वन अर्थ वन फैमिली' पर प्रमुखता से बात की और मानव केंद्रित विकास की बात करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ने हमेशा से इसे बढ़ावा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम शुरू करने से पहले मोरक्को में आए विनाशकारी भूकंप में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की और कहा, "कार्यक्रम शुरू करने से पहले मैं कुछ देर पहले मोरक्को में आए भूकंप के प्रभावित लोगों के लिए संवेदना प्रकट करना चाहता हूं।


**नई दिल्ली** जी20 लीडर्स घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति बन गई है। कुल 37 पेज के नई दिल्ली घोषणा पत्र से 125 देशों ने सहमति जताई है, जिससे बहुत सारी बातें स्पष्ट हो चुकी हैं। इसका आशय स्पष्ट है कि मानवता का कल्याण और सुख, सदैव सुनिश्चित किये जाने सम्बन्धी पीएम मोदी के आह्वान पर जी 20 के देश दो कदम और आगे बढ़ चुके हैं, जो पूरी दुनिया के लिए राहत और खुशी की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद बताया कि ₹हमारे टीम के हार्ड वर्क से और आप सभी के सहयोग से नई दिल्ली जी20 लीडर्स घोषणा पत्र पर आम सहमति बन गई है।₹ इससे साफ है कि कूटनीति के मोर्चे पर भारत को बड़ी कामयाबी मिली है। सच कहा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व गुरु के अलावा विश्व मित्र की भारत की नई छवि स्थापित करने में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वन अर्थ वन फैमिली' पर प्रमुखता से बात की और मानव केंद्रित विकास की बात करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ने हमेशा से इसे बढ़ावा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम शुरू करने से पहले मोरक्को में आए विनाशकारी भूकंप में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की और कहा, "कार्यक्रम शुरू करने से पहले मैं कुछ देर पहले मोरक्को में आए भूकंप के प्रभावित लोगों के लिए संवेदना प्रकट करना चाहता हूं। मैं ये कहना चाहता हूं कि पूरा विश्व उनके साथ है और हम उन्हें हरसंभव मदद देने को तैयार हैं।" अपने उद्घाटन भाषण के दौरान मोदी ने कहा, "जहां हम एकत्र हुए हैं, वहां से कुछ दूर ढाई हज़ार साल पुराना स्तंभ है जिस पर प्राकृत भाषा में लिखा है- मानवता का कल्याण और सुख, सदैव सुनिश्चित किया जाएगा।" उन्होंने आगे कहा, ₹दुनिया इस समय कई संकटों का सामना कर रही है। यूक्रेन युद्ध और जलवायु परिवर्तन विश्व के सामने खड़ी बड़ी चुनौतियां हैं। इसलिए वैश्विक स्तर पर भरोसा बहाल करने का समय आ गया है।₹ उन्होंने आगे कहा, "भारत पूरी दुनिया से अपील कर रहा है कि हम मिलकर ग्लोबल ट्रस्ट डेफिसिट को विश्वास, भरोसे में बदलें। ये सभी के साथ मिलकर चलने का वक्त है। हम सभी के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हमारे लिए पथप्रदर्शक बन सकता है।" मोदी ने अपनी बात पर बल देते हुए कहा कि, "हमें आने वाली पीढ़ी के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल, नॉर्थ और साउथ के बीच का फर्क,



ईस्ट और वेस्ट के बीच का फर्क, अनाज संकट, खाद संकट जैसी चुनौतियों को नहीं दे सकते। यदि आज हमलोग नहीं सम्भले तो निकट भविष्य में इसका सामना करना ही पड़ेगा।"

वहीं, दिल्ली में हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन यानी अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के तौर पर जी-20 में शामिल कर लिया गया है, इस बात की जानकारी देते हुए मोदी ने कहा कि, "सबका साथ की भावना से ही भारत ने अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने की बात की थी। आप सबकी सहमति से मैं अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अपना स्थान ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करता हूं।"

वहीं, बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जी 20 बैठक में एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर जोर दिया गया है। पहली बार अफ्रीकन यूनियन को स्थायी सदस्यता दी गई है। भारत की हरित विकास पहल को मंजूरी दी गई है। संतुलित, समावेशी, मजबूत और स्थायी विकास पर जोर दिया गया है। बहुपक्षीय व्यवस्था को पुनर्जीवित करने पर बल दिया गया है। सभी देश डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करेंगे। साथ ही सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर देंगे। इसके अलावा भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बातें कही है।

वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उनके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जी 20 बैठक में भारत की अध्यक्षता में कई समाधान मिले हैं। वैश्विक समस्याओं के निराकरण पर जोर देते हुए उनके समुचित समाधान पर फोकस किया गया है। मजबूत टिकाऊ और समावेशी विकास पर मुहर लगी है। 21वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा हुई। विकासशील देशों पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता जताई गई, ताकि कोई भी देश पीछे ना छूटे। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर बात हुई। बायो फ्यूल एलायंस बनाया जाएगा। क्रिप्टो पर पालिसी को लेकर भी चर्चा हुई। हमें चुनौती पूर्ण समय में अध्यक्षता मिली। निजी डेटा की सुरक्षा पर भी बात हुई। इसके अलावा भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बातें कही है।

वहीं, जी 20 के शेरपा अमिताभ कांत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में यह तय हुआ कि किसी देश की अखंडता के खिलाफ बल प्रयोग नहीं किया जाएगा। परमाणु हथियारों का इश्तेमाल या धमकी स्वीकार्य नहीं होगा। सभी देशों को यूएन चार्टर के मुताबिक काम करना चाहिए। किसी भी देश की अखंडता के खिलाफ धमकी, बल प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबने माना कि आज का युग युद्ध का नहीं है। आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई है। किसी भी रूप में आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है। आतंकी समूहों के खिलाफ सहयोग देने पर सहमति बनी। इसके अलावा भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बातें कही है। इस घोषणा पत्र में वैश्विक आतंकवाद का 9 बार और यूक्रेन का 4 बार जिक्र आया है, लेकिन यूक्रेन के सम्बंध में रूस का जिक्र नहीं किया गया है। यह बुलन्द भारत की दबंग तस्वीर को अभिव्यक्त करता है। आखिर जी 20 के देशों ने माना है कि परस्पर अब और अधिक अविश्वास नहीं किया जा सकता है, क्योंकि भारत के शांति और विकास के मंत्र से सबकी आस जगी है।

जी20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई तो सुबह साढ़े दस से दोपहर डेढ़ बजे तक पहला सत्र 'वन अर्थ' पर आयोजित किया गया। वहीं, 'वन फैमिली' पर दूसरा सत्र दोपहर 3 बजे से 4.45 बजे तक चला। वहीं शाम 7 बजे डिनर पर सभी राष्ट्राध्यक्ष ने पारस्परिक मुलाक़ात किया और रात 8 बजे से 9.15 बजे तक बातचीत हुई। इस सत्र के बाद जी20 शिखर सम्मेलन समाप्त हो जाएगा। जी20 ग्रुप में 19 देश शामिल हैं- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, रिपब्लिक ऑफ़ कोरिया, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका। ग्रुप का 20वां सदस्य यूरोपीय संघ है। अफ्रीकी यूनियन के इस संगठन में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल होने के बाद अब 19 देश और दो संघ इसके सदस्य हो गए हैं।

## मानवतावादी दृष्टिकोण बदलने की अनूठी पहल


आज़ादी के अमृतकाल के दौरान भारत को जी-20 का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना अपने आप में एक सुखद आश्चर्य की अनुभूति करने वाला विषय रहा। जी-20, दुनिया के 20 बड़े देशों का एक अंतर-सरकारी मंच है, जो दुनिया के बड़े भूभाग का प्रतिनिधित्व करता है। दुनिया की लगभग 85 प्रतिशत जीडीपी और 75 फीसदी ग्लोबल ट्रेड जी-20 देशों के पास है। विश्व की दो तिहाई आबादी भी जी-20 देशों में निवासरत है। भारत के पास नवम्बर 2023 तक इस समूह की अध्यक्षता रहने वाली है और इस दौरान भारत लगातार दुनिया को विभिन्न वैश्विक चुनौतियों से बाहर निकलने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। भारत, लोकतंत्र की जननी है और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की जिस अवधारणा को हम सदियों से आत्मसात करके आगे बढ़ रहे हैं। उसी को केंद्र में रखते हुए जी-20 की थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' रखा गया है। वर्तमान समय में दुनिया तमाम तरह के संकटों के दौर से गुजर रही है।


**किसी** भी राष्ट्र का उत्थान वहां पर निवासरत लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास से सम्भव है। एक राष्ट्र के बहुआयामी विकास में शिक्षा महती निभाती है। यही वजह है कि जिन देशों की शिक्षा व्यवस्था समृद्ध है, वो देश वैश्विक फ़लक पर अधिक समृद्ध और संपन्न हैं। विगत कुछ वर्षों में भारत ने भी तरक़्क़ी के नित नए आयाम स्थापित किए हैं, जिसकी परिणीति यह हुई है कि भारत की पहचान वैश्विक परिदृश्य पर एक मज़बूत और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। आज़ादी के अमृतकाल के दौरान भारत को जी-20 का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना अपने आप में एक सुखद आश्चर्य की अनुभूति करने वाला विषय रहा। जी-20, दुनिया के 20 बड़े देशों का एक अंतर-सरकारी मंच है, जो दुनिया के बड़े भूभाग का प्रतिनिधित्व करता है। दुनिया की लगभग 85 प्रतिशत जीडीपी और 75 फीसदी ग्लोबल ट्रेड जी-20 देशों के पास है। विश्व की दो तिहाई आबादी भी जी-20 देशों में निवासरत है। भारत के पास नवम्बर 2023 तक इस समूह की अध्यक्षता रहने वाली है और इस दौरान भारत लगातार दुनिया को विभिन्न वैश्विक चुनौतियों से बाहर निकलने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।



भारत, लोकतंत्र की जननी है और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की जिस अवधारणा को हम सदियों से आत्मसात करके आगे बढ़ रहे हैं। उसी को केंद्र में रखते हुए जी-20 की थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' रखा गया है। वर्तमान समय में दुनिया तमाम तरह के संकटों के दौर से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन, विभिन्न देशों में गृह युद्ध की स्थितियों का निर्मित होना और कमज़ोर होती वैश्विक अर्थव्यवस्था इसी का हिस्सा है। शिक्षा का क्षेत्र भी एक तरह के संक्रमण काल से जूझ रहा है। जिसकी वजह से सतत विकास के लक्ष्यों को अर्जित करने में हम पिछड़ रहे हैं। आज दुनिया के सामने भुखमरी एक बड़ी समस्या हो सकती है तो दूसरी तरफ शिक्षा से वंचित बच्चों के आंकड़े हमें शिक्षण नीतियों में बड़े फेरबदल की दिशा में इशारा कर रहे हैं।

एक अनुमान के अनुसार दुनिया के 260 मिलियन बच्चें स्कूल का मुँह नहीं देख पाते हैं। ऐसे में जरा सोचिए कैसे सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति हो पाएगी? शिक्षा ही है, जो किसी देश के मानव संसाधन को कुशल और उपगोगी बनाती है। ऐसे में जी-20 देशों के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर कैसे बेहतर, न्यायसंगत, प्रासंगिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर सृजित हो सके। इस दिशा में पहल की जा रही है। भारत के नेतृत्व में जी-20 समूह के देश एक एजुकेशन वर्किंग ग्रुप के तहत काम कर रहें हैं, जिसका उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और प्रौद्योगिकी के जरिए पठन-पाठन का माकूल वातावरण तैयार करना है। गौरतलब हो कि इसके लिए जी-20 शिक्षा कार्य समूह (एजुकेशन वर्किंग ग्रुप) की स्थापना साल 2018 में अर्जेंटीना की अध्यक्षता में की गई थी।

एक मेजबान राष्ट्र के रूप में भारत, पिछली अध्यक्षताओं के तहत शिक्षा के क्षेत्र की समस्याओं के समाधान एवं शिक्षा से संबंधित ऐसे विचार-विमर्शों को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव लगातार कर रहा है जोकि शिक्षा की पूर्ण परिवर्तनकारी क्षमता को साकार होने से रोक रही हैं। इस भावना के अनुरूप कई ऐसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में युगांतरकारी परिवर्तन लाया जा सके। जी-20 के माध्यम से भारत ने दुनिया के सामने शिक्षा का एक नया खाका प्रस्तुत किया है। जो कहीं न कहीं विश्व की सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए लाभकारी है। भारत ने अपनी मेजबानी में शिक्षा कार्य समूह के सामने चार चरणों की एक रूप-रेखा पेश की है। जिसका पहला चरण बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान से सम्बंधित है। इसके दूसरे चरण में तकनीक की मदद से शिक्षा की पहुंच को बढ़ावा देना, तीसरे चरण में भविष्य की जरूरत और कौशल विकास को ध्यान में रखना और चौथे और आखिरी चरण में शोध को बढ़ावा देना और साझेदारी सम्मिलित है। साधारण सी बात है कि अगर दुनिया की 85 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व रखने वाले इन देशों की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आगामी भविष्य में दृष्टिगोचर हो जाते हैं, तो वैश्विक परिदृश्य व्यापक स्तर पर बदल जाएगा। पर्यावरण के प्रति लोगों की सोच में बदलाव आ जाएगा।

**विश्व बंधुत्व और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना**

विश्व बंधुत्व और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना प्रगाढ़ होती परिलक्षित होगी और सबसे महत्वपूर्ण बात जो निकलकर आएगी वो ये होगी कि दुनिया के सामने एक ऐसा वैश्विक मॉडल उभरकर सामने आएगा, जहां दूसरी या तीसरी दुनिया जैसे शब्दों के लिए कोई स्थान शेष नहीं होगा। इतना ही नहीं, दुनिया इस तथ्य से भलीभांति अवगत है कि भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत रही है और निः संदेह भारत की यही विरासत पुनः दुनिया के सामने भारतीयता का गौरव-गान कर रही है और हमारा देश 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्रस्तोता के रूप में उभरकर सामने आ रहा है।

भारत की अध्यक्षता में शिक्षा कार्य समूह (एजुकेशन वर्किंग ग्रुप) के अधिदेश में शिक्षार्थियों के सामने आने वाली बाधाओं को पहचानना और समझना शामिल है। इसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई ताकतों को आगे बढ़ाने में मदद करना, विशेषकर शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग और शिक्षण के तरीकों, पाठ्यक्रम, सामग्री, मूल्यांकन और शिक्षाशास्त्र पर महत्वपूर्ण प्रतिबिंब को सक्षम बनाने के लिए बेहतर प्रयास कर सीखने के परिणामों को सुनिश्चित करना और 21 वीं सदी में आवश्यक कौशल, दक्षताओं, मूल्यों और दृष्टिकोण के लिए शिक्षा को अधिक प्रासंगिक बनाना है। साथ ही शिक्षा कैसे मानव कल्याण के काम आ सके। इसके लिए प्रयास किए जाने हैं।

### दृष्टिकोण

## विशेष सत्र की चिंता

**देश** में जब राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है, तब जनसभाओं, बैठकों और विशेष विमर्शों के विषय व मौके भी स्वाभाविक ही बढ़ गए हैं। जब केंद्र सरकार ने संसद के आगामी विशेष सत्र का एजेंडा स्पष्ट नहीं किया है, तब विपक्षी दलों की बेचैनी व सक्रियता को सहज ही समझा जा सकता है। यह सियासी बेचैनी या संशय का ही परिणाम है कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विशेष संसद सत्र के दौरान नौ मुद्दों पर चर्चा के लिए पत्र लिखा है। विशेष सत्र के दौरान किन मुद्दों को उठाने की सलाह सरकार को देनी है, इस पर चर्चा मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के बीच भी हुई थी। चर्चा के कुछ मुद्दे मंगलवार को ही उजागर हो गए थे और अब आधिकारिक रूप से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विपक्ष ने अपनी ओर से दबाव बढ़ा दिया है। चुनाव जब करीब हों, तब ऐसी राजनीति स्वाभाविक है। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि लोगों का ध्यान खींचने के लिए भी ऐसी राजनीति होती है और लोग हर क्रिया के बाद प्रतिक्रिया का इंतजार करते हैं। जाहिर है, विपक्ष ने विशेष सत्र में चर्चा के विषय सुझाकर गेंद अब सत्ता पक्ष के पाले में डाल दिया है। अब कांग्रेस या विपक्ष ने जिन मुद्दों पर जोर दिया है, उन्हें देखना और समझना जरूरी है। विपक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी, मौजूदा आर्थिक स्थिति, अडाणी समूह पर हालिया खुलासे पर भी चर्चा की मांग की है। देश के संघीय ढांचे पर कथित हमले, कई राज्यों में हाल ही में आई बाढ़, प्राकृतिक आपदाओं, भारत-चीन सीमा पर स्थिति, देश के विभिन्न हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं के साथ ही मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा की मांग हुई है। जाहिर है, अपने पत्र में सोनिया गांधी ने सत्र के लिए सरकार के एजेंडे में पारदर्शिता की कमी की ओर इशारा किया है। विशेष सत्र की घोषणा 31 अगस्त केंद्र सरकार ने की थी, पर अभी तक इस सत्र का एजेंडा स्पष्ट नहीं किया गया है। विपक्ष इस बात से भी नाखुश है कि विशेष सत्र बिना उससे परामर्श के बुलाया गया है। विपक्ष का यह भी आरोप है कि देश में संसद का विशेष सत्र बुलाते हुए पहली बार एजेंडा स्पष्ट नहीं किया गया है। 18 से 22 सितंबर के बीच यह सत्र होगा, जिसमें सरकार की ओर से यही संकेत है कि सामान्य कामकाज होगा। खैर, यह बात कोई भी समझ सकता है कि विशेष सत्र किसी विशेष मकसद से ही होने वाला है। खैर, सत्ता पक्ष अपना एजेंडा बाद में स्पष्ट करेगा, लेकिन विपक्ष ने अपना एजेंडा साफ बता दिया। कुछ संभावनाएं बिल्कुल स्पष्ट हैं कि अगर विपक्ष के मनमुताबिक विषय न हुए या विपक्ष के हिसाब से विषय नहीं उठाए गए, तो संसद के विशेष सत्र में हंगामा या बहिष्कार तय है। विपक्ष को बिना विश्वास में लिए सत्ता पक्ष सदन में अपने लिए परेशानी ही बढ़ाएगा।

### देश दुनीया से

## हर बच्चा एक सा नहीं होता, समझना होगा मां-बाप को

**राजस्थान** के कोटा शहर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। वहां की कोचिंग संस्थानों में दाखिला कराए अभिभावकों की बेचैनी खत्म करने को स्थानीय प्रशासन ने जो फौरी कदम उठाया है, वह यह है कि अगले दो महीने तक आंतरिक टेस्ट पर रोक लगा दी गई है। परीक्षा में शामिल होने से पहले कोचिंग संस्थान आंतरिक टेस्ट के जरिए आंकलन करते हैं कि छात्र सम्बंधित परीक्षा के लिए कितना तैयार हुआ है? उसके रिजल्ट सार्वजनिक किए जाते हैं। यहीं से छात्रों पर मानसिक दबाव का दौर शुरू होता है। यह दबाव दो तरह का होता है। एक तो समकक्ष छात्रों के बीच आगे-पीछे होने का दबाव। दूसरा परिवार की आर्थिक स्थिति का ख्याल आना। यह पाया गया है कि जो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं, उनमें से ज्यादातर मध्यम-निम्न मध्यम परिवार के ही होते हैं। अपने ख्वाबों को हकीकत में तब्दील करने के लिए उनके माता-पिता अपनी तमाम जरूरतों पर पहरा बिठाते हुए, यहां तक कि कर्ज लेकर अपने बच्चों को यहां की कोचिंग में दाखिल कराते हैं। कहा जा रहा है कि दो महीने आंतरिक टेस्ट पर रोक छात्रों को भी तनाव के दौर से बाहर निकालने में मददगार होगी। लेकिन क्या इसे स्थायी समाधान कहा जा सकता है? इसका जवाब है- कतई नहीं। कोचिंग संस्थानों के लिए एक नियमित अंतराल पर अपने छात्रों को परखना जरूरी होता है। वे अभिभावकों से मोटी रकम वसूलते हैं, इस वजह से उन पर भी रिजल्ट देने का दबाव भी होता है। उनकी सारी दुकानदारी ही, इस आभामंडल पर टिकी हुई है कि 'वे कामयाबी की गारंटी हैं। उनके यहां अपने बच्चे को दाखिल कराने का मतलब बहुत हद तक कामयाबी के लिए सुनिश्चित हो जाना है।' सरकारी तंत्र भी इस पसोपेश में है कि कोचिंग संस्थानों को लेकर ऐसा क्या रास्ता निकाले क्योंकि अभिभावक खुद अपने बच्चों को लेकर उन तक पहुंचते हैं। ऐसा संभव भी नहीं कि सिरे से कोचिंग संस्थानों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया जाए। दरअसल इस समस्या का समाधान खुद अभिभावकों के बीच से ही खोजा जा सकता है। हाल के वर्षों में एक नया ट्रेंड देखने को मिला है। एक वक्त हुआ करता था, जब ऊंचे पद साधन सम्पन्न परिवारों के लिए ही आरक्षित मान लिए जाते थे। लेकिन अब बहुत ही साधारण परिवारों के बच्चे बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। इस वजह से अब साधारण परिवारों में भी अपने बच्चों के बड़े पदों पर पहुंचने के ख्वाब देखे जाने लगे हैं और यहीं से माता-पिता का अपने बच्चों पर दबाव बढ़ने लगा है। छोटी कक्षाओं से ही माता-पिता अपने बच्चों की तुलना करने शुरू कर देते हैं। जिस दिन कॉपियां दिखाने का दिन होता है, ज्यादातर माता-पिता अपने बच्चे की कॉपियां देखने से ज्यादा दूसरे बच्चों का रिजल्ट जानने में दिलचस्पी रखते हैं। जैसे ही उन्हें पता चलता है कि उनका बच्चे ने दूसरे के मुकाबले कम अच्छा प्रदर्शन किया है, उनकी डांट-फटकार का सिलसिला शुरू हो जाता है। घर आए मेहमानों के बीच या दूसरे किसी अवसरों पर माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई की तुलना दूसरे बच्चों से करते हुए दिखते हैं। यहीं से बच्चों में हीन भावना के साथ-साथ तनाव की प्रवृत्ति पैदा होती है। कोटा या किसी दूसरे शहर भेजने से पहले माता-पिता को यह जरूर समझना होगा कि हर बच्चा एक सा नहीं होता। हर बच्चे की क्षमता अलग-अलग होती है।


छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। वहां की कोचिंग संस्थानों में दाखिला कराए अभिभावकों की बेचैनी खत्म करने को स्थानीय प्रशासन ने जो फौरी कदम उठाया है, वह यह है कि अगले दो महीने तक आंतरिक टेस्ट पर रोक लगा दी गई है। परीक्षा में शामिल होने से पहले कोचिंग संस्थान आंतरिक टेस्ट के जरिए आंकलन करते हैं कि छात्र सम्बंधित परीक्षा के लिए कितना तैयार हुआ है? उसके रिजल्ट सार्वजनिक किए जाते हैं। यहीं से छात्रों पर मानसिक दबाव का दौर शुरू होता है। यह दबाव दो तरह का होता है। एक तो समकक्ष छात्रों के बीच आगे-पीछे होने का दबाव। दूसरा परिवार की आर्थिक स्थिति का ख्याल आना। यह पाया गया है कि जो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं, उनमें से ज्यादातर मध्यम-निम्न मध्यम परिवार के ही होते हैं। अपने ख्वाबों को हकीकत में तब्दील करने के लिए उनके माता-पिता अपनी तमाम जरूरतों पर पहरा बिठाते हुए, यहां तक कि कर्ज लेकर अपने बच्चों को यहां की कोचिंग में दाखिल कराते हैं।

# भाजपा की सरकार बनते ही बंदोबस्ती की गई जमीन का मुआवजा देगी राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

➲फील्ड फायरिंग रेंज के नाम पर राज्य सरकार क्षेत्र के जनता को उजाड़ने का करत रच रहा है षडयंत्र : सांसद सुनील कुमार सिंह




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि राज्य सरकार झारखंड की सभी खनिज संपदाओं बालू, गिट्टी और कोयला का अवैध उत्खनन करा रही है। और पुलिस वालों से वसूली कर खनिज संपदाओं को दूसरे प्रदेशों में भेज रही है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश से अपराधियों एवं भ्रष्टाचार्यों को मुक्त करने का संकल्प दिलाने को लेकर ही यह संकल्प यात्रा निकाली गई है। चतरा के कॉलेज मैदान में संकल्प सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। ट्रांसफर पोस्टिंग का काला कारोबार पूरे प्रदेश में फल फूल रहा है तो दूसरी तरफ हत्या लूट बलात्कार जैसी घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार को सभी मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा है कि हेमंत सोरेन सरकार अब चंद महीने की सरकार है और अब किसी के झांसे में नहीं आना है।आने वाले समय में भाजपा की सरकार झारखंड में बनेगी ।उन्होंने कहा है कि यदि भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनी तो सभी बंदोबस्त की गई गैर मजरूआ जमीन का मुआवजा प्रदेश की जनता को देगी। उन्होंने बताया कि फील्ड फायरिंग रेंज के नाम पर क्षेत्र की जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिर्फ चतरा जिला में ही 80000 गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिया गया है और ऐसे में घर उजाड़ने का काम के नाम पर गरीबों को डराया जा रहा है। चतरा, हजारीबाग सहित कई जिलों में वर्ष 1911 में ही सर्वे कराया गया और जिस जमीन पर पिछले चार चार पीढ़ियों से लोग घर बना कर रह रहे हैं, खेती-बाड़ी कर रहे हैं उनका भी राज्य सरकार मुआवजा नहीं दे रही है ।उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार बनते ही सभी बंदोबस्त की गई जमीनों का मुआवजा दिया जाएगा।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब-जब कांग्रेस झामुमो की सरकार बनती है तब तब प्रदेश में अपराध उग्रवाद की घटनाओं में बढ़ोतरी हो जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन के सरकार बनते के साथ ही पुलिस वाले अपना काम छोड़कर वसूली में लग जाते हैं और यही वजह है कि पूरे प्रदेश में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ गया है। उन्होंने प्रदेश की जनता से कहा कि अपराध मुक्त राज्य बनाना भाजपा की पहली प्राथमिकता है ।उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार का आलम यह है कि जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने के अलावा यदि मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनाने हो तो भी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इतना ही नहीं राशन कार्ड के नाम पर भी गरीबों से दोहन किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अधिकारियों के ट्रांसफर के नाम पर पैसा वसूलते हैं। दूसरी ओर केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद रडार पर हैं। जबकि ई डी के द्वारा हेमंत सोरेन से पूछताछ भी किया जा चुका है।

## डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्यओं को लेकर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त से मिल उन्हें समस्याएं सुनाया। उप विकास आयुक्त ने जनता दरबार में मिलने आए सभी शिकायतकर्ताओं की बारी बारी से समस्याएं सुन, जल्द समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया।समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन, प्रज्ञा केंद्र, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके। गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोल उनमें सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख रखाव समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी संतोष गुप्ता समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि,भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता,अग्निशमन पदाधिकारी एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन ऑन द स्पॉट एक का निष्पादन

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल के अंतर्गत मंगलवार को अंचल कोर्ट का आयोजन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के द्वारा किया गया। जहां ऑन द स्पॉट एक जमीनी मामले का निष्पादन किया गया। मामला केन्दुआ गांव के राजेंद्र यादव एवं गीता देवी पति दुखन यादव के बीच भूमि विवाद चल रही थी। जिसका कागजात जांचों उपरांत दोनों को जमीन की मापी कर आपस में ही सुलहन कर मामले का निष्पादन अंचलाधिकारी के द्वारा कर दिया गया।

## मनरेगा में रोजगार की गारंटी, मजदूरी की नहीं, मनरेगा में लगभग दो महीने से मजदूरी भुगतान लंबित

**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार की महत्वकांक्षी योजना मनरेगा में रोजगार की गारंटी। लेकिन मजदूरी की नहीं। इस योजना के तहत प्रखंड के मजदूरों को रोजगार तो मिल रहा है लेकिन मजदूरी नहीं।प्रखंड में पिछले 55 दिनों से मनरेगा में काम कर चुके मजदूरों को उनकी मजदूरी समय से नहीं मिल रहा है। इन मजदूरों के लिए परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। इस कारण मजदूरों का मनरेगा से मोह भंग हो रहा है। मिली सूत्रों की जानकारी के मुताबिक प्रखंड में टीसीबी, मेढबंदी, वृक्षारोपण, समेत कई योजनाएं संचालित हैं। इसमें प्रतिदिन औसतन 200 से 300 मजदूर काम करते हैं। उन्हें 30 दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। 27 जुलाई 2023 से 12 सितंबर 2023 तक मजदूरों का लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये का भुगतान लंबित है। प्रखंड में कुल सक्रिय मजदूरों की संख्या 5000 है। समय से मजदूरी का भुगतान नहीं होने से सक्रिय मजदूरों की संख्या में कमी आ रही है। मजदूरों को अगर शीघ्र भुगतान नहीं होता है तो उनके समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न हो जाएगी। दिहाड़ी मजदूरों के लिए मनरेगा काफी सार्थक सिद्ध हो रहा है, लेकिन समय से राशि का भुगतान नहीं होने के कारण मजदूरों को अपने परिवार का पालन-पोषण करने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## संकल्प रैली में पहुंचे बाबूलाल मरांडी, कार्यकर्ताओं को किया संबोधित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमण्डल मुख्यालय के खादी ग्राम उद्योग मैदान के सामने भाजपा के संकल्प सभा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य मंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने चार पहिया वाहन से सिमरिया सभा स्थल पहुंचे। जहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। श्री मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में चारों तरफ लूटमार की स्थिति बनी हुई है। कोई क्षेत्र सुरक्षित क्षेत्र नहीं रहा। उग्रवादियों से लेकर अपराधियों के हौसले बढ़ा हुआ है।हेमंत सरकार के राज में पुलिस से पदाधिकारी तक बेलगाम हैं। पुलिस और पदाधिकारियों से जनता से कार्य के बदले उगाही करवाया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि भुक्तभोगियों एवं ग्रामीणों का कोई कार्य वगैर रिश्वत के नहीं होता है। वहीं इन दिनों झारखण्ड सरकार केवल ट्रांसफर पोस्टिंग के नाम पर रुपया उगाही कर रही है। यहां बेरोजगारों को अभी तक कोई नोकरी नहीं दिया है। भुखमरी की समस्या बढ़ गयी है। महंगाई चरम सीमा पार कर गया है। ऐसी सरकार को2024 में उखाड़ कर फेंकने की जरूरत है। हमारी सरकार आएगी तो हम रोजगारों को नोकरी, पानी, आवास, निःशुल्क ग्रामीणों का काम,महंगाई से मुक्ति दिलाएंगे। हालांकि ऐसे बोल से पुलिस कर्मियों में नाराजगी देखि गयी। सभा में सांसद सुनील सिंह, सिमरिया विधायक किसुन दास हजारीबाग विधायक मनीष जयसवाल के अलावे पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता से लेकर प्रखण्ड व पंचायत स्तर के हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।

## विस्थापितों को जमीन देने पर स्थानीय ग्रामीण कर रहे हैं विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र के पैलापत्थल और लाई के वन जंगलों में लाटु, कोजरोम, जैगिर, हेनार, गांव के लोगों को विस्थापित किया जा रहा है जिसको लेकर सरयू प्रखंड क्षेत्र के पैलापत्थल गोताग चाचू अलगडीहा बरटोला डाबरी मोरपा बीचमरवा घासीटोला सरयू लाई चोरहा बन्दुआ गांव के ग्रामीणों के द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। वही ग्राम प्रधान बिशुनदेव सिंह ने बताया कि हम लोग पुरखों से पैलापत्थल के जंगलों के सहारे अपने घर परिवार को भरण पोषण कर रहे हैं, श्री सिंह कहा कि अगर इस जंगल में दुसरे जगह से लोगो को विस्थापित किया जाएगा तो हमलोग का आनेवाला पीढ़ी को काफी मुश्किलें बढ़ सकती है, जिसके लेकर हमलोग इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जान देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे। वही महिलाओं का कहना है कि हमलोग इसी जंगल से महुआ दातुन पतई और जलावन के लिए आश्रित है, अगर हम लोगों के यहां जंगल नहीं रहेगा तो हम लोग को इन सब चीजों के लिए दर-दर भटकना पड़ेगा जिसको लेकर हम लोग। लाटु कोजरोम जैगिर हेनार गांव के लोगों यहां विस्थापित नहीं होने देंगे इसके लिए हम लोग जान देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे। जिसके लेकर ग्रामीण निर्मल उरांव, विशुनदेव सिंह, सिकंदर नायक, कजरू सिंह, मोहन नायक, भोला भुइयां, बिरन सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, जितेंद्र नायक, सुनील उरांव, कर्मदेव सिंह, मो कलाम, राजेश बृजिया, मुस्ताक खलीफा, हासीम शाह, व संगीत देवी, सोनी देवी, सुनीता देवी, राजनी देवी, समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा विरोध किया जा रहा है।

## थाना प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व में लगातार सीआरपीएफ कैंप मुर्गीडीह पेट्रोल पंप के समीप लगातार विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया चलाया जा रहा है। जिसमें सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात के नियमों का पालन करने को लेकर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दोपहिया,चारपहिया वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही बिना हेलमेट और वाहन के कागजात के बिना वाहन चलाने वालों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान बिना हेलमेट और कागजात के पाए जाने वाले वाहन को जब्त किया जा रहा है। बरवाडीह प्रखंड की जनता तथा आसपास के लोग, जो बरवाडीह में आते हैं और बरवाडीह प्रखंड के सभी रास्तों से गुजरते हैं, उनसे थाना प्रभारी ने अनुरोध किया है कि हेलमेट लगाकर चलें। अन्यथा पुलिस कभी भी आपकी गाड़ी को पकड़ सकती है।

## सड़क पर जल जमाव होने से, आवागमन में छात्र-छात्रों सहित ग्रामीण परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के पांडे मोड से दुंदुवा गांव के मुख्य सड़क में गड्ढे हो जाने से जल जमाव के साथ साथ गंदगी फैल गई है। जिससे लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। उक्त सड़क में पिछले कई वर्षों से जल जमाव से लोग परेशान रहते हैं। यह समस्या सड़क के जर्जर हो जाने के कारण उत्पन्न हो रही है। सड़क के दोनों किनारो पर निवास कर रहे ग्रामीण दुर्गंध से परेशान हैं। साथ ही जलजमाव से बीमारी का भय सता रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हल्की भी बारिश होती है तो सड़क के दोनों तरफ का पानी जमा हो जाता है। सड़क में हमेशा जल जमाव रहने से सड़क पर चलने वाले वाहन व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क में जलजमाव से काफी दुर्गंध उठने लगा है। ग्रामीणों ने कल्याणपुर मुखिया महेश मुंडा से सड़क बनवाने का मांग किया। पर अभी तक मुखिया द्वारा पहल नहीं करने से ग्रामीणों में आक्रोश है। इस मामले में मुखिया महेश मुंडा से पूछे जाने पर कहा कि फंड में पैसा नहीं है। एनटीपीसी से बनवाने का मांग किया गया हैं। एनटीपीसी बनवाने का आश्वासन दिया है।

## हंगामे के बाद सतर्कता समिति के अगुवाई में हो रहा राशन वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत छेंचा के जन वितरण प्रणाली विक्रेता निजाम खां के द्वारा मात्रा से कम राशन देने का आरोप लगाते हुए कार्डधारियों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया। वहीं मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण ने संबंधित डीलर को पंचायत स्तरीय सतर्कता समिति के नेतृत्व में पुरी मात्रा में राशन वितरण करने का निर्देश दिया। जहां मामले को शांत करते हुए सतर्कता समिति के द्वारा राशन वितरण कराया जा रहा है। वहीं मौके पर पहुंचे एम ओ ने राशन वितरण की जांच की और संबंधित डीलर को कड़ी चेतावनी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह का राशन पुरी मात्रा में सतर्कता समिति के नेतृत्व में ही वितरण किया जाए। वहीं डीलर निजाम खां ने कार्डधारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने के आरोप को बेबुनियाद बताया है।

# गुलजार खां चुने गए राजद पंचायत अध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के प्रखण्ड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव की अगुवाई में पंचायत कमिटी गठन हेतु छेंचा पंचायत में बैठक हुई जिसमें काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। जहां बैठक में राजद के संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा किया गया। बाद इसके सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष के रूप में गुलजार खां को चुना गया वहीं उपाध्यक्ष असरफ खां, महासचिव युसुफ़ खां, शमीम खां, सचिव कलीम खां, बीगन यादव, युवा अध्यक्ष फैजुल खां, उपाध्यक्ष बेचन राम, कोषाध्यक्ष मनोज राम, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नुरैशा वीवी, कार्यकारिणी सदस्य रामानन्दन यादव, संदीप बेक, अनुज राम, संदीप यादव के रूप में चुने गए। मौके पर जिला महासचिव नेशार अहमद जिला सचिव जगनारायण माली प्रखंण्ड महासचिव मुन्नी चन्द्रवंशी प्रखंण्ड सचिव अशोक यादव, मंसुर आलम, आलमगीर खां, समशेर खां, साजिद खां, गुलाब खां, यशोदा देवी, अनिल राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाअध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार प्रखंड अध्यक्ष रंजीत उरांव के द्वारा युवा मोर्चा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। नए कमेटी के गठन पर चयनित सभी पदाधिकारी को लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला सचिव समसूल होदा,जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, केंद्रीय सदस्य सह जिला 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद मुस्तकीम, इश्तियाक खान उर्फ पप्पन खान, दीपू सिंह, मनोज चौधरी, पूर्व महिला मोर्चा केंद्रीय सदस्य अनीता मिंज, शाहिद अहमद, सुमन कुजूर, हमीद अहमद, राजू कुजूर, अंजर खान, अली असगर, वारिस अंसारी, समेत अन्य लोगों ने बधाई दी।

## 14 सितंबर को होगा बालूमाथ में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से आगामी 14 सितम्बर को लगने वाले स्वास्थ्य मेला सफल आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाइक,बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम,बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका कामिनी कुमारी,बीपीएम मृत्यंजय कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी ने बताया की स्वास्थ्य विभाग की ओर से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आने वाले 14 सितंबर को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें कैम्प लगाकर सामान्य चिकित्सा के अलावे आंख, कान, गला स्त्री रोग, दंत चिकित्सा, मलेरिया, कैंसर, परिवार नियोजन, बाल रोग, स्वास्थ्य, टीकाकरण आदि की जांच एवं जानकारी दी जाएगी। एवं मुफ्त दवा का वितरण किया जाएगा। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा की स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कैम्प में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसका लाभ उठाएं ।वही इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए आंगनवाड़ी सेविका, सहिया दीदी जेएसएलपीएस कर्मी,सखी मंडल को लगाया गया है साथ ही साउंड सिस्टम के माध्यम से गांव-गांव घूम-घूम कर इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा । इसके अलावा हेरहंज प्रखंड परिसर में 16 सितंबर को और बारियातु बाजार टांड में 17 सितंबर को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा।

# मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एक मुट्ठी चावल व मिट्टी का किया संग्रह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत भाजपाइयों ने आरागुंडी पंचायत के सिमरिया ग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश अभियान चलाकर एक मुट्ठी चावल व मिट्टी संग्रह किया,जिसमें लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह एवं जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत जनसंघ काल के नेता रहे स्वर्गीय महेंद्र वैध के आवास से की गई। जहां उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी ने एक मुट्ठी चावल एवं मिट्टी देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन लातेहार ग्रामीण मंडल के सोशल मीडिया प्रभारी श्याम किशोर वैध के द्वारा किया गया। मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सह व्यवसाय शुशील अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री पंकज सिंह व बंशी यादव, जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, चंदवा जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, चेतलाल राम दास, जिला कार्य समिति सदस्य मनोज कुमार, अजय तिवारी, आशा देवी, लातेहार ग्रामीण मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी ,मंडल सोशल मीडिया प्रभारी विकाश साहू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय परिसर मे मंगलवार को प्रखण्ड स्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य रमेश राम, शिक्षा विभाग के बीपीओ नरेश लाल रवि, संकुल प्रभारी प्रकाश यादव, नागेंद्र कुमार, ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित एंव फीता काट कर किया. शुभारंभ के पश्चात जिप सदस्य राम ने उपस्थित शिक्षकों व छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार राज्य के स्कूली बच्चों को खेल मे अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने को लेकर एवं राज्य के सरकारी स्कूल मे पढने वाले बच्चों के बीच खेल के प्रति रुचि बढाने के लिए खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने का मौका दे रही है। खेलो झारखंड के तहत सौ मिटर की दौड़, लम्बी कुद, उंची कुद, डिस्कस थ्रो, गोला फेंक, भाला फेंक, खो खो, कबड्डी वॉलीबॉल, जैसे अन्य कई खेल मे भाग ले सकते हैं। वंही संकुल प्रभारी प्रकाश यादव ने कहा की दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में कक्षा 6-7-व 8 के बालक बालिका जिन्का उम्र 14 से 17 वर्ष है.कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संजीव कुमार, सोनम स्वेता तिर्की, अविनाश राम, अजय बैठा, चंद्रप्रकाश पांडे, अशोक राम, प्रेम जिवन धर लकड़ा, सुरेश उरांव, अनिल कुमार सुमन, उत्तम कुमार पांडे सहित कई शिक्षकों का

## ग्राम प्रधान समेत चार लोगों को भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हेरहंज :** प्रखण्ड अन्तर्गत केडू ग्राम के ग्राम प्रधान के अध्यक्षता में गांव में बैठक कर पूर्व में बेबुनियाद गलती में आरोप लगाकर ग्रामीणों से वहिस्कृत करार कराते हुए कहा कि समाज में पुनः आने के लिए हम सभी के दण्ड को स्वीकार करना होगा. इसी समझौते को स्वीकार कराते हुए भिखारी गांझू को ग्राम प्रधान नासिर अंसारी एवम अन्य ग्रामीणों द्वारा जूता के माला पहनाकर गांव में घुमाया गया। बेगुनाह पीड़ित भिकारी गांझु की पत्नी सकुंती देवी ने इसकी सूचना हेरहंज थाना को दी. जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों को हेरहंज थाना कांड संख्या 44/23 दिनाँक 11/9/23 धारा 143/341342/323/504/506 /499/500 भादवि scst act के अंतर्गत बैठक के अध्यक्षता कर रहे नासिर अंसारी पिता दुखन अंसारी एवम बाबर अंसारी पिता नासिर अंसारी रामपति भुइयां पिता स्व प्रभू भुइयां विनोद सिंह पिता रामदेव सिंह बृजमोहन भुइयां पिता स्व प्रभू भुइयां एवम अन्य ग्रामीण के विरुद्ध दर्ज किया गया इस सन्दर्भ मे पुलिस अधीक्षक महोदय लातेहार द्वारा अनुश पु श अधिकारी बरवाडीह श्री दिलु लोहार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अनुसंधान के क्रम में सही पाया गया तथा कांड के प्राथमिकी अभ्युक्त प्रधान नासिर अंसारी तथा अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पेड़ से लटका मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के जालिम पंचायम अन्तर्गत सबानो गांव में एक युवती ने पेड़ से लटक अपनी जीवन की इहलीला समाप्त कर ली है। युवती की पहचान बोड़ा टोला निवासी बलकु भुईयां की बेटी पुष्पा कुमारी के रूप में हुई है। युवती ने अपने घर से करीब आधे किमी दूर जामून के पेड़ से दुपट्टा के सहारे लटक अपनी जान दे दी। इस संबंध में परिजनों का कहना है कि कल देर शाम पुष्पा घर से मोबाईल से बात करते हुए निकली थी और काफी देर हो जाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उनको सूचना दी की तुम्हारी बेटी पेड़ से लटकी हुई है। जिसके बाद हम सभी मौके पर पहुंचे तो देखें की हमारी बेटी ने पेड़ से लटक आत्महत्या कर ली है। इधर संबंध में लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि हमे घटना की जानकारी रात में मिली की थी कि जंगल में एक लड़की का शव पेट से लटका हुआ है, जिसके बाद तत्काल सबानो क्षेत्र के चौकीदार दिनेश तुरी को शव की सुरक्षा में रहने का आदेश दे दिया गया। मंगलवार की अहले सुबह पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीराम चौक करियातपुर में मनाया विश्व परिषद का स्थापना दिवस

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत के श्रीराम चौक हनुमान मंदिर के प्रांगण में सोमवार रात्रि विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार की अध्यक्षता मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्री राम जी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं ओमकार के ध्वनि उच्चारण से किया गया।विहिप के प्रखंड के मंत्री कैलाश ठाकुर ने विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाने के बारे में विस्तार रूप से बताया।वहीं जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता ने सभी सनातनि माता बहनों को सुरक्षा और संगठन मजबूती पर प्रकाश डाले। वहीं उन्होंने आगामी 8 अक्टूबर को हिंदू सम्मेलन रांची में उपस्थित सभी सनातनियों को हिंदू सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केशरी, सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन कुमार केशरी, मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी, करियातपुर पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, मंत्री कमलेश कुशवाहा,संतोष प्रजापति,कैलाश केशरी,अंकित केशरी,अभिषेक सोनी, प्रदीप शर्मा,संतोष केशरी, प्रकाश प्रजापति, शंकर प्रसाद केशरी, विक्की श्रीवास्तव,चंदन शर्मा,मनोज कुशवाहा,दीपक प्रजापति,राजन सोनी, प्रिया रानी, रिद्धी केशरी, गुनगुन,अशुप्रिया,संजना केशरी, कमला देवी, खुशी सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

### भव्य व विशाल शोभायात्रा दादी मंदिर से निकाली गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 17 वा भादो अमावस्या महोत्सव के आज दूसरे दिन भव्य और विशाल शोभायात्रा दादी मंदिर से निकाली गई। गणेश पूजा एवं दादी जी की आरती मंदिर के पुजारी बृजेंद्र कुमार पाठक एवं सोमनाथ शर्मा ने की। इसके पश्चात शोभा यात्रा सुभाष चौक, लोहार टोला, गोला रोड, झंडा चौक, थाना चौक, होते हुए वापस दादी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई.. शोभायात्रा बड़ी ही भव्य और आकर्षक लग रही थी जिसमें बड़ी संख्या में दादी भक्तों ने भाग लिया ...शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण जमशेदपुर से आई हुई झांकियों की टीम थी जो तरह-तरह की झांकियां प्रस्तुत कर रही थी झांकियों के पीछे 13 महिलाएं त्रिशूल लेकर चल रही थी और उनके पीछे 13 कलर्स एवं उनके साथ 13 दादी का प्रतीक चिन्ह लेकर चल रहे थे जो बहुत ही सुंदर और आकर्षक लग रही थी साथ ही साथ दादी जी के दरबार को भी बहुत सुंदर और आकर्षक सजाया गया था... दादी जी के दरबार से सभी को प्रसाद वितरण क्या किया जा रहा था शोभायात्रा में सभी दादी जी के प्रेमियों का उत्साह देखने लायक था रामगढ़ क्षेत्र की प्रसिद्ध भजन गायक का प्रीति पांडे ने अपने मधुर और मीठे भजनों से सभी दादी भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया.. शोभा यात्रा का नगर कि कई प्रमुख संस्थाओं ने दिल खोलकर स्वागत किया ... श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट ने इस भव्य विशाल शोभा यात्रा की सफलता के लिए शहर के सभी दादी भक्तों का तहे दिल से आभार प्रकट किया है. और आग्रह और निवेदन किया है कि कल के मंगल पाठ में ज्यादा से ज्यादा दादी भक्त शामिल होकर पुण्य के भागी बने ।

### ग्राम सभा की सहमति के बिना वन विभाग ने किया वृक्षारोपण

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के कुम्हरदगा गाँव के पंचायत भवन में पंचायत समिति सदस्या संध्या देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक रखी गई । ग्राम सभा में वन अधिकार कानून 2006 नियम 2008 के संसोधन नियम 2012 के तहत गाँव के वन क्षेत्र का सामुदायिक दावा हो चुका है । दावा अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी को दिनाँक 25/11/2021 को जमा हो चुका है जिसका छाया प्रति ग्राम सभा में जमा है । वन विभाग द्वारा गाँव में ग्राम सभा की बैठक एवं सहमति के बिना वृक्षारोपण किया गया साथ ही स्कूल एवं गाँव के बच्चों का खेल मैदान में भी वृक्षारोपण किया गया । बहुत मना करने के एवं इस विषय में डीएफओ रामगढ़ को भी लिखित गाँव के तरफ से एवं स्कूल की तरफ से आवेदन देने के बावजूद भी खेल मैदान में वृक्षारोपण किया गया । मौके पर दीपक महथा , बालेश्वर महतो ,मंजू देवी , देवंती देवी , कजरु करमाली , ढकनू महथा ,किरण देवी , ललकी देवी , माधुरी देवी , सुनील कुमार , विजय कुमार , रीता देवी , जितेंद्र महतो आदि लोग उपस्थित थे ।

### पुलिस निरीक्षक ने अवैध चिप्स लदा हाईवा किया जब्त

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के बरलंगा थाना अंतर्गत हारुबेडा में रविवार की मध्य रात्रि को गोला सर्किट इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने अवैध चिप्स(स्टोन) लदे एक हाइवा संख्या जेएच 10 बीडी 6801को जब्त कर बरलंगा थाना को रात मे ही सौंप दिया गया है।बताया जाता है कि इंस्पेक्टर को गुप्त सूचना मिली थी कि बरलंगा के रास्ते? हाइवा लदा चिप्स बंगाल जा रहा है।सूचना के आधार पर छापेमारी कर हाइवा को को जब्त किया है।पुलिस ने बताया की प्राथमिक के लिए खनन विभाग को सूचित किया गया है।विदित हो कि इससे दो दिन पूर्व ही इन्स्पेक्टर ने अवैध बालू लदे हाइवा को जब्त कर बरलंगा थाने में लगाया था।लगातार कारवाई से अवैध कार्य करने वालो मे हड़कंप मचा हुआ है।

### पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अपराध गोष्ठी का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिया गया 1. पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी तथा सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए. 2. माननीय न्यायाधीशों, न्यायालय परिसर, बार एसोसिएशन परिसर, आवासीय परिसर एवं कार्यरत न्यायालय कर्मी की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। 3. पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया. सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया 4. अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया. इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवम् जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया. 5. जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया. 6. संगठित अपराध गिरोहों के सदस्यों द्वारा सरकारी एवं निजी कंपनियों के क्वार्टरों को अनाधिकृत रूप से इस्तेमाल कर रहे अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया. 7. संगठित अपराध गिरोहों के खिलाफ ष्ष्ट के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार देश के लिए दुखद : डॉ. आर सी मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधानसभा के कांग्रेस उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने बरकट्ठा प्रखंड के उपरेली डेबो,निचली देबो, पचरुखी, तिलैया बभणी, चेचकपी, घनघरी मरमगडा एवं चौथा गावो का दौरा कर सैकड़ो लोगों से संपर्क करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो का अवलोकन करते हुए कहा कि आज देश मे महंगाई ,बेरोजगारी, महामारी एवं भ्रष्टाचार देश के लिए अशुभ संकेत है।बरकट्ठा में 15त्न धान रोपनी हुआ,वर्षा के अभाव में धान सूख रहा है सरकार सुखाड क्षेत्र घोषित करें। बरकट्ठा 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा की



सरकार हर गांव में सिंचाई एवं पटवन योग्य आहार नाहर जल मीनार का निर्माण कराते हुए हुए सुखाड क्षेत्र घोषित करें। वरिष्ठ कांग्रेस नेता बुद्धदेव सिंह ने कहा कि बरकट्ठा वर्षो से उपेक्षित है, जनप्रतिनिधियो को चेचकपी पंचायत पर ध्यान देंना चाहिए।

# सत्यानंद भोक्ता ने किया गारमेंट फैक्ट्री परियोजना का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय रामगढ़ के समीप डीएमएफटी के तहत संचालित गारमेंट फैक्ट्री परियोजना का उद्घाटन माननीय मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम उपयुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के द्वारा माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता को एवं जिला



नियोजन पदाधिकारी श्री देव प्रसाद के द्वारा माननीय विधायक रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र श्रीमती सुनीता चौधरी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात माननीय मंत्री, माननीय विधायक, उपायुक्त रामगढ़, उप विकास आयुक्त रामगढ़ सहित अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

# भारत जकात मांझी परगना महल व आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** भारत जकात मांझी परगना महल और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेताओं की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में महादेव मांझी, रामसिंह मांझी,करमा मांझी,जगलाल सोरेन,मणेन्द्र मांझी, चेतलाल मांझी, मनोज मांझी, पुसु किस्कू,दसाराम मांझी, भोला मांझी, राजेश किस्कू, चन्द्रमोहन मुर्मु, देवकीनंदन बेदिया, भुनेश्वर बेदिया,हीरा गोप,नरेश बडाईक,पवन गोप अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में विचार विमर्श किया गया कि अब तक घाटो थाना प्रभारी के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है इसलिए मृतक ललन किस्कू के परिवारों को न्याय के लिए और जयवीर हंसदा के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने वाले घाटो थाना प्रभारी को मुअतल करने की मांग को लेकर 19 सितंबर 2023 को घाटो हाऊसिंग मोड सरना स्थल में जनसुनवाई के लिए जनअदालत लगाई जाएगी।

# एनटीपीसी ने 13.22 एमपी कोयला का किया उत्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में सकारात्मक बदलाव लाने वाली एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा स्थानीय पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां को साझा करते हुए कई बातें कही। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा की देश की ऊर्जा जरूरत को पूरा करने में हमारी परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज हमारे देश में निरंतर ऊर्जा जरूरतों की मांग बढ़ती जा रही है ऐसे में हमारी परियोजना ने पिछले साल जहां 13.22 एमएमटी कोयला उत्पादन किया था वहीं इस साल हमारा लक्ष्य है कि कंपनी 17 एमएमटी का उत्पादन करें। परियोजना द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो के बारे में पूछे जाने पर परियोजना प्रमुख ने कहा कि हम नैगमिक सामाजिक दायित्वों के तहत आसपास के क्षेत्र में निरंतर चिकित्सा शिविर का आयोजन, आधारभूत संरचनाओं का विकास जिनमें सड़कों का निर्माण, ट्यूबवेल, दिव्यांग जनों को इलेक्ट्रीक ट्राई साइकिल जैसी कई सुविधाएं मुहैया करवा रहे हैं। परियोजना प्रमुख ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम 100 फिसदी कोयला कन्वेयर बेल्ट से ट्रांसपोर्ट करें। उन्होंने कहा हमने सैकड़ो लोगों को रोजगार, स्वरोजगार से जोड़ा है जिससे हजारों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। इस दौरान विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्षों ने भी अपनी विभाग की उपलब्धियां को रखा। मौके पर परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा, अमित अस्थाना, प्रशांत सिंह, अरविंद कुमार सिंह, डॉक्टर के पदक, दिलीप ठाकुर सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# कोल इंडिया कामगारों को खेल के लिए भी करता है प्रोत्साहित : रश्मि दयाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के टोंगी क्लब के प्रांगण में मंगलवार को दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ काफी उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सीसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औद्योगिक) रश्मि दयाल, खेल अधिकारी रांची आदिल हुसैन, जीएम अरगड्डा सुधांशु कुमार पांडे व अन्यो ने एक साथ दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। इससे पूर्व कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत पर सभी ने सुरक्षा, उत्पादन, खेल के प्रति भावना, राष्ट्र हित के प्रति संकल्प लिया। अवसर पर अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने मुख्य अतिथि महाप्रबंधक रांची रश्मि दयाल को स्मृति चिन्ह देकर अरगड्डा आगमन पर स्वागत व्यक्त किया। इसके अलावे अन्य अधिकारियों को भी पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। अंतर क्षेत्रीय खेल में पूरे सीसीएल के 12 क्षेत्र से कैरम में 54 खिलाड़ी व शतरंज में 44 खिलाड़ी कुल 98 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कटहरा, रजरप्पा, सीआरएस बरकाकाना, अरगड्डा, बरकासयाल, मगध, कुजू, ढ़ोरी, बीएनके, राजहरा, सीसीएल रांची मुख्यालय, गिरिडीह से खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। शतरंज का उद्घाटन मुख्य अतिथि महाप्रबंधक कार्मिक रश्मि दयाल ने अरगड्डा जीएम सुधांशु पांडे के साथ एक चाल खेलकर की।

# बाबूगांव में हुआ बी.आर अम्बेडकर बायोलॉजी क्लास एवं रॉकस्टार म्यूजिक एकेडमी का उद्धघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बाबूगांव में मंगलवार को प्रो प्रीति गुप्ता ने बी आर अम्बेडकर बायोलॉजी क्लास ,संगीत एवं नृत्य एकेडमी का बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी मुन्ना सिंह एवं कुमारी बिनीता प्रमुख कटकमदाग के साथ संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर किया ।मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह एवं कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता समेत अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया । बी आर अम्बेडकर बायोलॉजी क्लास के




माध्यम से सैकड़ों विद्यार्थियों ने सफलता का स्वाद चखा है। वहीं रॉकस्टार म्यूजिक एकेडमी के निर्देशक संतोष मेहता ने कहा कि त्योहारी सीजन को देखते हुए एकेडमी में फ्री नामांकन किया जाएगा। मुख्य अतिथि समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा कि संगीत के बिना जीवन अधूरा है।उद्घाटन कार्यक्रम में कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता,जदयू प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, बरकट्ठा विधान सभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता, राजू साव , मो मोख्तार,अमर सिंह , युवा जिला सचिव रितेश तिवारी ,रवि सिंह, मनीष गुप्ता,दिव्य ज्योति कॉलेज के संचालक अनिल यादव ,अमित कुमार,उदय साव,श्रीकांत ,पवन, अंकिता कुमारी,विभा विकास,नाज, ईसा,सोनम,रौशनी राधा कुमारी समेत दर्जनों छात्र छात्राएं शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ के 40 किसानो का प्रशिक्षण डीवीसी में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** छत्तीसगढ़ राज्य के कृषकों हेतु छ॒ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम डीवीसी के भूमि संरक्षण विभाग में हो रहा है।के लिए यह अभूतपूर्व उपलब्धि है कि इसके पहले झारखण्ड राज्य के ही कृषक डीवीसी में प्रशिक्षण हेतु आया करते थे । इस प्रसिक्षण में मृदा सैंपलिंग, मिट्टी परीक्षण, जल छाजन, चेक डैम का निर्माण, मत?स?य पालन और वानिकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।कृषकों से संवाद करते हुए दामोदर घाटी निगम के निदेशक संजय कुमार ने कहा कि झारखण्ड की मिट्टी और भौगोलिक संरचना में काफी समानता है । हमारे द्वारा किये गये कार्यो से और इस विभाग की विभिन्न गतिविधियों से परिचित होकर किसानों को अपनी फसल पैदावार को बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी । उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से वर्षा जल संचयन को अगर हमलोग संरक्षित करके उसका उपयोग सीख लेंगे तो स्वतःहमारे गांव स्वावलंबी हो जायेंगे । जल संचयन से कृषि और मत्स्य पालन सीधा जुड़ा है, दोनों ही नकदी फसलें हैं । छत्तीसगढ़ राज्य से आये प्रशिक्षणार्थी इन छ॒ दिनों में मिट्टी परीक्षण, बरही प्रखण्ड के कुण्ड़ेवाँ और दरूआ, कदवॉ आदि आस-पास के गाँव के कुल 21 चेक डैमों, कोनार डैम, मैथन मत्स्य पालन केन्द्र, डेमोटांड कृषि केन्द्र जाकर अपना प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ।

कार्यक्रम के दौरान डॉ शेखर कुमार सोनी भूमि संरक्षण पदाधिकारी सूरजपूर छत्तीसगढ़ ने कहा कि पिछले साल वे डीवीसी में 45 दिवसीय सघन प्रशिक्षण लेकर गये हैं उसके फलस्वरूप उनके कार्य गुणवत्ता में काफी सुधार आया है । उन्होंने आगे कहा कि वे तकनीकी रूप से भूमि और जल संरक्षण की सूक्ष्म जानकारियों को डीवीसी में ही सीखें जिससे भूमि संरक्षण कार्यो के क्रियान्वयन में काफी बढ़ोत्तरी हो रही है ।प्रशिक्षण प्रभारी डॉ जितेन्द्र झा ने सभी कृषकों को कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद निश्चित रूप से आपकी कार्यशैली में बदलाव आयेगा जो आपके गांव को एक नयी पहचान देगा । इस दौरान डॉ अशोक कुमार, एस के भद्रा, टी के लोध, संदीप पाल, दीपक कुमार, धीरज कुमार, मदन कुमार उपस्थित थे । इस प्रशिक्षण के सफल आयोजन में नीलू रजक, अर्द्धेन्दु द्वारी, श्रीराम प्रसाद, निर्मल रजक, सुरेन्द्र नारायण सिंह, ओबी हेम्ब्रम, सुनील कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी ।

# नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर कप्तानों के साथ कोर कमेटी की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित होने वाली नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 को लेकर नामांकित टीम के कप्तानों के साथ बड़कागांव पश्चिम पंचायत भवन सभागार में मुखिया रंजीत कुमार की अध्यक्षता में कोर कमिटी की बैठक की गई। जिसका संचालन समिति सचिव विजय यादव ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए फुटबॉल मैच के आयोजन का अंतिम रूप दिया गया साथ ही साथ कोर कमेटी के द्वारा बड़कागांव प्लस टू विद्यालय फुटबॉल मैदान का जायजा लिया गया। वही क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों खेल प्रेमियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए रणनीति तैयार की गई और भव्य आयोजन को लेकर अंतिम रूप दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक अनिल मिश्रा, जय नारायण प्रसाद, उमेश कुमार दांगी, बेचन साव, रंजीत कुमार, श्रीकांत निराला, कोषाध्यक्ष भवानी प्रसाद, सरोज सोनी, मीडिया प्रभारी संजय कुमार राणा, घनश्याम जायसवाल, सरोज कुमार, कैलाश साव, नरसिंह प्रसाद, कुणाल दुबे समेत दर्जनों टीम के कप्तान खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के कारण मरीज परेशान, नहीं हो रहा है किसी भी प्रकार का ऑपरेशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की घोर कमी हो गई है। जिसके कारण मरीज को काफी परेशानी हो रही है। बता दे की बरही अनुमंडलिय अस्पताल कई प्रखंडों से जुड़ा हुआ है जिससे यहॉ दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र से मरीज अपना इलाज करवाने आते हैं। यहां तक की तीन एनएच से जुड़े बरही चौक के कारण कई बार सड़क दुर्घटनाएं भी होती रहती है। कुछ समय पूर्व अस्पताल में स्थिति में सुधार आई थी लेकिन अभी कुछ महीनो से चिकित्सकों के तबादले के कारण अस्पताल में चिकित्सकों की कमी हो गई है। अस्पताल के डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि वर्तमान में केवल तीन डॉक्टर मौजूद है। जबकि यहां 12



डॉक्टरों की आवश्यकता है। अस्पताल में एनेस्थेसिक, सिजेरियन एवं गाइनोलॉजिस्ट डॉक्टर का तबादला हो जाने के कारण सारी व्यवस्था ठप हो गई है। वर्तमान में किसी भी प्रकार का ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी प्रसव मरीजों को हो रही है। मरीज काफी उम्मीद के साथ अस्पताल आ रहे हैं लेकिन डॉक्टर नहीं रहने के कारण उन्हें वापस लौट जाना पड़ रहा है। डीएस सहित तीन चिकित्सकों को ही दोनों शिफ्टों में मैनेज करना पड़ रहा है। इन्हीं तीनों चिकित्सकों को लगातार 24 घंटे ड्यूटी देना पड़ रहा है। हालांकि ओपीडी के समय आयुष चिकित्सकों के द्वारा भी सेवा दी जा रही है। परेशानी तब और बढ़ जाती है जब ओपीडी चालू होता है और मरीजों की संख्या सैकड़ो होती है। कई मरीज तो घंटो लाइन में खड़ा होने के बाद भी अपना इलाज नहीं करवा पाते हैं। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में हालात और भी गंभीर हो जाएगी।

# राजभाषा सप्ताह, आईसेक्ट विश्वविद्यालय में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** राजभाषा सप्ताह के तहत आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में आईक्यूएसी के सहयोग से विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक विभाग की ओर से मंगलवार को चित्र प्रतियोगिता, रंगोली, लेखक-लेखिका, कवि-कवयित्री के चित्र एवं उनके लेखन पर आधारित चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस आयोजन में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि बीते 9 सितंबर को कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के हाथों दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ आईसेक्ट विश्वविद्यालय में राजभाषा सप्ताह की शुरुआत की गई थी, जिसमें विद्यार्थियों के साथ साथ सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों को राजभाषा को बढ़ावा देने को लेकर शपथ भी दिलाई गई।

राजभाषा सप्ताह के 14 सितंबर को समापन समारोह के साथ संपन्न होगा।

इस बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अब तक श्लोक वाचन, कविता लेखन व प्रस्तुति सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी है। इस बाबत आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि अन्य शेष प्रतियोगिताएं आयोजित होने के बाद आगामी 14 सितंबर को समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही डॉ गोविंद ने हिंदी भाषा की अहमियत का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं बल्कि हमारी पहचान भी है। हिंदी भाषा को संसार की सबसे सरल भाषा बताते हुए उन्होंने कहा कि संविधान सभा ने हम सबको यह संवैधानिक और प्रशासनिक उत्तरदायित्व सौंपा है कि हम संविधान के 343 और 351 के अनुसार राजभाषा हिंदी का अधिकतम प्रयोग करते हुए इसका प्रचार प्रसार बढ़ाएं। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि हिंदी हमारी राजकीय और प्रमुख भाषा है। हालांकि पश्चिमी सभ्यता के बढ़ते प्रभाव का नकारात्मक असर हिंदी भाषा पर भी पड़ रहा है, जिसपर सभी को ध्यान देने की जरूरत है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सीसीएल कैरम खेल प्रतियोगिता में मगध संघमित्रा व सीसीएल मुख्यालय टीम फाइनल में पहुंची

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता के फाईनल में मगध संघमित्रा व सीसीएल मुख्यालय रांची की टीम पहुंच गई हैं। इसे लेकर खेल अधिकारी रांची आदिल हुसैन ने बताया कि चार बोर्ड के गेम में मगध व सीसीएल मुख्यालय के टीम टाई पर रही। पांचवें राउंड में मगध संघमित्रा की टीम ने जीत हासिल किया। शतरंज में रोहित तीन अंक, शांतनु सरकार तीन अंक, देव कुमार तीन अंक, विष्णु कुमार महतो तीन अंक, रामबाबू सिंह तीन अंक लाकर तीसरे राउंड के उपरांत भी बढ़त बनाए हुए हैं।

## विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने बचरा में टीम के बीच किया फुटबॉल का वितरण

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि सह बचरा उतरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को कई टीम के बीच फुटबॉल का वितरण किया।जानकारी के अनुसार बचरा उत्तरी पंचायत के होशिर,नगडुआ और हरगडवा के फुटबॉल टीमों के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों से खेल के क्षेत्र में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने पंचायत गांव और जिला सहित राज्य का नाम रोशन करने की अपील की,साथ ही खेल के क्षेत्र में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,मंगल सिंह,तेजनाथ महतो सहित कई फुटबॉल टीम के खिलाड़ी मौजूद थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में कल्याणपुर ने सरैया को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित शेख भिखारी स्टेडियम में सी टीम कल्याणपूर के द्वारा चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट का मंगलवार को समापन किया गया।प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान कल्याणपुर बनाम सरैया के बीच खेला गया।इस रोमांचक मैच में कल्याणपुर की टीम ने सरैया को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी शकील अंसारी एंव सचिन पासवान ने संयुक्त रूप से विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।प्रतियोगिता में कुल सोलह टीमो ने हिस्सा लिया था।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने इस तरह के आयोजन की प्रशंसा की,साथ ही खेल के क्षेत्र में हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।इस टूर्नामेंट के सफल बनाने मे आयोजन समिति के जीवन लाल,शांतनु कुमार,शुभव कुमार,सिद्धांत श्रीवास्तव,आकाश विश्वकर्मा, नीतिश कुमार सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

## पिपरवार के राजधर गांव में निःशुल्क आयुर्वेदिक जांच शिविर का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के राजधर गांव मे मंगलवार को निःशुल्क आयुर्वेदिक जांच शिविर का आयोजन किया गया।जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रकाश वर्मा के निर्देश पर आयोजित इस शिविर मे बहेरा पंचायत के सैकड़ो लोग शामिल हुए। शिविर का उद्घाटन फीता काटकर किया गया।शिविर मे डॉक्टर मुकेश कुमार ऋषि के द्वारा विभिन्न बीमारियों से ग्रसित लोगो का निःशुल्क ईलाज किया।शिविर मे बुखार,बदन दर्द,सर्दी,खांसी, ब्लड प्रेशर,शुगर इत्यादि की जांच किया गया एवं औषधि दवा का वितरण किया गया। इस शिविर में उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई बातों की जानकारी दी गई,इसके अलावे मौसमी बीमारियों से बचाव और इसके रोकथाम के बारे में बताया गया। डॉक्टर ने बताया कि बरसात के इस मौसम में लोग विभिन्न प्रकार के वायरल की चपेट में है।ऐसे में लोगों को सावधान होकर अपने और अपने परिवार को वायरल से बचने की जरूरत है।इस शिविर मे आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक संतोष कुमार,एएनएम आरती कुमारी,सहिया कमला देवी सहित ह्युमन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## एचएमसीएच में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट जल्द हीं, विधायक मीडिया प्रतिनिधि की पहल पर डीसी का आश्वासन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में लगातार पांव पसार रहे डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत को पूरा करने हेतु हजारीबाग के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में ब्लड कपोनेंट सेपरेशन की सुविधा शुरू करने को लेकर सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्वीट के माध्यम से अवगत कराया था।जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए रिट्वीट करते हुए उपायुक्त ने लिखा कि मशीन अधिष्ठापन हेतु विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दिया गया है। जल्द ही कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा ।रंजन चौधरी के ट्वीट पर डीसी नैंसी सहाय द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद उन्होंने डीसी को जनहित के इस जीवनदायी कार्य में तत्काल संज्ञान लेने हेतु धन्यवाद दिया और आभार जताया। रंजन चौधरी ने बताया की ब्लड कंपोनेंट की जरूरत को पूरा करने के लिए यह पहल वरदान साबित होगा और जरूरत पर रक्त से संबंधित कई मरीजों की जीवन रक्षा हो सकेगी। ज्ञात हो की हजारीबाग में लगातार डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं और डेंगू से लड़ने के उपाय को लेकर प्लेटलेट्स बेहद कारगर है।


GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)

OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)

Very Short e-procurement Notice

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/04/2023-24 Date:- 11.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction of RICE, MILL, DAL, SATTU, BESAN, MAIZE & TAMARIND Processing unit at different Place of Jharkhand. |
| 02. | Estimated Value of work (IN Rs) | 6,48,11,000.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 6,48,110.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 18 Months |
| 06. | Date Of Publication of on Website | 19.09.2023 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 27.09.2023 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 19.09.2023 at 11:00 AM to 27.09.2023 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 27.09.2023 Hard Copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 02:00 PM on 29.09.2023. Technical Bid received online will be opened at 04:00 PM on 29.09.2023
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 306807 Co-opretive(23-24)D


# सत्यानंद भोक्ता ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

## 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को माननीय मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह प्रभारी मंत्री रामगढ़ सत्यानंद भोक्ता ने रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान माननीय मंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान माननीय विधायक मांडू जेपी पटेल, माननीय विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद, माननीय विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, जिला परिषद सदस्यों सहित अन्य 20 सूत्री सदस्य बैठक में उपस्थित हुए।बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू ने सभी को पूर्व में हुई 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों कि विभागवार जानकारी दी।बैठक के दौरान माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की योजनाओं के वर्तमान स्थिति पर ध्यान देने एवं किसी भी क्षेत्र में किसी योजना में कार्य नहीं करने अथवा लाभुकों को लाभ न मिलाने संबंधित मामलों को त्वरित रूप से जिला प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की। वही माननीय मंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन/ शिलान्यास कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने एवं कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# सुदेश महतो के निर्देश पर उलीलोहोर में नया ट्रांसफार्मर लगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के उलीलोहर गांव के साहू टोला में विगत एक पखवाड़ा पुर्व 100केवी का ट्रासफार्मर जला हुआ था जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने आजसू पार्टी के रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा को दिया गया था।लोग इस गर्मी में परेशान थे किसानों का कृषि कार्य और बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी प्रभावित हो रही थी लोगो की परेशानी को देखते हुए इसकी जानकारी तत्काल आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को दी गई, जिसपर त्वरित संज्ञान में लेते हुए आजसू सुप्रीमो के निर्देशानुसार बिजली विभाग



के अधिकारीयों से बात की गई और नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। मंगलवार को गांव के वरिष्ठ व्यक्ति बुधराम महतो द्वारा फीता काटकर विधिवत ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया गया। ट्रांसफार्मर के लगने से लोगों में खुशी देखी गई।मौके पर आजसू पार्टी के रांची जिला वरीय जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा , आकाश बिट, संजय महतो, मोहम्मद सेराज, नीतीश कुमार, परिमल नायक सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

## आदिवासी समाज ने डीसी से की शिष्टाचार मुलाकात, भेंट किया फलदार पौधा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** आदिवासी समाज के लोगो द्वारा मंगलवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर फलदार पौधा भेंट किया। साथ ही जल, जंगल, जमीन से जुड़ी बातें रखी। मौके पर आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष राजेश मुंडा, सरना प्रार्थना सभा रामगढ़ धर्मगुरु संदीप टोप्पो , सूरज मुंडा, जगनारायण करमाली, संदीप पाहन, पिंटू बेदिया आदि उपस्थित थे।

## सयुक्त मोर्चा की बैठक में अरगड़ा क्षेत्रीय प्रबंधन के सारे कार्यक्रमों के बहिष्कार का निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अरगड्डा क्षेत्र में कार्यरत सभी मजदुर संगठन के सभी नेताओं ने अरगड्डा प्रबंधन के तानाशाही रवैए के खिलाफ प्रबंधन के सभी कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। मजदुर संगठन के नेताओ ने कहा की विगत कई माह से अरगड्डा प्रबंधन अधोगिक संबंधों को तार तार कर रही है बिना मजदुर संगठन को विश्वास में लिए बिना वैसे वैसे फैसले ले रही है जिसका सरोकार आम मजदूरों और कॉलोनी वासियों से है हाल ही में बिना मजदुर संगठन के नेताओ से सहमति बनाए पुरे लाव लस्कर के साथ कॉलोनियों में घुस कर मजदूरों के घरों का लाइन काट रहे है जिससे पुरे क्षेत्र मे भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। बिना किसी वार्ता के इविक्शन ऑर्डर निकाला जा रहा है। पिछले आठ माह से प्रबंधन ने ना ही सुरक्षा समिति, ना ही कल्याण समिति की बैठक और ना ही ए सी सी की बैठक की गई है। मजदुर संगठन के नेताओ को ना ही वेलफेयर फंड, ना ही सीएसआर फंड के कार्य को बताया जा रहा है। प्रबंधन एक तरफा तानाशाही रवैया अपनाया हुआ है। इसके विरोध में सभी मजदुर संगठन की नेताओं ने लिखित प्रतिवेदन महाप्रबंधक को दिया लेकिन महाप्रबंधक ने अड़ियल रुख अपनाते हुए बात करना भी उचित नहीं समझा इस कारण सभी मजदुर संगठन की नेताओं ने निर्णय लिया की हम सब भी प्रबंधन का बहिष्कार करेंगे इनके गैरकानूनी कार्यों का विरोध करेंगे साथ ही जल्द ही अरगड्डा प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लेंगे आईआर को समाप्त करने वाली इस प्रबंधन का हम भारी विरोध करते है।

## सदर विधायक की अगुवाई में हुआ गिरिडीह रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** टाउन स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के बाद मंगलवार को न्यू गिरिडीह- रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस विस्टाडोम कोच के साथ विशेष गाड़ी संख्या 03309 का परिचालन एवं ठहराव गिरिडीह और रांची के बीच हजारीबाग रेलवे स्टेशन पर भी हुआ। इस अवसर पर यहां रेलवे विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और विशिष्ट अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए ।तत्पश्चात् जैसे ही निर्धारित समय पर न्यू गिरिडीह -रांची इंटरसिटी एक्स्प्रेस विस्टाडोम कोच का हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन में ठहराव हुआ तो हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने गाजे- बाजे के साथ इस रेल गाड़ी का स्वागत किया एवं रेल के चालक और परिचालक सहित रेलवे विभाग के अधिकारियों का फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया एवं अपने हाथों से लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग से रांची के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग के लिए यह ऐतिहासिक दिन है जब एक ओर ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ।

### हजारीबाग को वंदे भारत के बाद मिली इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात

# इंटरसिटी एक्सप्रेस से होगी लाखों यात्रियों को सुविधा जनता कह रही मोदी हैं तो मुमकिन है : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** हज़ारीबाग लोकसभा के रेल कार्यों में एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। वंदे भारत के बाद क्षेत्र को इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात मिली है। 12 सितम्बर को रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन किया गया। इसका संचालन वाया जमुआ, धनवार, महेशपुर हाल्ट, कोडरमा, हज़ारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा व टाटीसिलवे से होकर किया जा रहा है।सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग से इसकी शुरुआत को लेकर काफी समय से प्रयासरत थे। उनके प्रयासों को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के शुरू होने से अब लाखों यात्रियों को अत्यंत सुविधा होगी। जयंत सिन्हा ने हजारीबाग में इस ट्रेन का स्वागत कर इसके विस्टाडोम कोच में यात्रा की। साथ ही बरकाकाना रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को रांची के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्री हज़ारीबाग से रांची का सफर सिर्फ ?75 में और रामगढ़ से रांची का सफर ?60 में कर पाएंगे। इससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इंटरसिटी एक्सप्रेस के शुरू होने से क्षेत्रवासियों में अपार ख़ुशी व उत्साह है। जनता इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री जी व अपने सांसद को धन्यवाद दे रही है। इस सुअवसर पर जयंत सिन्हा ने कहा कि हज़ारीबाग के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। हमने क्षेत्र को रेल लाइन व वंदे भारत के बाद इंटरसिटी के जरिये एक और सुविधा दिलवाई है। यह ट्रेन अत्यंत सुविधाजनक है। इसमें विस्टाडोम कोच लगाया गया है, जिसमें बड़ी-बड़ी खिड़कियां हैं। यात्रियों को इस कोच में सफर कर बेहद आनंद आएगा। उन्हें वादियों के खूबसूरत नज़ारे देखने को मिलेंगे। हम इंटरसिटी को बरही में रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि यहाँ



के निवासियों को भी इसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही हज़ारीबाग से राजधानी एक्सप्रेस शुरू करवाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके शुरू होने पर नई दिल्ली और कोलकाता की यात्रा कर पाएंगे।जयंत सिन्हा ने कहा कि हम सबका साथ और सबका विकास के मूलमंत्र के साथ काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास यात्रियों के लिए सदैव हर बेहतर सुविधा सुनिश्चित करवाना रहा है। क्षेत्र में रेल संबंधी विभिन्न विकास कार्य जारी हैं। अमृत स्टेशन योजना से बरकाकाना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में रेल सेवाओं का परिदृश्य बदलेगा। प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हज़ारीबाग लोकसभा निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। मैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से लगातार मुलाकात कर क्षेत्र में रेल संबंधी कार्यों पर चर्चा कर रहा हूँ। इंटरसिटी एक्सप्रेस की शुरुआत होना इन्हीं प्रयासों का परिणाम है। मैं इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें देता हूँ। उन्होंने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री जी व रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में हज़ारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल समेत अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## भाजपा के विजय संकल्प यात्रा में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ता सिमरिया मे आयोजित विजय संक्लप यात्रा मे शामिल हुए।कार्यक्रम मे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मंराडी,सांसद सुनील सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, टंडवा प्रमुख रीना कुमारी सहित भाजपा के कई नेता शामिल हुए।मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि 2024 के चुनाव से पूर्व भाजपा द्वारा विधानसभा स्तर पर इसका आयोजन किया जा रहा है।विजय संकल्प यात्रा में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।वहीं कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।पिपरवार मंडल से मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद,विजय लाल,अजय सिंह,राधा देवी,श्रीवास्तव उरांव,अरूण उरांव,धनराज भोगता,रीना देवी,शिवशंकर साव,सोनू कुमार गुप्ता,रविंद्र सिंह,बालेश्वर उरांव,सुरेंद्र भगत,कारण कुमार महतो, संजय कुमार गंझु,अरविंद सिंह,रविंद्र उरांव,उदय शर्मा, सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।


पशुपालन निदेशालय
झारखण्ड, राँची

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, (पशुपालन प्रभाग) अन्तर्गत पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड द्वारा संचालित राज्य योजनान्तर्गत जोड़ा बैल वितरण किए जाने से संबंधित एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/कम्पनी/आपूर्तिकर्त्ता के चयन सह सूचीबद्ध करने हेतु
"इच्छा की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत राज्य के छोटे एवं सीमान्त किसानों को खेती करने के लिए बैल की आवश्यकता तथा कृषि कार्य में उन्नति लाने के उद्देश्य से Castrated नर बाछाओं का जोड़ा बैल के रूप में राज्य के सुदुरवर्ती क्षेत्रों में वितरण करने की योजना है, जिससे कि किसानों को कम लागत में खेती कार्य में सहयोग हो सके तथा अधिक मुनाफा हो सके।

राज्यादेश संख्या–01 रा० (वि०) दिनांक–27.04.2023 के अनुसार झारखण्ड के सभी जिलों में राज्य योजनान्तर्गत जोड़ा बैल वितरण योजना के अन्तर्गत जोड़ा बैल चयनित एवं अनुसंशित लाभुकों को योजनान्तर्गत दिए गए राशि की अधिसीमा में उनके द्वार पर उपलब्ध कराये जाने के निमित एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/कम्पनी/आपूर्तिकर्त्ता को सूचिबद्ध किए जाने हेतु पशुपालन निदेशालय इच्छुक एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/कम्पनी/आपूर्तिकर्त्ता से वर्णित पात्रता मापदण्ड में आवेदन की मांग करता है:–

कार्यक्षेत्र :– झारखण्ड के सभी जिलें।

निदेशालय :– पशुपालन निदेशालय, पशुपालन भवन, हेसाग, हटिया, राँची–834003 में वर्णित योजनान्तर्गत लक्ष्य के द्वारा है।

निदेशक, पशुपालन, पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, पशुपालन भवन, हेसांग, हटिया, राँची पिन कोड–834003

इच्छुक एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/कम्पनी/आपूर्तिकर्त्ता द्वारा उपरोक्त पते पर कार्यालय में हाथों–हाथ एवं डाक द्वारा जमा किया जा सकता है।

"इच्छा की अभिव्यक्ति" दस्तावेज प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि : 14.09.2023 समय 05:00 बजे तक।
"इच्छा की अभिव्यक्ति" दस्तावेज प्राप्त करने की अन्तिम तिथि : 29.09.2023 समय 05:00 बजे तक।
"इच्छा की अभिव्यक्ति" जमा करने की अन्तिम तिथि : 03.10.2023 समय 05:00 बजे तक। "इच्छा की अभिव्यक्ति" के अन्तर्गत प्राप्त प्रस्तावों को खोलने की तिथि: 04.10.2023 समय 03:00 बजे

इच्छा की अभिव्यक्ति दस्तावेज शुल्क :– Non Refundable **Bank Draft** of **Rs. 5000/- (Rupees Five Thousand only )** in favour of "Director Animal Husbandry, Government of Jharkhand" payable at Ranchi

"सर्वकालिक इच्छा की अभिव्यक्ति" प्रपत्र विभागीय बेबसाईट http://jharkhand.gov.in/**agriculture or http://animalhusbandry.jharkhand.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। परन्तु दस्तावेज एवं DD को हाथों–हाथ पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची में ही जमा करना है।

PR 306737 (Animal Husbandry)23-24*D

निदेशक, पशुपालन



कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा

पत्रांक : ............................ दिनांक : ...................................

शुद्धि पत्र
(Corrigendum)

नगर परिषद झुमरी तिलैया अन्तर्गत आमंत्रित ई–निविदा सूचना सं0 NIT No – JMT/08 / 2023-24 (2nd call), Dated 30-08-2023 (PR No. 305923, Urban Development 2023-24:D) में अपरिहार्य कारणवश निम्नलिखित तालिका अनुरूप यथा संशोधित किया जाता है:–

| कम सं0 | पूर्व प्रकाशन | संशोधन |
|---|---|---|
| 7 | Date/Time of publication of tender on website 08.09.2023 at 3:00 P.M | Date/Time of publication of tender on website 16.09.2023 at 3:00 P.M |
| 9 | Last Date/Time for receipts of Bid Online: 21.09.2023 at 5:00 P.M | Last Date/Time for receipts of Bid Online: 06.10.2023 at 5:00 P.M |
| 10 | Date of Receiving Hard Copy of Earnest Money & Cost of Tender Fee: Upto 22.09.2023 at 5:00 PM at Office of Nagar Parishad, Jhumritelaiya | Date of Receiving Hard Copy of Earnest Money & Cost of Tender Fee: Upto 09.10.2023 at 5:00 PM at Office of Nagar Parishad, Jhumritelaiya |
| 11 | Opening of Pre-Qualification/ Technical Bids: 23.09.2023 at 3:00 PM | Opening of Pre-Qualification/ Technical Bids: 10.10.2023 at 3:00 PM |

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगे।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 306790 (Urban Development) 23-24 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
NH/HAZARIBAGH/2023-24/04

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 27.09.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 29.09.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 29.09.2023 को 3:30 बजे अपराह्न
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, धनबाद (ग) मुख्य अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, राँची
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : क्रमांक– 5 पर अंकित स्थान।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की राशि (₹ में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (₹ में) | अग्रधन की राशि (₹ में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 0.00(P) से कि०मी० 24.00(P) तक में Road Safety एवं अन्य कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹50,00,000 | ₹5,000 | ₹1,00,000 | 2 Months |
| 2 | राष्ट्रीय उच्च पथ सं०–522 के कि०मी० 25.00(P) से कि०मी० 48.00(P) तक में Road Safety एवं अन्य कार्य (वित्तीय वर्ष 2023-24) | ₹50,00,000 | ₹5,000 | ₹1,00,000 | 2 Months |
| 3 | बरही निरीक्षण भवन परिसर में स्टाफ क्वार्टर का जीर्णोद्धार कार्य | ₹50,00,000 | ₹5,000 | ₹1,00,000 | upto 15th March, 2024 |

8. निविदा कागजात क्रमांक–5 पर अंकित कार्यालयों से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य मान्य होगा।
10. बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी को निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
11. निविदाकार को पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के UCAN Portal पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।
12. निविदाकार का पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में एक से अधिक Registration नहीं होना चाहिए।
13. परिमाण विपत्र का मूल्य, जो किसी भी हालत में लौटाया नहीं जाएगा, बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से Executive Engineer, NH Division, Hazaribagh के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत हो, अनुमान्य होगा।
14. IT/GST/other deductions related to taxes/cess will be applicable as per existing law.

कार्यपालक अभियंता
रा०उ०पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 306823 Road (23-24)_D

## जदयू के प्रखंड अध्यक्ष का दिया इस्तीफा



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष प्रबोध पांडे ने आज पार्टी के पद एवं सदस्यता समेत सभी पदों से इस्तीफा दे दिया । प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी में जनता दल यू की स्थिति इन दिनों ठीक नहीं एक के बाद एक लोगों का महत्वपूर्ण पदों से इस्तीफा दिया जाना पार्टी की सेहत के लिए शुभ सूचना नहीं है । बताया जाता है कि 2024 की चुनाव नजदीक होने से इस तरह की इस्तीफा पार्टी के लिए आने वाले समय में बहुत ही संकट लेकर आएगा इससे पहले पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष परिमल दे का इस्तीफा देकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष पांडे ने बताया कि किसी दूसरे पार्टी में अभी फिलहाल जाने जैसी कोई बात नहीं। जनता दल यूनाइटेड से चुनावी मौसम में पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा इस तरह से पार्टी छोड़ना बड़ी नुकसान पहुंचा सकता है समय रहते इस पर पार्टी ने गौर नहीं किया तो टुंडी में पार्टी का जनाधार लगभग शून्य सा हो जाएगा।

## रानी दादी सती मंदिर के लिए निकाला गया निशान शोभायात्रा



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रानी दादी सती मंदिर के लिए निशान शोभायात्रा भगत सिंह चौक से पचमढ़ी बाजार के लिए निकला। लायंस क्लब ऑफ कतरास के डॉक्टर बी एन चौधरी और महेश अग्रवाल की निगरानी में निशान यात्रा भगत सिंह चौक से शुरू किया गया। लायंस क्लब ऑफ कतरास के तरफ से एलआईसी ऑफिस के पास ठंडा पानी और शरबत का व्यवस्था सभी के लिए किया गया था। जिसमें लायन सदस्यों ने अपनी सेवा देकर अहम भूमिका निभाई। मौके पर मुख्य रूप लायंस क्लब ऑफ कतरास से रितेश दुबे, कृष्ण कन्हैया राय,संजय अग्रवाल, डॉ स्वतंत्र कुमार, सुरेश रजक, डॉ मधुबाला, विभूति सिंह, शैलेश बर्मन इत्यादि लायन सदस्यों ने सभी निशान और शोभायात्रा में सम्मिलित लोगों पानी और शरबत पिलाया जिसमे कतरास के सामाजिक कार्यकर्ता गण बंटी कुलवाल, सुनंदा, जीत, अनुज प्रजापति, देवराज विश्वकर्मा, अनुराग बजरंगी, अरविंद ठाकुर, ब्रजेश सिंह इत्यादि ने भी पानी और शरबत बांटने में अहम भूमिका निभाई।

## विधायक की मां के निधन पर अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति ने किया शोक प्रकट



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की माता रुकवा महताईन उम्र लगभग 80 वर्ष का स्वर्गवास होने पर अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति ने शोक प्रकट किया। अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष ने कहा कि रुकवा महताईन अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़ गई रुकवा महताईन एक शेरनी थी जो गरीबों को सेवा के लिए ढुल्लू महतो जैसा शेर बेटा हम लोगों को देकर गई। शोक व्यक्त करने वाले अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी जिला अध्यक्ष श्रीमंत बाउरी चिरकुंडा नगर परिषद चेयरमैन डाब्लु बाउरी वकील बाउरी आनंद बाउरी लाला बाउरी गोपाल बाउरी रमेश बाउरी अजीत बाउरी बुलेन बाउरी युधिष्ठिर बाउरी पूर्व जिला परिषद सदस्य अंजना देवी पूनम देवी बरनाली देवी बंदना देवी नरेश बाउरी आदि थे।

## विधायक ढुलू महतो की माता का निधन, शोक की लहर



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा विधायक ढुलू महतो की माता रुकवा महताईन का मंगलवार की सुबह अशर्फी हॉस्पिटल धनबाद में इलाज के दौरान निधन हो गया। दिवंगत के निधन से पूरे कोयलांचल क्षेत्र में शोक की लहर है। महिला धर्म परायण थी। वे अपने पिछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है। निधन की खबर सुन कर काफी संख्या में कार्यकर्ता अस्पताल पहुंच गये है। साथ ही सभी भाजपा जनप्रतिनिधि, करीबी एवं क्षेत्र के लोग उनके आवास पर पहुंचे और श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर धनबाद सांसद पी. एन. सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, जमशेदपुर विधायक सरयू राय, धनबाद भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, मानस प्रसून समेत अन्य भाजपा के नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसएनएमएमसीएच में की गई तेरह मरीजों की एलाइजा माध्यम से जांच

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू जैसे लक्षण वाले 13 मरीजों के खून की जांच एलाइजा माध्यम से की गई। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ सी.पी. प्रतापन ने बताया कि जांच में दुमका जिले के एक पिता व उसके पुत्र तथा झरिया लोदना क्षेत्र के मल्लाह पट्टी के एक व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। दुमका के मरीज की सूचना दुमका जिले को भेज दी गई है। वहीं जिला एवं प्रखंड स्तर से टीम गठित कर झरिया के लोदना क्षेत्र के मल्लाह पट्टी में कंटेनर सर्वे, लार्वानाशी दवा का छिड़काव, जन जागरूकता कार्यक्रम, हैंड बिल वितरण के साथ-साथ संक्रमित मरीज के घर के आसपास के 46 व्यक्तियों का मलेरिया जांच के लिए रक्त का नमूना संग्रहित किया गया। जांच में कोई भी डेंगू के संभावित लक्षण वाले मरीज नहीं मिले। इसके अलावा बाघमारा प्रखंड के महुदा लाल बंगला में कंटेनर सर्वे, लार्वानाशी दवा का छिड़काव, जन जागरूकता कार्यक्रम, हैंड बिल वितरण किया गया। यहां भी डेंगू के संभावित लक्षण वाले कोई भी मरीज नहीं मिले।

### झारखंड विस की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने की अधिकारियों के साथ बैठक

# वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण में विलंब होने से सरकार पर पड़ेगा वित्तीय बोझ : सभापति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने सभापति सह जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। बैठक के समापन के बाद सभापति ने कहा कि धनबाद में जुडको द्वारा बन रहे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है। कार्य में विलंब होने से राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जुडको ने 2024 तक कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा जुडको द्वारा दो फेज में पेयजल परियोजना चल रही है। पांच सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाने हैं। पेयजल परियोजना वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण लक्ष्य से पीछे है। इस योजना के डीपीआर पर चर्चा की गई। साथ ही बताया कि जुडको को धनबाद में पांच सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने हैं। परंतु अभी तक उसका काम शुरू नहीं हुआ है। सभापति ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण उसे चलाना है। इसके बन जाने से प्रदूषित पानी दामोदर नदी में नहीं पहुंचेगा और नदी सुरक्षित रहेगी। इसका बनना धनबाद जिले एवं दामोदर नदी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। योजना को लेकर इसके कंसल्टेंट के साथ पूरी रिपोर्ट पर चर्चा की गई। सभापति ने झारखंड विद्युत संचरण निगम लिमिटेड एवं झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि धनबाद में विद्युत विभाग द्वारा डीवीसी से बिजली लेकर घरेलू उपभोक्ताओं को दी जाती है। जबकि औद्योगिक इकाइयों को डीवीसी द्वारा डायरेक्ट बिजली दी जाती है। डीवीसी की दोहरी नीति से घरेलू उपभोक्ताओं को नुकसान होता है। इस दिशा में वे सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे और डीवीसी से स्पष्टीकरण भी मांगेंगे। सभापति ने कहा कि जब डीवीसी उद्योगों को बिजली मुहैया करा सकती है तो घरेलू उपभोक्ताओं को भी बिजली उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है। डीवीसी का यह रवैया अनुचित है और किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सभापति ने सिविल सर्जन से सदर अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी के उन्नयन के लिए कितने उपकरणों की मांग की है, की रिपोर्ट देने, धनबाद को उपलब्ध कराई गई नई 108 एंबुलेंस की संख्या, कितने एंबुलेंस में लाइव सपोर्ट डिवाइस और कौन-कौन से डिवाइस उपलब्ध है का रजिस्टर से मिलान कर पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## सोमवार से नाबालिक छात्र गायब 36 घंटे बाद भी नहीं मिली सुराग



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोंडराटांड चरघरा निवासी अब्दुल कलाम अंसारी का 14 वर्षी पुत्र आमिर अंसारी गत सोमवार की सुबह से गायब है। इस बीच परिजनों ने बताया कि गायब छात्र सुबह स्कूल जाने बोल कर घर से निकला था, परंतु स्कूल छुट्टी होने के पश्चात भी जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों के द्वारा आस पास खोज किया गया परंतु कहीं नहीं मिला, अपने रिश्तेदारों के यहां भी खोज खबर की गई पर छात्र का सुराग कहीं नहीं मिला , अंत में छात्र की मां मरियम खातून ने बिरनी थाना में एक आवेदन दे कर पुलिस से अपने पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व भी द्वारपहारी बाजार से एक युवक को कुछ अजनबियों ने अपहृत कर तमिलनाडु के गया था। परंतु अपहृत नौवीं कक्षा का छात्र चकमा दे कर अपहरणकर्ताओं के चंगुल से भागने में सफल रहा।

## अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना।

लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया।

जनता दरबार में पेंशन, आवास योजना, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी प्रदीप कुमार भी मौजूद थे।

## न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस (विस्टाडोम कोच) के परिचालन का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हाजीपुर :** आज दिनांक 12.09.2023 को माननीया शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा रांची और न्यू गिरिडीह के बीच एक नई ट्रेन 18617/18618 रांची-न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस का परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 03309 न्यू गिरिडीह-रांची उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखा कर किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, माननीय विधायक श्री केदार हजरा, माननीय विधायक श्री सुदिव्य कुमार, माननीय विधायक डॉ.सरफराज अहमद एवं माननीय विधायक श्री अमित कुमार यादव उपस्थित थे । आज उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालित इस ट्रेन के कोडरमा आगमन पर माननीया विधायक डॉ. नीरा यादव, हजारीबाग टाउन स्टेशन आगमन पर माननीय विधायक श्री मनीष जयसवाल तथा बरकाकाना पहुंचने पर माननीय सांसद श्री जयंत सिन्हा एवं माननीया विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया।

विदित हो कि इस ट्रेन का नियमित परिचालन रांची एवं न्यू गिरिडीह स्टेशन के मध्य 13.09.2023 से किया जायेगा । गाड़ी संख्या 18617 रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस 13.09.2023 से रांची से 06.05 बजे खुलकर 06.23 बजे टाटीसिलवे, 06.42 बजे मेसरा, 08.05 बजे बरकाकाना, 09.08 बजे हजारीबाग टाउन, 10.30 बजे कोडरमा, 11.20 बजे महेशपुर हाल्ट, 11.40 बजे धनवार, 12.03 बजे जमुआ रूकते हुए 13.00 बजे न्यू गिरिडीह पहुंचेगी ।

वापसी में गाड़ी संख्या 18618 न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस 13.09.2023 से 14.00 बजे खुलकर 14.30 बजे जमुआ, 14.48 बजे धनवार, 15.28 बजे महेशपुर हाल्ट, 16.30 बजे कोडरमा, 17.55 बजे हजारीबाग टाउन, 19.00 बजे बरकाकाना, 20.35 बजे मेसरा, 21.05 बजे टाटीसिलवे स्टेशनों पर रूकते हुए 21.30 बजे रांची पहुंचेगी ।

## गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग को लेकर विलेज कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** पेटरवार प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोरदाग में सहयोगिनी संस्था द्वारा गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग की रोकथाम कों लेकर सुरक्षित गांव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बालक, बालिका एवं शिक्षको को बाल तस्करी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी के समन्वयक रवि कुमार राय ने बताया कि बाल तस्करी एक गंभीर मुद्दा है। जिसको रोकने के लिए संस्था द्वारा बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान इ संस्था कि मंजू देवी ने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। इस दौरान गांव में विभिन्न स्टेट होल्डर को बाल तस्करी बाल यौन हिंसा तथा घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मो सोयब रजा , विजय लक्ष्मी, सुभाष कुमार चौहान, अमित कुमार सिंह, पंकज रजवार उपस्थित थे।

## नया बाजार सार्वजनिक दुर्गोत्सव कमिटी भव्य रूप से मनाएगी 75वां वर्ष हीरक जयंती दुर्गोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** बैंक मोड़, नया बाजार सर्वजनिन दुर्गोत्सव कमेटी की सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया। कमेटी के सचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश्वर सिंह यादव ने बताया बैठक में नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया एवं वर्ष 2022 का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया एवं इस वर्ष सर्वसम्मति से 75वां हीरक जयंती बहुत धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रामकुमार अग्रवाल को अध्यक्ष तथा शैलेश गुटगुटिया एवं विंध्याचल यादव को कार्यकारी अध्यक्ष एवं राजेश्वर सिंह यादव को सचिव एवं शिवकुमार यादव एवं संजयानंद गोस्वामी को कोषाध्यक्ष एवं राजीव कुमार साव, विपिन चौरसिया, नीरज जायसवाल, विमलेश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राकेश यादव, सुशील कुमार शर्मा को संयुक्त सचिव, श्रीचंद साव, सुनील राय, अनिल गुड़गुटिया, बजरंग अग्रवाल एवं संदीप कटेसरिया को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस बैठक में समस्त सदस्य एवं क्षेत्र के निवासी इस वर्ष भव्य रूप से एवं धूमधाम से हीरक जयंती पूजा उत्सव मनाने का संकल्प लिए।

## कतरास के आकाश किनारी बस्ती के कई घरों में पड़ी दरार

### भू धंसान से पांच घर जमींदोज



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर क्षेत्र में भूधंसान से पांच घर जमींदोज हो गये. जिनके घर जमींदोज हुए उनमें सोनू, विशाल,अजय सहित अन्य शामिल हैं. सभी का सामान भी नीचे धंस गया है. घटना के बाद यहां अफरा तफरी मच गयी. सूचना मिलने पर न्यू आकाश किनारी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी पहुचे और मामले की पूरी जानकारी ली.पीओ ने तुरंत वहां से लोगो को हटाया.पीओ अवधेश कुमार ने बताया कि इलाका डेंजर जोन में है. 2-3 घर जमीन से 3 फीट नीचे धंस गयी है।

## अजीत राय स्मृति सम्मान समारोह को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** मंगलवार को लिंड्से क्लब हीरापुर,धनबाद में अजीत राय स्मृति सम्मान समारोह के लिए आयोजन समिति की बैठक आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन विकास कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। मंचासीन में आयोजन समिति के सचिव अनवर शमीम, संयुक्त सचिव चंदन सरकार,उपाध्यक्ष कल्याण कुमार घोषाल उपस्थित थे।

इस बैठक को लेकर अध्यक्षता कर रहें प्रो .डॉ. दीपक कुमार सेन द्वारा कहा गया कि अजीत राय स्मृति सम्मान समारोह के आयोजन समिति की मंगलवार 12 सितम्बर को दूसरी बैठक है। अजीत राय सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 20 दिसंबर को इनके पुण्यतिथि पर किया जाएगा।इसकी तैयारी को लेकर बैठक की गई। कोष संग्रह के लिए मददगार साथी, सोविनियर, विज्ञापन तथा स्मारिका के द्वारा किया जाएगा।

सम्मान समारोह में जीवित रचनाकार साहित्य,कवि लेखक को सम्मानित करने के लिए पहले वर्ष के पुरस्कार हेतु चयन समिति का गठन किया गया जिसमें प्रो.डॉ. दीपक कुमार सेन,डॉ. सिद्धार्थ बंदोपाध्याय,चंदन सरकार,अमलेंदु चक्रवर्ती,दीपांकर बराट का चयन किया गया। चयन समिति द्वारा चिन्हित साहित्यकार,लेखक व कवि को इनके सम्मान में 5 हजार नगद,मोमेंटो,प्रस्सति पत्र व अजीत राय की पुस्तक भेंट की जाएगी।उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने विचार रखें तथा उपरोक्त चर्चाओं का समर्थन अमलेंदु चक्रवर्ती,अशोक कुमार,रमेश चंद्र प्रसाद,परेश नाथ बनर्जी,भोला नाथ राम व जयदीप बनर्जी द्वारा किया गया।

## जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने किया नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन का औचक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय ने आज नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन के सभी तल्लों में फ्लोरिंग, सिलिंग, हॉल, रूम, इलेक्ट्रिकल फिटिंग, सेनेटरी फिटिंग, डाइनिंग हॉल, किचन, टॉयलेट्स, फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर पैनल इत्यादि का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन का आज निरीक्षण किया है। निरीक्षण के क्रम में कुछ त्रुटियां उजागर हुई है। इस संबंध में विभाग को सूचित किया जाएगा। सारी त्रुटियां दूर होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय के प्रधान लिपिक अमित कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## केंदुआडीह पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** सोमवार को केंदुआडीह पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। अपराधियों ने पुटकी के एक होटल में अप्रैल महीने में बमबाजी कर दहशत फैलाने की कोशिश की गई थी। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात केंदुआडीह की पुलिस गश्ती व छापामारी के लिए निकली थी। तभी सूचना मिली कि अप्रैल माह में पुटकी के एक होटल में बमबाजी कर दहशत फैलाने वाले अपराधी केंदुआडीह के एक खटाल में छिपे बैठे हैं।सूचना के आलोक में त्वरित पुलिस खटाल पहुंची व चरणजीत यादव और गोपाल पासवान को एक पिस्टल, दो मैगजीन व 7.55 एमएम की 4 जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा. पुलिस के अनुसार दोनों किसी अपराध को अंजाम देने की नीयत से छिपे हुए थे। दोनों पर पहले से केंदुआडीह सहित अन्य थाना में कई मामले दर्ज हैं।

## पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र महतो के अगुवाई मे गुड़ि के गांवो से किया गया मिट्टी संग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम के निमित 12 सितंबर मंगलवार को कैरो प्रखंड के गुड़ि पंचायत के गाँवो मे पुर्व 20-सुत्री प्रखंड अध्यक्ष सह भाजपा जिला कार्यसमिति सद्स्य राजेन्द्र महतो व भाजपा कैरो प्रखंड के पुर्व अध्यक्ष कैलाश महतो,संयोजक दीपक साहू के अगुवाई मे गुड़ि के विभिन्न गाँवो मे किया गया कलश मे मिट्टी संग्रहण। इस अवसर पर पुर्व 20 सुत्री अध्यक्ष व गुड़ि पंचायत भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा गुड़ि के ग्राम नगड़ा बूथ संख्या 161,162 एवं गुड़ि के बूथ 163,164 चिपो 165 तथा बाघी 166 बूथ पर आम लोगो के घरों मे जाकर कलश मे मिट्टी संग्रहण किया गया। मिट्टी संग्रहित करते हुए पुर्व 20 सुत्री अध्यक्ष ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे0पी0 नडडा के अह्वान्न पर दिल्ली मे अमृत-वाटिका निर्माण कार्य के निमित देश के 75,000 गाँवो से मिट्टी संग्रहण का कार्य चल रहा है उसी के निमित आज 12 सितंबर को कैरो प्रखंड के गुड़ि के गाँवो से दिल्ली भेजने हेतू मिट्टी संग्रहीत की जा रही है। पुर्व अध्यक्ष ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे पिछ्ले दिनों दिल्ली मे जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता से वैश्विक पटल पर भारत एक शक्तिशाली देश के रुप मे उभरा है,वही इस सम्मेलन से भारत की विकास को गति मिलेगी, साथ ही उक्त सम्मेलन मे विश्व के कई देशो के राष्ट्राध्यक्षो के भारत आगमन से भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले दिनो मे काफी मजबूत होगी। आज 12 सितंबर को गुड़ि पंचायत के मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम मे भाजपा जिला कार्यसमिति सद्स्य राजेंद्र महतो, पुर्व भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कैलाश महतो, संयोजक दीपक साहू, कुलदीप सिंह, गोवर्धन उराँव, सुरेश यादव इत्यादि काफी संख्या मे पंचयात मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मंडल व महिला मोर्चा संयुक्त रूप से शहीदों के सम्मान में डोर टू डोर किया मिट्टी संग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में मेरी माटी मेरा देश थीम के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला युवा मंडल एवं महिला मोर्चा के नेतृत्व में उगरा पंचायत में डोर टू डोर शाहिदों के सम्मान में अभियान चलाया गया। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष कलावती देवी के नेतृत्व में सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत मेढो ग्राम में शहीदों के सम्मान में डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया गया। विदित हो कि उक्त कार्यक्रम शहीदों के माध्यम से शहीदों के सम्मान में बनने वाला अमृत वाटिका हेतु ग्रामीणों से संपर्क कर एक चुटकी माटी तथा चावल एकत्रित करने को लेकर अभियान चलाया गया। इस संदर्भ में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष कलावती देवी ने कहा हमे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि आज वीर शहीदों का याद में कुछ कर दिखाने का अवसर मिला है। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के तमाम ग्रामीणों से अपील करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने तथा देश और आम जनता के रक्षा में प्राण न्योच्छवर करने वाले वीर शहीदों को सम्मान देने की बात कही गई। जबकि यूवा मोर्चा जिला महामंत्री बाल्मीकि कुमार ने कहा वीर शहीदों के सम्मान में सरकार अमृत वाटिका योजना चला कर क्षेत्र के ग्रामीणों को जगरुक करने का कार्य कर रही है। जिसमें जिला के तमाम जनपद का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह मेरी माटी मेरा देश अभियान प्रदेश कमिटी के निर्देश पर अगले आदेश तक कार्यक्रम जारी रहेगा।

## कृमि दवा खिलाने को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्वहित बाल विकास कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर दवा खिलाने के लिये आंगनबाड़ी सेविकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक मंसूर अन्सारी व वसीम अख्तर ने बताया कि 1 से 2 वर्ष तक बच्चे बच्चियों को कृमि का दवा को आधा गोली चूर करके खिलाना है। जिसे बच्चे आसानी से दवा को खा सकेंगे और 2 से 19 वर्ष तक के बच्चे बच्चियों को कृमि का 1 गोली खिलाना है। वही प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर दिव्या निशि ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से 20 सितम्बर को प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कैम्प लगाकर बच्चे बच्चियों को कृमि का दवा खिलाना है। और जो बच्चे बच्चियां 20 सितम्बर को दवा खाने से वंचित रह जायेंगे उन्हें 29 सितम्बर को दवा खिलाया जायेगा। मौके पर प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि, प्रशिक्षक मंसूर अन्सारी, वसीम अख्तर, पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे टिंकी देवी, यशोदा कुमारी, शहनाज बेगम, रजनी देवी, किरण उराँव, गीता देवी सहित सभी आंगनबाड़ी सेविकाएँ उपस्थित थे।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण, जल्द शुरू होगा पठन पाठन का कार्य : डीएसई



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 12 सितंबर मंगलवार को लोहरदगा जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पाल चौधरी ने प्रखंड के नव निर्मित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम मे डीएसई चौधरी ने विद्यालय तक पहुँच पथ, बगल मे नहर से बने तटबंध, भवन मे पंखा, बल्ब, शौचालय, इत्यादि सुविधाओं का गम्भीरता पुर्वक किया निरीक्षण। चौधरी ने बताया कि अभी अभी कुछ ही दिन पहले कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा भवन विभाग को हस्तांतरित कीया है, पठन-पाठन प्रारम्भ करने से पूर्व बच्चियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा इत्यादि विषयो पर निरीक्षण किया जा रहा है, सारी व्यवस्थाएँ अप-टू-डेट होने के उपरांत उक्त आवासीय विद्यालय मे पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ कर दी जायेगी। मौके पर निरिक्षण के क्रम मे विभाग के कनिय अभियंता उमेश प्रसाद एवं विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

**प्रज्ञा केंद्र संचालक की सूझबूझ से साइबर ठगी का शिकार होने से बचे ग्रामीण**

## कृषि विभाग के अधिकारी बनकर फसल राहत योजना के नाम पर पैसा मांग रहे थे साइबर ठग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रज्ञा केंद्र संचालक रोशन ठाकुर की सूझबूझ से कोलोमडेगा गढ़ा टोली निवासी सिरोमनी कंडुलना एवं लमडेगा निवासी नकुल सिंह 25000 रुपये साइबर ठगी का शिकार होने से बच गए। दरअसल शिरोमनी कंडुलना एवं नकुल सिंह को साइबर ठग ने कृषि विभाग से झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत 1 लाख 25 हजार रुपये दिलाने की बात कही एवं रजिस्ट्रेशन के नाम पर 25000 रुपये जमा करने को कहा साथ ही अन्य ठग से उनको बात कराया जिसपर दूसरे ठग ने कहा कि उसे इस योजना का लाभ मिल चुका है जिसपर दोनों उनके झांसे में आकर किसी तरह रुपये का इंतजाम कर पैसा डालने जलडेगा रोशन ठाकुर के पास आये जहां रोशन ठाकुर द्वारा बड़ी रकम डालने संबंधित पूछताछ करने पर पहले तो दोनों ने जानकार आदमी के पास भेजने की बात कही किंतु मामला कुछ संदिग्ध होने पर ठीक से पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि कृषि विभाग से फोन आया है जो फसल राहत के लिए 1 लाख 25 हजार दे रहे हैं इसलिय पहले आधार कार्ड पासबुक भेज चुके हैं एवं अब पैसा डालने आये हैं ताकि उन्हें ये रकम मिल सके। साइबर ठगी के मामले की पुष्टि होने पर रोशन ठाकुर द्वारा जलडेगा थाना को सूचना दी गई जिसपर एसआई बीरेंद्र शर्मा ने अविलंब मौके पर पहुंचकर दोनों को समझाया एवं अन्य ग्राहकों को भी साइबर क्राइम के बारे में अवगत कराया। एसआई शर्मा ने कहा कि किसी को फोन पर कोई जानकारी नही दें साथ ही घटना के बारे में अपने आसपास लोगों को जागरूक करें। वहीं दोनों ने ठगी से बचाने हेतु प्रज्ञा केंद्र संचालक का आभार प्रकट किया है।

## फंदे से झूल कर नाबालिक लड़की ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला निवासी सहिन्दर तुरी की पुत्री निशा कुमारी ने सोमवार रात्रि में अपने ही घर में किसी कारण से दुपट्टा लेकर फाँसी के फंदे से झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली बताया जाता है कि सीरम पंचायत के सिमभुआ निवासी सहिन्दर तुरी तीन वर्ष पूर्व बदला में जमीन खरीद घर बना कर रहता था। कुछ माह पूर्व लकड़ी के माता पिता कमाने के लिऐ उत्तर प्रदेश राज्य के बनारस ईट भट्ठा गए हुए थे। मृतक लड़की निशा कुमारी और उसका 9 वर्षीय भाई प्रशांत तुरी घर में साथ साथ रहकर पढ़ाई करते थे। जिसे 11 वीं कक्षा की छात्रा निशा कुमारी सोमवार रात में किसी कारण से फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना छोटा भाई प्रशांत तुरी ने फांसी में झूलते देखकर अगल बगल के लोगों को बताया जिसे लोगों ने आकर देखा तो लडकी फांसी लगाकर झूली हुई है। वही इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने सेन्हा पुलिस को दिया सेन्हा थाना पुलिस ने मंगलवार सुबह बदला गांव मृतक के घर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिऐ सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की मृतक निशा कुमारी अपने पिता से सोमवार शाम लगभग 5 बजे अंतिम बार बात कर घर आने को बोली थी। उसके बाद रात्रि में बेटी का मौत का खबर मिलते ही परिजन मंगलवार को सुबह बनारस से बदला आ गए। लड़की द्वारा आत्महत्या करने के कारण गाँव मे प्रेम प्रसंग की चर्चा हो रही है। वही सअनि बिरेंद्र बखला ने कहा की आत्महत्या का मामला है। पुलिस द्वारा सभी बिंदु पर जांच किया जाएगा।

## मंगल दिवस पर बीडीओ ने किया प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगल दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा पंचायत सचिव जनसेवकों के साथ प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का समीक्षा बैठक किया गया। आयोजित समीक्षा बैठक में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने पंचायतवार विकास योजना का समीक्षा करते हुए पंचायत सचिव और जनसेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा योजना के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम के तहत 294 एकड़ भूमि में आम बागवानी का लक्ष्य लगभग पूर्ण हो चुका है। बचा हुआ को जल्द पूर्ण करने की बात कही गई। साथ ही कहा कि प्रखंड क्षेत्र में करीब तीन सौ प्रधानमंत्री आवास जो अपूर्ण है। जिसे समन्धित पंचायत के जेनसेवक गाँव मे जाकर लाभुकों से सम्पर्क कर आवास को जल्द पूर्ण करने के लिये प्रेरित करें वही समीक्षा बैठक के क्रम में विभिन्न विकास योजनाओ पर चर्चा किया गया। मौके पर बीपीओ मनरेगा निलेन्द्र कुमार, जेई तनु कुमारी, संजीत कुमार के अलावे रिझवान अख्तर, सुजीत उराँव, अधीश खाखा, ओमप्रकाश साहु, डॉली तिर्की सहित सभी पंचायत सचिव और जेनसेवक उपस्थित थे।

## तामड़ा पंचायत से संकल्प यात्रा में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बीरू मंडल के तामड़ा पंचायत में मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह के अध्यक्षता में बैठक किया गया उस बैठक में आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी जी के सिमडेगा आगमन संकल्प यात्रा को सफल करने के लिए सभी बूथ अध्यक्षों से बैठक किया गया सर्वसम्मति हुआ की तामड़ा पंचायत से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता संकल्प यात्रा में शामिल होंगे एवं पूरे देश में चल रहे राष्ट्रीय अभियान मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर खास तामड़ा में मिट्टी संग्रह कार्यक्रम का किया गया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित है तामड़ा गांव के कई घरों में जाकर मिट्टी संग्रह किया गया यह कार्यक्रम सभी पंचायत में निरंतर चल रहा है और संग्रह करने के उपरांत अमृत कलश मंडल से जिला और जिला से प्रदेश और प्रदेश से कर्तव्य पथ अमृत वाटिका दिल्ली ले जाया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हीराराम पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश मिश्रा प्रकाश दास गोस्वामी विजय केसरी अमृत केसरी वीरेंद्र यादव नंदकिशोर प्रसाद भाजपा नेता अशोक गुप्ता निरंजन पुरी फूलचंद पातर रामजीत सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्यार्थी शालिग्राम बनकर समाज में पूज्यनीय बनें : डॉ रविंद्र कुमार राय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के सभागार में बौद्धिक वर्ग का आयोजन किया गया। बौद्धिक वर्ग में इतिहास विषय के प्रोफेसर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री,सांसद और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर रविंद्र कुमार राय ने कक्षा नवम से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच प्रस्तुत अपने उद्बोधन में कहा कि आप धैर्यवान बनकर अनगिनत ठोकरें खाते और विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए खुद को शालिग्राम बनाएं और समाज में पूज्यनीय बने। उन्होंने कहा की राम का राज्याभिषेक होना था, इसकी सारी तैयारियां हो चुकी थी परंतु परिस्थितियां बदली और उन्हें वल्कल वस्त्र पहनकर 14 वर्ष के लिए वनवास जाना पड़ा। किंतु उन्होंने अपना धैर्य नहीं खोया । राम के मन में ना तो अयोध्या का राजा बनने की खुशी थी और ना ही 14 वर्ष के लिए वनवास जाने की पीड़ा। उनका यही तटस्थ रूप उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम बना डाला। डॉ रविंद्र राय ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी विद्यार्थी अभी किशोरावस्था से गुजर रहे हैं। इस समय आपके जीवन में अनेक प्रकार की विपरीत परिस्थितियां आएंगी, तरह-तरह के सपने आएंगे, भौतिक चकाचौंध आपको भ्रमित करने का प्रयास करेंगे।

## सीएस ने सभी सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल संचालकों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** क्लिनिकल एस्टेबलिशमेट एक्ट का सख्ती से पालन कराने को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने सभी सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन लोहरदगा डा0 राज मोहन खलखो ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए डा0 राज मोहन खलखो ने सभी अस्पताल, क्लिनिक, लैब संचालकों को सरकार द्वारा क्लीनिक स्टेब्लिशमेंट एक्ट का सख्ती से पालन करने का निदेश दिया। सीएस ने कहा कि सभी अस्पताल संचालकों को सुरक्षा की दृष्टि से फायर सेफ्टी व कचरा प्रबंधन की व्यवस्था के लिए प्रदूषण विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य है। बिना एन0 ओ0 सी0 के किसी भी सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल का क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत निबंधन नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अस्पताल संचालकों से सीईए का सख्ती से पालन करने का निदेश दिया। राज्य कंसल्टेंट राहुल कुमार सिंह ने कहा की एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। वैसे स्वास्थ्य संस्थानों पर भी कार्रवाई की जाएगी जिसके चिकित्सक इंचार्ज दूसरे जिले में रहकर कभी-कभी ही अस्पताल आते हैं।

## मुंदो गांव में लगे 16 केवी ट्रांसफार्मर से कॉइल की हुई चोरी



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सदर प्रखण्ड क्षेत्र के मुंदो गांव की जहाँ सोमवार की रात 16 केवी ट्रांसफार्मर से कॉईल की चोरी कर ली गई है। सुबह जब ग्रामीण घर से निकले तो उन्हें ट्रांसफार्मर जमीन में पड़ा हुआ मिला तथा ट्रांसफार्मर से तार की चोरी कर ली गई थी, इसके बाद से ग्रामीण आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जानकारी लेने की प्रयास किया जिसमें अभी तक चोरी से संबंधित किसी को कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस मामले में भट्ठखिजरी पंचायत मुखिया को भी इसकी सूचना दी गई तथा निम्नवत कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय ऑपरेटर धनंजय सिंह को सूचना कर विभाग को सूचित किए जाने की बात कही गई,ऐसे ही चोरी की घटना क्षेत्र में पिछले दो-तीन महीना में दो-तीन बार हो चुकी है लेकिन चोरों का प्रयास असफल रहा है पर इस बार चोरों ने गांव में लगे ट्रांसफार्मर को अपना निशाना बनाया है। इस घटना के बाद लगभग 50 परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए है।

## एक सच्चे मसीही थे शहीद फादर इग्नासीयूस बाड़ा : विधायक भूषण बाड़ा

- बानाबीरा पल्ली में फा. इग्नासियुस बाड़ा की पुण्यतिथि मनी
- अम्बिकापुर बिशप की अगुवाई में सम्पन्न हुआ मिस्सा पूजा, हजारों की संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने शहीद फा. को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा बानाबीरा पल्ली परिसर में मंगलवार शहीद फा. इग्नासियुस बाड़ा की पुण्य तिथि मनाई गई। मौके पर प्रार्थना जुलूस, श्रद्धाजंलि समारोही ख्रीस्तयाग के लिए विशेष प्रार्थना किया गया। समारोही ख्रीस्तयाग अंबिकापुर धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष पतरस मिंज की अगुवाई में संपन्न कराया गया। इसमें उनका सहयोग विजी फा. इग्नासियुस टेटे, फा. पीटर मिंज, फा. शैलेस केरकेट्टा, फा. सुनील सुरीन, फा कोर्नेलियुस, फा. बिमल किड़ो, फा. अगुस्टीन लकड़ा आदि ने सहयोग किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने भी उपस्थित होकर शहीद फादर इग्नासियुस बाड़ा के क्रब पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शहीद फादर इग्नासियुस बाड़ा एक सच्चे मसीही थे। जिन्होंने मानव सेवा व समूची मसीही समुदाय के लिए न सिर्फ घर द्वार छोड़ा। बल्कि अपने प्राण तक दे दी। उन्होंने आगे कहा कि शहीद फा. इग्नासियुस ने मानव सेवा और कलीसिया को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और हमारे धर्म और समाज के लिए प्राण न्योछावर कर गए। अपने साहसी कारनामों के कारण शहीद फादर इग्नासियुस युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए। विधायक ने कहा कि घर छोड़ मानव सेवा के लिए समर्पित पुरोहित फादर इग्नासियुस बाड़ा की असामाजिक तत्वों द्वारा 2005 में बेरहमी से उनकी निर्मम हत्या कर दी गयी थी। परंतु उनका खून बेकार नहीं गया। उनका खून धर्म का बीज बन गया। जो धीरे-धीरे अंकुरित होते हुए एक विशाल पेड़ बन गया। और इस पेड़ की छांव में न सिर्फ सिमडेगा बल्कि गुमला, खूंटी सहित अन्य धर्मप्रांत के लाखों ख्रीस्त विश्वासी पहुँच कर प्रेरणा ले रहे हैं। बानाबीरा आज के दिन में कोई अनजान गांव नहीं है। इसकी ख्याति पूरे विश्व में है। जिसका श्रेय हमारे शहीद फादर को जाता है।

## टेलीकॉम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति चलाया जागरुकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत भट्ठखिजरी पंचायत भवन में प्रगति एजुकेशनल ऐकडमी, झिंझरी, मांडर, रांची एवं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से मोबाइल टेलीफोन उपभोक्ताओं के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया माननीय-मनीषा भेनी कुजूर, उप मुखिया दिलीप उरांव,माननीय वार्ड-सदस्य नंदलाल उरांव, दीपा उरांव, रिंकी देवी, जेएसएलपीएस की सक्रिय महिला अध्यक्ष माननीय ममता देवी एवं संस्था के सचिव महोदय दिनेश कुमार मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रगति एजुकेशनल एकेडमी, रांची के सचिव द्वारा टेलीकॉम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति। जागरूकता करते हुए किसी भी तरह के ठगी से बचने के उपाय बताएं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अनचाहे कॉल से डीएनडी 2.0 अप के द्वारा कैसे बचा जाए अगर किसी टेलीफोन कंपनी का सिम आपके क्षेत्र में काम नहीं कर रहा हो और आप कॉल करने में परेशानी महसूस करते हैं तो आप किसी दूसरे टेलीफोन कंपनी में पोर्ट एमएनपी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोग आज टावर लगाने के नाम से भी ठगी कर रहे हैं। जिसे बच्चे सभी तरह की जानकारी के लिए वीडियो के माध्यम से भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। मुखिया ने बताया कि छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों के द्वारा मोबाइल का उपयोग ऑनलाइन क्लास करने एवं सोशल मीडिया में सबसे ज्यादा एक्टिव रहते हैं,एवं सबसे ज्यादा उपयोग करते हैं जिसमें मोबाइल नंबर वायरल हो जाता है और ठगी के शिकार हो जाते हैं जिसे बचने की सबसे अधिक जरूरत है (ट्राई) द्वारा बताया गया की कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार हो सकते हैं उपभोक्ताओं को यह पता भी नहीं चलता कि वह ठगी का शिकार हो रहे हैं जब ठगी हो जाती है तब उन्हें पता चलता है कि वह ठगी के शिकार हो गए हैं तो इसकी शिकायत कहां करें इसकी जानकारी नहीं होती, अतः ठगी से बचने की जरूरत है बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की जरूरत है ताकि कोई बटन ना दबाई और आप ठगी का शिकार ना हो जाए इसलिए ग्रामीणों से अनुरोध किया गया कि वह खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

## जिला नियोजनालय परिसर में 14 सितंबर को प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला नियोजनालय,लोहरदगा परिसर में दिनांक 14.09.2023 को प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राईव में 07 निजी क्षेत्र के नियोजक कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें बजाज एलियांज लाईफ इंश्योरेंस लिमिटेड, बेस्ट्स जॉब,रिलायबल फर्स्ट एडकॉम प्राईवेट लिमिटेड, मिलेनियम स्किल ऐसेसर्स प्राईवेट लिमिटेड, बेस्ट कार्पोरेशन एण्ड जुबली टैक्स, एड्वांटेज प्राईवेट लिमिटेड और अप-टू स्किल्स कंपनियां शामिल हैं। कंपनियों द्वारा एजेंसी सेल्स ऑफिसर, इंश्योरेंस एडवाइजर, सीनियर सेल्स मैनेजर, तकनीशियन, ट्रेनी तकनीशियन, फ्रंट ऑफिस एग्जीक्युटिव, एचआर, फ्लिपकार्ट एण्ड ग्रॉसरी एण्ड सेल्स, स्क्योरिटी गार्ड, सिलाई मशीन ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, एनएपीएस ट्रेनी जैसे पदों के लिए रिक्तियां हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास/किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास/इंटरमीडिएट/स्नातक/आईटी/बीसीए आदि रखी गई है।योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त प्लेसमेंट ड्राइव में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। उक्त जानकारी जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत ने दी।

## चलते चलते एक नजर

### आदिम जनजाती को अंत्योदय अनाज नहीं मिलने से भुखमरी की स्थिति



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चुँगरु पंचायत के ग्राम नावाडीह, के परहिया आदिम जनजारी परिवारों को तीन माह से राशन नहीं मिला है, जिससे लोगों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।जोगन परहिया,झालो परहिन,दिनबसरी देवी, जितनी देवी, बुधनी मसोमात,तौली कुवंर,मानो देवी,फुलदेव परहिया, लीलावती देवी,चौटी परहिया समेत सैकड़ों परहिया आदिम जनजाति परिवार ने बताया कि हमलोगों को जुन माह तक का अनाज मिला है उसके बाद नहीं मिला है जिससे हम सभी के बिच विकट परिस्थिति पैदा हो गइ है। सभी लाभुकों ने जिला प्रशासन से मदद करने एवं जांच कर ऐसे डीलर पर कानूनी कार्रवाई करने का मांग किया है।

### हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि बीईटी मेसरा ओपी पुलिस के द्वारा विकास रिंग रोड चौक के पास वाहनों का चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान ब्लू रंग का एक स्प्लेण्डर मोटरसाईकल जिसका रजिस्ट्रेशन 10-11101-21 पर सवार एक व्यक्ति आया और पुलिस द्वारा रुकने को कहा लेकिन मोटरसाईकिल लेकर भागने का प्रयास किया। जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से दौड़ाकर पकड़ा लिया गया, पकड़े जाने के उपरान्त उस व्यक्ति की तलाशी ली गई, तो उसके कमर से एक लोडेड देशी पिस्टल (लोड कुल 03 कारतूस बरामद किया गया। पकडे गये व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम दीपक कुमार उर्फ दीपक गब्बु को गिरफ्तार किया गया। जिससे विशेष पुछताछ एवं हथियार के संबंध में पूछे जाने पर बताया कि यह एचपी पेट्रोल पम्प मांडर में सेल्स मैन का नौकरी करता हूँ परन्तु काफी कम सैलरी मिलने के कारण खर्चा नहीं पाता है परन्तु पेट्रोल पम्प में दिन भर में काफी नगद पैसा हो जाता है, जिसे लूटने की योजना था। उसके बाद बरामद हथियार एवं गोली का विधिवत् जप्ती सूची एवं गिरफ्तारी बनाकर, गिरफ्तार किया गया।



## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने दी जानकारी

# भारत ने अफगानिस्तान को भेजी भरपूर मदद

**50 हजार टन अनाज, 28 टन आपदा राहत सामग्री, 200 टन दवाइयां भेजीं**

**महिला पुनर्वास केंद्रों में 11 हजार महिला स्वास्थ्य किट व कंबल की आपूर्ति**

एजेंसी

**न्यूयॉर्क :** भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की 54वीं मानवाधिकार परिषद की बैठक में अफगानिस्तान को भरपूर मदद भेजे जाने की जानकारी दी है। साथ ही भारत ने अफगानिस्तान में शांति व स्थायित्व स्थापना की उम्मीद भी जाहिर की है। अफगानिस्तान इस समय जबर्दस्त संकट से जूझ रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से बताया गया कि अफगानिस्तान का पड़ोसी और विकास भागीदार होने का साथ भारत और अफगानिस्तान करीबी ऐतिहासिक सभ्यताएं हैं। अफगानिस्तान में शांति और स्थायित्व के समर्थक होने के साथ भारत ने अफगानिस्तान में मानवाधिकार विकास संबंधी कार्यों की देखरेख की बात भी कही है। यह भी जानकारी दी गयी कि भारत ने अफगानिस्तान में 50 हजार मीट्रिक टन अनाज, 28 टन आपदा राहत पैकेज, 200 टन दवाइयां, वैक्सीन और अन्य मेडिकल आइटम भिजवाए हैं।

इसके अलावा अफगानिस्तान में 11 हजार यूनिट महिला स्वास्थ्य किट्स और कंबल भी अफगानिस्तान के महिला पुनर्वास केंद्रों को भेजे हैं।विश्व खाद्य कार्यक्रम ने भी संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान के लोगों को मदद भेजने के लिए भारत की तारीफ की। दो साल पहले तालिबान ने फिर से अफगानिस्तान की सत्ता कब्जाई थी, उसके बाद से ही अफगानिस्तान मानवीय संकट का सामना कर रहा है। भारत, अफगान लोगों के लिए चिकित्सा और खाद्य सहायता सहित अन्य मानवीय सहायता की आपूर्ति कर रहा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि हमें इस साल की पहली छमाही में अफगानिस्तान में 1.6 करोड़ लोगों के लिए भोजन मिला है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने भारत को उदार दानदाता बताकर आभार जताया और कहा कि भारत जैसे उदार दानदाताओं की मदद से ही अफगानिस्तान में लोगों को भोजन मिलना संभव हुआ है।

### राजौरी मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, सेना के दो जवान और एक एसपीओ घायल

**राजौरी:** राजौरी जिले के नरला गांव में मंगलवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। इस मुठभेड़ में सेना के दो जवान और एक एसपीओ भी घायल हुए हैं। सेना और पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) की संयुक्त टीम ने राजौरी के नरला गांव में इलाके की घेराबंदी करते हुए आतंकवादियों की तलाश में अभियान शुरू किया। क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों को पास आते देखकर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अभी तक एक आतंकी को मार गिराया है।

## आस्था से खेलने वालों को मिले कड़ी सजा : अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** कोयल नदी के किनारे सिवाला घाट के पास शिव शक्ति ट्रस्ट मंदिर से लाडू गोपाल जी का मूर्ति चोरी हो गया। यह लगभग 150 वर्ष पुराना अष्ट धातु का बना हुआ था। मूर्ति करीब दो केजी का था। साथ ही विष्णु भगवान व लक्ष्मी जी का मुकुट चांदी का था, जो कल रात चोरी कर ली गई। मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि यह आस्था के साथ खिलवाड़ है। इस मंदिर से मेदिनीनगर वासी समेत जिले के सभी लोगों का आस्था जुड़ा हुआ है। किसी की आस्था के साथ खिलवाड़ करना अपराध है। समाज में जितने भी धर्म व संप्रदाय है, सबका किसी न किसी के साथ आस्था जुड़ा हुआ है। सबका आस्था सर्वोपरि होता है। सभी के धर्म और उनकी आस्था का सम्मान किया जाना चाहिए। हमारे देश का संविधान भी यही कहता है। संविधान में भी सभी के धर्मों का समान स्थान दिया गया है। किसी के धर्म ओर उनकी आस्था पर ठेस पहुंचाना अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधी को किसी भी कीमत पर बचना नही चाहिए। अरुणा शंकर ने कहा कि आरक्षी अधीक्षक पलामू से मांग करती हूं की 48 घंटे के अंदर मूर्ति और मुकुट बरामद कराते हुए अपराधी को यथाशीघ्र गिरफ्तार किया जाए। साथ ही अपराधी को पकड़ कर इस पाप की सजा प्रशासन द्वारा दिया जाए। ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना करने से डरे। उन्होंने कहा कि इस मार्मिक समय में मंदिर ट्रस्ट एवं जन-जन की आस्था के साथ मैं खड़ा हूं।

## कृषि को डिजिटलाइज करने में पतंजलि के कार्यों की वैश्विक स्तर पर मिल रही स्वीकार्यता

एजेंसी

**हरिद्वार :** कई दशकों से पतंजलि योगपीठ कृषि क्षेत्र में जैविक उत्पाद और किसानों के आजीविका अभिवृद्धि के लिए निरंतर शोध कर रहा है। कृषि के डिजिटलीकरण में भी पतंजलि के कार्यों को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता मिल रही है। पतंजलि कृषि क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में वैश्विक स्तर की शोध पत्रिका स्मार्ट एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एलसेवर में एक शोध आलेख प्रकाशित हुआ है, जिसमें कृषि को डिजिटलाइज करने में पतंजलि के प्रयासों की सराहना की गई है। यह कृषि के क्षेत्र में पतंजलि की प्रभावशाली पहचान को दर्शाता है। इस अवसर पर योगपीठ में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि कृषि को डिजिटलाइज करने के लिए भारत सरकार प्रयासरत है। इस कार्य में पतंजलि ने हरित क्रांति तथा अन्नदाता एप विकसित करके किसानों की कृषि भूमि की जियो मैपिंग व जियो टैगिंग, खेत की मिट्टी की गुणवत्ता से लेकर जैविक खाद, उन्नत किस्म के बीज, कीटनाशक, मंडी संबंधी जानकारी व अन्य कृषि उत्पादों के बाजार संबंधी एक सम्पूर्ण समाधान एक जगह उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि पतंजलि का अनुसंधान निश्चित रूप से किसानों की आय की अभिवृद्धि के लिए कार्य कर रहा है। एक ओर पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के कुशल वैज्ञानिकों की टीम निरंतर कृषि को उन्नत बनाने के लिए प्रयासरत है, तो वहीं पतंजलि की आईटी की टीम कृषि को सरल बनाने के लिए संकल्पित है। हरित क्रांति व अन्नदाता एप यूजर फ्रेंडली हैं। इन्हें संचालित करना बहुत आसान है। ये एप किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं।

## प्रियंका गांधी व सीएम सुक्खू ने भारी बारिश के कारण आपदाग्रस्त स्थानों का किया दौरा

एजेंसी



**शिमला :** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को जिला कुल्लू में भारी बारिश के कारण आपदाग्रस्त स्थानों का दौरा किया और प्रभावितों से भेंट की। दोनों नेताओं ने कुल्लू के संगम ब्रिज तथा मनाली के आलू ग्राउंड सहित विभिन्न स्थानों का बारिश से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। लोगों ने प्रियंका गांधी को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और राज्य सरकार ने आपदा में उन्हें हर संभव मदद प्रदान की है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में भी वह रात्रि भोज के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और उनसे राज्य में बारिश से हुए नुकसान को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आज स्वयं आपदा से हुए नुकसान को अपनी आंखों से देखा है और इससे पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी भी हिमाचल प्रदेश का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त, 2023 तक राज्य सरकार ने आपदा के कारण 8000 करोड़ रुपये के दावे केन्द्र सरकार को भेजे हैं। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त से 14 अगस्त के बीच भी बारिश के कारण प्रदेश में जानमाल को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अब तक 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तथा केंद्र सरकार को राज्य की खुल कर मदद करनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों ने आपदा का मजबूती के साथ एकजुट होकर सामना किया है और राज्य के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, सभी मंत्री और कांग्रेस के विधायकों ने ग्राउंड जीरो पर रहकर लोगों की मदद की है।प्रियंका गांधी ने कहा कि आपदा में बागबानों और किसानों को काफी नुकसान पहुँचा है और केंद्र सरकार को उनके बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ बड़े उद्योगपतियों ने हिमाचल प्रदेश में सेब के दाम घटाए हैं, जिससे सेब बागवानों को घाटा हो रहा है। यही नहीं केंद्र सरकार ने वॉशिंगटन एप्पल पर इंपोर्ट डयूटी को भी कम कर दिया है, जिससे हिमाचल प्रदेश के सेब बागबानों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि आपदा में पहले ही हिमाचल प्रदेश का नुकसान हुआ है, ऐसे में केंद्र सरकार को हिमाचल प्रदेश के बागवानों के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

### ठाणे जिले में 16 जिलेटिन की छड़ें और 17 डेटोनेटर बरामद

**मुंबई :** ठाणे जिले में स्थित मुंब्रा के रेतीबंदर इलाके में पुलिस ने मंगलवार दोपहर में छापा मारकर 16 जिलेटिन की छड़ें और 17 डेटोनेटर बरामद किया है। गणेशोत्सव पर्व से पहले विस्फोटकों की बरामदगी से पुलिस सतर्क हो गई है और मामले की गहन छानबीन कर रही है। ठाणे पुलिस को मुंब्रा के रेतीबंदर इलाके में विस्फोटक रखे जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी आधार पर पुलिस ने दोपहर में रेतीबंदर इलाके में छापा मारा। पुलिस टीम को रेतीबंदर इलाके में दो जगह उक्त विस्फोटक मिले। इसके पास ही हो अज्ञात बोट भी संदिग्ध अवस्था में पाई गई है। पुलिस ने बोट भी बरामद कर लिया है। मुंब्रा में विस्फोटक की बरामदगी के बाद पुलिस के साथ ही राजस्व अधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं और मामले की छानबीन कर रहे हैं।

### कोकर दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक सम्पन्न, एक साथ पूजा के आयोजन पर सहमति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कोकर दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक रविवार को हुई। बैठक में इस साल भव्य रूप से दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। कमेटी ने इस वर्षविधुत सज्जा भी आकर्षक रूप से करने का विचार विमर्श किया। अध्यक्ष चंचल चटर्जी के नेतृत्व में यह निर्णय किया गया। पिछले 2 साल से अलग-अलग पूजा हो रही थी इस वर्ष सर्व समिति बनाते हुए एक साथी पूजा के आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। पूजा पंडाल के स्वरूप को लेकर जल्द ही आगामी बैठक में निर्णय लिया जाएगा। कोकर दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने कहा कि इस साल 12 गेट द्वारा होंगे जो की कुकर चौक से लेकर डिस्लरी पुल तक लगाया जाएगा और इस साल अच्छी लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में चंचल चटर्जी,राजू राम,संतोष महतो, रमेश सिंह,रवि सिंह,नमन भारतीय,ललकु पासवान, संजय पासवान,छोटू पासवान,संदीप पासवान, प्रिस सिंह, अजय अग्रवाल,संतोष अग्रवाल,विवेक अग्रवाल,ललित कुमार, अरविन्द पासवान, प्रकाश राम,अमित पासवान, दीपू सिंह, धर्मेंद्र पासवान, आशीष वर्मा,रजन पासवान, अमित कुमार, राजू सिंह, विक्की सिंह, बंटी सिंह, बंटी पासवान, सूरज पासवान,छोटू कुमार,विक्रम कुमार वर्मा एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।






## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन



एजेंसी

**श्रीनगर :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज जम्मू के सांबा में बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले लगभग नौ सौ दिनों में बीआरओ ने क़रीब तीन सौ इंफ़्रा प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए हैं. इसके लिए बीआरओ की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है.उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि आज 90 प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन होना है, जिसमें अनेक रोड, ब्रीज, रनवे, हैलीपैड और टनल शामिल हैं. उन्होंने कहा, एक समय था, जब बीआरओ के द्वारा किसी प्रोजेक्ट की शुरुआत की जाती थी, तो सबसे पहले तो उस प्रोजेक्ट को शुरू होने में ही काफी लंबा समय लग जाता था, और यदि सौभाग्य से प्रोजेक्ट शुरू हो भी गया, तो उसमें ऐसी कागजी अड़चने आती थीं, कि उन्हें खत्म होने में बहुत लंबा समय लग जाता था. देश के सीमावर्ती इलाकों में रोड, टनल और ब्रीज का बिछा जाल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का उद्घाटन करते हुए राजनाथ सिंह ने खुशी जाहिर की. उन्होंने कहा अब तो मुझे आए दिन यह सुनने को मिल जाता है कि ब्रूरह ने किसी जगह पर प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, तो वहीं उस जगह पर प्रोजेक्ट कम्पलीट भी कर दिया है. प्रोजेक्ट का इतनी तेजी से पूरा होना, आप सभी कर्मयोगियों की मेहनत, लगन और हमारी सरकार की राजनीतिक कमीटमेंट का परिणाम है. आप सभी देश के सीमावर्ती इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट का कार्य करते हैं. एक से बढ़कर एक दुर्गम इलाके, जहां पर पांव रखना भी लगभग मुश्किल होता है, वहां भी आपने रोड, टनल और ब्रीज का जाल बिछा दिया है. इसके आगे रक्षा मंत्री ने कहा कि हम सबको मिलकर भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिए कार्य करना है और इसमें हमें सबका सहयोग मिल भी रहा है. उन्होंने कहा कि आप इसका उदाहरण इन प्रोजेक्ट में भी देख सकते हैं, अनेक राज्यों में अलग-अलग पार्टी सत्ता में है, लेकिन सीमावर्ती इलाकों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में हम सब एक दूसरे का साथ देते हुए आगे बढ़ रहे हैं. इस सहयोग के लिए मैं सभी राज्य सरकारों को अपनी ओर से बधाई भी देता हूँ.

## मोहब्बत की दुकान के नाम पर नफरत का सामान क्यों : नड्डा

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोनिया और राहुल से सवाल किया है कि क्या संविधान में किसी भी धर्म के बारे में आपत्तिजनक बयान देने का अधिकार है. साथ ही जेपी नड्डा ने पूछा है कि क्या इंडिया गठबंधन के लोगों को संविधान के प्रावधानों के बारे में नहीं पता है. बता दें कि जेपी नड्डा ने कांग्रेस से यह सवाल इसलिए किया है क्यों कि स्टालिन की पार्टी डीएमके विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है और बयान देने वाले उदयनिधि इसी पार्टी प्रमुख के बेटे हैं और ए राजा और पोनमुडी भी इनकी ही पार्टी से हैं.वहीं प्रियांग खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे हैं. कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडिया का मुख्य दल है. यही वजह है इन नेताओं की सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी को लेकर बीजेपी अध्यक्ष ने कांग्रेस पर सवाल उठाया है. जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि इंडिया गठबंधन की मुंबई बैठक के दो दिन बाद उदयनिधि स्टालिन का बयान और फिर प्रियांक खड़गे का सनातन पर आघात और डीएमके के मंत्री द्वारा ये स्वीकार करना कि इस गठबंधन का गठन ही सनातन धर्म के विरोध में किया गया था. यह राहुल, सोनिया और कांग्रेस की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है.साथ ही उन्होंने पूछा है कि क्या इस गठबंधन के लोगों को संविधान के प्रावधान नहीं पता हैं. जेपी नड्डा ने सवाल किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया कांग्रेस, सोनिया और राहुल इस बात का जवाब दें कि मोहब्बत की दुकान के नाम पर सनातन धर्म के खिलाफ नफरत का सामान क्यों बेचा जा रहा है.